


www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई न. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 | 30 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 317, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025 की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

एसजेवीएन SJVN

## विद्युत उत्पादन से राष्ट्र का सशक्तिकरण




एक सतत् एवं समावेशी भविष्य के लिए हमसे जुड़ें।
आइए मिलकर प्राकृतिक ऊर्जा को अपनाएं, नवाचार को आगे बढ़ाएं
और एक उज्ज्वल, हरित भविष्य का निर्माण करें।

**पंजीकृत कार्यालय** : शक्ति सदन, कारपोरेट ऑफिस काम्पलैक्स, शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)

**सम्पर्क कार्यालय** : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

**एसजेवीएन लिमिटेड**
**SJVN LIMITED**
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
**'एक नवरत्न सीपीएसई'**

www.sjvn.nic.in | @Sjvnlimited | @Sjvnlimited | @sjvnlimited

## न्यूज ब्रीफ

### जेपीसी में सदस्य बने अनुराग सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को 130वें संविधान संशोधन विधेयक 2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन बिल 2025 और संघ शासित प्रदेशों की सरकार संशोधन विधेयक 2025 की जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। संसद की संयुक्त समिति में कुल 31 सदस्य हैं, जिनमें विपक्ष के चार, भाजपा के 15, एनडीए के 11 और एक नामित सदस्य शामिल है। सदस्यों की सूची में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 लोग शामिल हैं। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अनुराग ठाकुर संसद की स्टील, कोल व खनन मामलों की संसदीय समिति के चेयरमैन व संसद की लोक लेखा समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों की बस को किया रवाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा निदेशालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिमला में 14 नवंबर से 16 नवंबर तक चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बच्चों के लिए राज्य स्तरीय खेलकूद एवं संस्कृति प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बाल आश्रम सुजानपुर के 13 बच्चे भाग लेंगे। डीसी अमरजीत सिंह ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट दर्जा प्राप्त बाल आश्रम सुजानपुर के बच्चों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बच्चों को प्रतियोगिता में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी घमन लाल शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप चौहान, अधीक्षक बाल आश्रम सुजानपुर प्रदीप चौहान उपस्थित रहे।

### बिझड़ी स्कूल की लाइब्रेरी हुई डिजिटल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में लाइब्रेरी डिजिटल हो गई है। इससे बच्चों को अब आगामी कॉम्पिटेटिव एक्जामों की तैयारी के लिए बेहतरीन सुविधा उपलब्ध होगी। यह जिला हमीरपुर और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह लाइब्रेरी स्कूल लाइब्रेरी के साथ-साथ पब्लिक लाइब्रेरी भी है। इसमें लगभग 60 के करीब बच्चे रजिस्टर्ड हो चुके हैं। इसमें से में कुछ बच्चे सरकारी क्षेत्र में अलग-अलग विभागों में अच्छी-अच्छी पोस्टों पर कार्यरत हो चुके हैं। वर्तमान में प्रतिदिन 26 के करीब बच्चे अलग-अलग क्षेत्रों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यहां पर बिझड़ी ब्लॉक की लगभग 12 पंचायत के बच्चों को पठन-पाठन की सुविधा मिल रही है विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री देवेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल प्रशासन और पुस्तकालय प्रभारी रचना पटयाल के प्रयासों से आगामी समय में इसे और बड़े स्तर पर ले जाया जाएगा, ताकि क्षेत्र के और बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समझाया

**शशि सोलन, अनंत ज्ञान, नादौन।** होम गार्ड्स की दसवीं बटालियन नादौन अमतर ने भूकंप व दुर्घटनाओं को लेकर आर्या पब्लिक स्कूल भरमोटी में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इसमें कंपनी कमांडर प्रीतम चंद ने बच्चों को भूकंप के दौरान कैसे अपने आप को व दूसरों को बचाएं तथा सड़क दुर्घटनाओं के समय कैसे पीड़ितों की सहायता की जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने बारे जागरूक किया गया कि वे अपने परिजनों आस पड़ोसियों को बताएं कि दो पहिए वाहन चलाते समय हेल्मट अवश्य लगाएं। इस अवसर पर हवलदार गोल्डी और गृह रक्षक जोगिंदर सिंह उर्फ जिंदू ने भी विद्यार्थियों व स्कूल कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका शिखा चौहान ने होम गार्ड कमांडर व कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

### डीए देने के लिए सरकार का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एचपीडब्ल्यू पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक नादौन में संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स की मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा 3 प्रतिशत डीए जारी करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया गया। साथ ही रोष प्रकट किया गया कि सरकार ने पेंशनरों को 4 प्रतिशत डीए की बजाए 3 प्रतिशत ही दिया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने की। इसमें एसोसिएशन के चीफ पैटर्न पीडी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, कैशियर यशपाल राणा, प्रेस सचिव सुभाष बस्सी के अलावा रविंद्र पुरी, बेली राम जसवाल, नानक चंद, मोती राम, प्रकाश चौहान आदि ने भाग लिया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रेस सचिव सुभाष बस्सी ने बताया कि बैठक में तीन प्रतिशत डीए जारी करने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया तथा सरकार से आग्रह किया गया कि पेंशनर्स की लंबित मांग 13 प्रतिशत डीए और मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए।

### बस रूट को वाया जंदराणा ब्याड़ करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की हमीरपुर से जालंधर बस रूट को वाया जंदराणा, ब्याड़ करने पर स्थानीय लोगों ने हमीरपुर निगम का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों भगवान दास शर्मा, देशराज शर्मा, जुल्फी राम शर्मा, राहुल शर्मा, दिनेश व्यास सहित अन्य ने पथ परिवहन हमीरपुर डिपु का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमीरपुर-जालंधर बस वाया मसियाणा, गलोड़, सीधे सलौनी होकर निकलती थी, जिससे उनके गांवों को इसकी सुविधा नहीं मिल रही थी। ग्रामीणों ने इस रूट को वाया जंदराणा ब्याड़ होकर करने की मांग हमीरपुर डिपो से उठाई थी, जिस पर अब इस बस के रूट को बदला गया है। इस रूट के जंदराणा ब्याड़ होने से लोगों को सीधी बस सुविधा मिल रही है। लोगों का कहना है कि यह बस हमीरपुर से जालंधर के लिए जंदराणा ब्याड़ होकर निकल रही है, लेकिन इसका वापसी का रूट पुराना ही है, जिसके चलते इसके वापसी रूट को भी जंदराणा ब्याड़ से ही किया जाए, ताकि लोगों को जाने के साथ आने की भी सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने डिपो प्रभारी से आग्रह किया है कि लोगों की मांग व जरूरत को देखते हुए इसके वापसी रूट को भी बदला जाए।

### रन फॉर यूनिटी पदयात्रा में 700 कार्यकर्ता लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'यूनिटी मार्च - एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने की। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन और आयोजन से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। यह ऐतिहासिक पदयात्रा 14 नवम्बर 2025 को सायं 4:00 बजे बड़सर चौक से गारली चौक तक आयोजित की जाएगी। इसे सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनुराग ठाकुर उपस्थित रहेंगे। मंडल दटवाल से लगभग 700 कार्यकर्ता इस पदयात्रा में भाग लेंगे और 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### विशेष बच्चों ने किया एसपी कार्यालय का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल के विशेष बच्चों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से वीरवार को एसपी कार्यालय हमीरपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पहचान विशेष स्कूल के शिक्षक 27 विशेष बच्चों को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां बच्चों ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसपी कार्यालय के अधिकारियों ने बच्चों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें पुलिस के दायित्व, नियम-कानून तथा समाज में पुलिस की भूमिका के बारे में सरल शब्दों में बताया। साथ ही बच्चों को डी सी ऑफिस में रिफ्रेशमेंट दी गई, वहां बच्चे उपायुक्त अमरजीत सिंह से मिले और उन्हें बताया कि पुलिस हमारी सहायता कैसे करती है। इस दौरान पहचान स्पेशल स्कूल की अध्यक्षा चेतना शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विशेष बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

### हमीरपुर ने राज्य स्तर पर जीतीं 16 ट्रॉफियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशक हमीरपुर कमल किशोर भारती ने बताया कि अंडर-14 लड़कों और लड़कियों ने खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर 16 ट्रॉफियां जीती हैं। ताइक्वांडो, जूडो, फुटबॉल, योगा, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और वन ऐक्ट प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। वहीं बास्केटबॉल, खो-खो और योगा में लड़कों ने द्वितीय और जूडो व हैंडबॉल में लड़कियों ने तृतीय स्थान हासिल किया। उपनिदेशक ने सभी उपलब्धियों का श्रेय विजेता बच्चों, सहयोगी अधिकारियों और जिला स्तर के शारीरिक शिक्षा अध्यापकों की मेहनत को दिया, जिनकी कड़ी मेहनत से यह सफलता संभव हुई।

### बीए की छात्रा अंजलि का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजलि का भव्य स्वागत किया गया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान ग्रहण कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा उप्पल ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। उन्होंने छात्रा के माता-पिता को इस अवसर पर बधाई देते हुए अंजलि के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एनआईटी में रिक्रूटमेंट गड़बड़झाले की जांच पर 'आंच'!

## बर्खास्त डायरेक्टर यादव का मामला, 4 साल बाद अब सेवानिवृत्त चीफ जस्टिस कर रहे जांच

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हमीरपुर।** यहां स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में हुए रिक्रूटमेंट गड़बड़झाले की जांच लंबे समय के बाद अब एक बार फिर शुरू हुई है, लेकिन जिन बर्खास्त डायरेक्टर के क्रियाकलापों की जांच बहुत पहले मुकम्मल हो जानी चाहिए थी, वह 4 साल के अंतराल के बाद अब जिस तरीके से शुरू हुई है, क्या उस जांच पर आंच नहीं आएगी यह सवाल चर्चा में है।

कारण यह है 'फैक्ट फाइंडिंग' कमेटी ने करीब 3 साल पहले सभी तथ्यों सहित मिनिस्ट्री को गड़बड़ झाले की सारी रिपोर्ट दे दी थी। मगर उसके बाद यह ठंडे बस्ते में डाल दी गई थी। अब करीब 4 महीने पहले इसका प्रोसेस शुरू किया गया। संबंधित को चार्जशीट भेजी गई। पिछले सप्ताह इस संस्थान में जांच कमेटी ने पूछताछ की। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने जो तथ्य दिए थे, उन पर दोनों पक्षों में बयान दर्ज हुए हैं। कागजात भी रिकॉर्ड के लिए गए हैं। करीब तीन दिन इस कमेटी के प्रमुख हाई कोर्ट से सेवा निवृत्त चीफ जस्टिस संस्थान में आए थे और जिन लोगों ने आरोप लगाए थे वे भी तथ्यों सहित पेश हुए। सूत्रों के मुताबिक कमेटी ने जब यह सारी कार्रवाई की तो बर्खास्त डायरेक्टर को भी ऑनलाइन लिया गया था। अब यह कमेटी तथ्यों की फिर से जांच करेगी लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि गड़बड़ियों को लेकर जिन बर्खास्त डायरेक्टर को इस संस्थान से वापस भेजा गया था उसके खिलाफ आज दिन तक कार्रवाई नहीं हुई लंबा समय बीत गया। हैरानी इस बात की है की 70 से 80 लोगों की इस संस्थान में उस समय 'रिक्रूटमेंट' हुई थी। उनमें से बहुतों को प्रमोट भी कर दिया गया। सिलेक्शन प्रोसेस को लेकर यहां तब गड़बड़ झाला हुआ था। इस आधार पर तत्कालीन डायरेक्टर को मिनिस्ट्री ने हटा दिया था।

इस संस्थान को उनके कार्यकाल के दौरान बहुत नुकसान हुआ। इसकी रैंकिंग बहुत नीचे चली गई। जिसकी बड़े स्तर पर चर्चा हुई। इसका कामयाजा अभी तक इस संस्थान को भुगतना पड़ा है। संदेह के दायरे में रिक्रूटमेंट हुई थी और फेक्ट फाइंडिंग कमेटी ने उसके तथ्य भी जांच में निकले थे, मिनिस्ट्री को भेजे थे। जांच समय पर शुरू होनी थी। उसमें देरी हुई और उसी का फायदा उठाकर रिक्रूट किए गए कईयों को प्रमोशन भी दे दी गई। उससे संस्थान की भीतरी व्यवस्था में निराशा भी हुई। जिसका खामियाजा यहां की फैकल्टी भी भुगत रही है। अब जब वर्ष 2022 की रिपोर्ट के आधार पर तत्काल कार्रवाई होनी थी, लेकिन इसमें सालों बीत गए तो मंत्रालय की कार्रवाई पर सवाल तो उठने ही हैं। आखिर कौन है जो संबंधित बर्खास्त डायरेक्टर को बचाने की जद्दोजहद में लगा हुआ है। इस संस्थान की बदकिस्मती यह है कि पिछले 4 साल से यहां रेगुलर अध्यक्ष नहीं है। इसी साल अप्रैल से तो रेगुलर डायरेक्टर के पास से अध्यक्ष की पावर्स भी स्नैच कर ली गई हैं। इसलिए बीओजी की बैठक कब होगी, इसकी इंतजार में महीनों बीत चुके हैं।

कायदे में चार महीनों में एक बार यह बैठक होनी लाजिमी रहती है। संस्थान की रजिस्टर डॉ. अर्चना ननोटी का कहना है कि जांच शुरू है, अभी अंतिम पड़ाव नहीं आया है, लेकिन इसमें क्या कुछ हुआ है। इस बारे में वे ज्यादा कुछ नहीं बता पाएंगी। पिछले सप्ताह यह जांच यहां कैंपस में शुरू हुई थी।

# पांच साल में 491 करोड़ की लागत से 193 कार्य किए: ई. विजय चौधरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पीडब्ल्यूडी वृत्त कार्यालय हमीरपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के मुख्य अभियंता ई. विजय चौधरी ने योजना की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2025 तक जिला हमीरपुर में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कुल 193 कार्य किए गए, जिनमें 166 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। योजना में 181 सड़कें और 12 पुल शामिल हैं, जिनमें से 6 पुलों का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। ई. विजय चौधरी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सभी मौसम वाली सड़कें बनाना, ग्रामीण आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारना और बाजार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच बढ़ाना है। पीएमजीएसवाई ने रोजगार सृजन, किसानों की उपज के बेहतर मूल्य और स्वास्थ्य-शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में 151 सड़कें और 6 पुल बनाए गए, द्वितीय चरण में 9 सड़कें उन्नत की गईं, जबकि तृतीय चरण में 21 सड़कें और 6 पुलों का निर्माण लगभग 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है। चौथे चरण के अंतर्गत 2 नई सड़कें बनाई जाएंगी। साथ ही वर्ष 2016-2022 में 182 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण और 2024-2026 में 30 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। बैठक में अधीक्षण अभियंता ई. दिनकर शर्मा, सहायक अभियंता ई. गुरबीर सिंह और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशानुसार जिले के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास जारी हैं, और ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गई है।

# सीटू के बैनर तले धौलासिद्ध प्रोजेक्ट के मजदूरों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन**



सीटू के बैनर तले धौलासिद्ध प्रोजेक्ट के मजदूर विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

हिमाचल भवन सड़क व अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (संबंधित सीटू) की धौलासिद्ध इकाई ने धौलासिद्ध हाइड्रो प्रोजेक्ट में एक दिन की हड़ताल की, जिसमें लगभग 600 मजदूर शामिल हुए।

मजदूर नेताओं ने एसजेवीएनएल प्रबंधन को चेतावनी दी कि यदि 18 नवंबर तक सर्दी से बचाव के लिए जैकेट, कंबल और दिवाली बोनस का भुगतान नहीं दिया गया, तो अनिश्चित काल के लिए हड़ताल की जाएगी। हड़ताल के दौरान सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, जिला सचिव जोगिंदर कुमार, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, रंजन शर्मा और धौलासिद्ध इकाई के अध्यक्ष नवीन कुमार ने मजदूरों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रितिक कंपनी प्रबंधन मजदूरों को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं दे रहा, जबकि यूनियन के साथ पहले कई समझौते हो चुके हैं। मजदूरों ने सुबह आठ बजे से कंपनी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और रैली निकालकर एसजेवीएनएल कार्यालय के बाहर मोर्चा लगाया। यूनियन ने 10 अक्तूबर को ही रितिक कंपनी और एसजेवीएनएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था, जिसमें ले-ऑफ का भुगतान, दिवाली बोनस और सर्दियों के लिए जैकेट एवं कंबल देने की मांग की गई थी। कंपनी ने न तो मांगों को पूरा किया और न ही बातचीत के लिए बुलाया, जिसके कारण मजदूर हड़ताल पर मजबूर हुए। हड़ताली नेताओं को एसजेवीएनएल प्रबंधन ने बाद में बातचीत के लिए बुलाया और 18 नवंबर तक मांगें पूरी करने का समय दिया। कानून के अनुसार, यदि रितिक कंपनी प्रबंधन मांगें नहीं पूरी करता है, तो उनकी जिम्मेदारी मुख्य नियोक्ता एसजेवीएनएल पर होती है।

# लावारिस गोवंश को लेकर अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर और आस-पास के गांवों में दर्जनों गोवंश सड़कों और किसानों के खेतों में घूमते दिखाई दे रहे हैं। जिनके पास न तो छत है और न ही चारे की उचित व्यवस्था, ये पशु अपने पेट की भूख मिटाने के लिए किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस स्थिति से किसान और आम जनता दोनों ही परेशान हैं। मध्यनजर रखते हुए पशुपालन विभाग नादौन और नगर परिषद नादौन ने संयुक्त अभियान शुरू किया है, ताकि इन पशुओं को पकड़कर कऊ सैंचुरियों और गोशालाओं में भेजा जा सके। वीरवार को वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप पाटिल के नेतृत्व में टीम ने दो सांडों को पकड़कर कऊ सेंचुरी खेरी में भेजा। इस अभियान में नगर परिषद की ओर से सुपरवाइजर अक्षित सोनी, फार्मासिस्ट बलजीत सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी शामिल थे। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी नादौन, डॉ. संदीप पाटिल ने बताया कि प्रयास किया जाएगा कि इन पशुओं को पकड़कर कऊ सेंचुरियों और गोशालाओं में भेजा जाए। उन्होंने जनता से सहयोग देने का आग्रह किया। नगर परिषद नादौन के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने कहा कि इस अभियान में नगर परिषद का पशुपालन विभाग पूर्ण सहयोग करेगा।

# भारत-अमेरिका साझेदारी वैश्विक हित के लिए महत्वपूर्ण: अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी न केवल द्विपक्षीय लाभ, बल्कि वैश्विक हित के लिए भी महत्वपूर्ण है। वह नई दिल्ली में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ संबंधों को नई ऊंचाई दी है। उभरती वैश्विक व्यवस्था में दोनों देशों का साथ आना आवश्यक है, क्योंकि हमारी साझेदारी विश्व शांति, स्थिरता और विकास के लिए अनिवार्य है।' आतंकवाद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद के शिकार रहे हैं, चाहे 9/11 हो या 26/11, हमारा दर्द साझा है। हमें आतंकवाद के खिलाफ साझा वैश्विक रणनीति बनानी होगी।' ऊर्जा सहयोग पर उन्होंने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में स्वच्छ और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अमेरिका के साथ मिलकर नई दिशा तय करेगा। भारत और अमेरिका साथ मिलकर विज्ञान, मानवता और भविष्य के लिए नए मील के पत्थर स्थापित कर सकते हैं।




# जाइका कृषि परियोजना ने हार्वेस्टिंग फाउंडेशन के साथ किया एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश जेआईसीए कृषि परियोजना ने वीरवार को सोलन और मंडी परियोजना प्रबंधन जिलों में एफपीओएस के गठन और कृषि-व्यवसाय संबंधों को मजबूत करने के लिए दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

राज्य परियोजना प्रबंधक इकाई के परियोजना उपनिदेशक डॉ. राजेश ने जिला परियोजना प्रबंधक इकाई, सोलन में समझौता ज्ञापन समारोह की अध्यक्षता की और परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान का आशीर्वाद संदेश दिया। हार्वेस्टिंग फाउंडेशन के सीईओ रुचित गर्ग ने फाउंडेशन की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जबकि डॉ. राजेंद्र ठाकुर और डॉ. एचआर वर्मा, क्रमशः सोलन और मंडी के जिला परियोजना प्रबंधक ने जाइका कृषि परियोजना की ओर से हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित अन्य लोगों में सुदर्शन सूर्यवंशी संस्थागत विशेषज्ञ एफपीओ, डॉ. नरदेव ठाकुर-पोस्ट हार्वेस्ट एवं प्रसंस्करण विशेषज्ञ, आईईसी विशेषज्ञ सुशील कुमार शर्मा, डीपीएमयू, सोलन के किसान, बीपीएम सोलन डॉ. युवराज, बीपीएम नाहन डॉ. पवन, एओ डॉ. ऐश्वर्या, कृषि विशेषज्ञ डॉ. तन्वी सूद और हिमानी शामिल थे। डॉ. राजेश ने अपने संबोधन में किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए शक्तिशाली संबंध बनाने हेतु राज्य सरकार और परियोजना द्वारा किए गए ठोस प्रयासों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि डॉ. सुनील चौहान व्यापक कृषि-व्यवसाय संबंधों के माध्यम से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को एक साथ लाने के लिए नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। उपस्थित किसानों ने एफपीओ के गठन और इससे उन्हें कैसे लाभ होगा, इस बारे में अपनी शंकाओं को दूर किया। डॉ. गर्ग ने किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान किया और कृषक समुदायों के कल्याण के लिए हार्वेस्टिंग फाउंडेशन की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

# अनुराग ठाकुर करेंगे हिमाचल के विभिन्न जिलों का दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के महामंत्री अजय रिंटू और राजेश सहगल ने जानकारी दी कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर 14 और 15 नवंबर को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे और कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 14 नवंबर को वे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस से सुबह 8.30 बजे पहुंचेंगे और सड़क मार्ग से सोलन जिले के कुरावाला में 63वीं हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके बाद वे ऊना और बड़सर विधानसभा क्षेत्रों में 'पद यात्रा' में शामिल होंगे। 15 नवंबर को अनुराग ठाकुर धर्मपुर विधानसभा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि होंगे, भोरंज विधानसभा के गगहेड़ी गांव में सामुदायिक विश्राम गृह और पार्क का उद्घाटन करेंगे और गगरेट विधानसभा के दौलतपुर में 'पद यात्रा' में भाग लेंगे। अजय रिंटू व राजेश सहगल ने बताया कि यह दौरा उनके सतत जनसंपर्क और विकास कार्यों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# हमीरपुर कॉलेज इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार चैंपियन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में आयोजित राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन स्पर्धा में सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल डिग्री कॉलेज हमीरपुर की टीम ने एक बार फिर अपने शानदार खेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार विजेता का ताज अपने नाम किया। यह ऐतिहासिक जीत कॉलेज के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है।

टीम में शामिल खिलाड़ी शिवांश, प्रणव चंदेल, यश विशिष्ठ और आर्य मेहता सभी अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने अनुभव और प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध हैं। टूर्नामेंट के दौरान इन खिलाड़ियों ने धुआंधार प्रदर्शन करते हुए एक भी मैच नहीं हारा। सेमीफाइनल मुकाबले में हमीरपुर कॉलेज की टीम ने संजौली कॉलेज को सीधे सेटों में पराजित किया, जबकि फाइनल मैच में कोटेशेरा कॉलेज के खिलाफ शानदार रणनीति और तेज रैकेट कौशल का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक जीत हासिल की। पूरे टूर्नामेंट में टीम की फुर्ती, संयम, और आपसी तालमेल देखने के काबिल रहा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश सोनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह शानदार सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल हमारे कॉलेज के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन और स्टाफ का निरंतर सहयोग टीम की प्रेरणा का प्रमुख कारण रहा। कॉलेज परिसर में खिलाड़ियों के विजयी लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोषों के बीच विजेता टीम का अभिनंदन किया।



# पंचायतीराज चुनावों में जमानत राशि वृद्धि का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला राजपूत महासभा ने सरकार द्वारा पंचायती राज चुनावों में जमानत राशि वृद्धि पर कड़ा विरोध जताया है। महासभा का कहना है कि सामान्य वर्ग की जमानत राशि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की तुलना में दोगुनी कर दी गई है, जिससे भेदभाव और विषमता पैदा हुई है। महासभा के अध्यक्ष अजमेर ठाकुर, महासचिव जोगिंदर ठाकुर, महिला विंग अध्यक्षा वीना कपिल सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि वार्ड पंच, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य के लिए यह वृद्धि असमान और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि सभी वर्गों के लिए समान जमानत राशि तय की जाए तो सरकार को भी नुकसान नहीं होगा और जातिगत भेदभाव समाप्त होगा। महासभा ने सरकार से आग्रह किया कि इस निर्णय को बदलकर जमानत राशि में या तो समानता लाई जाए या इसे आर्थिक आधार पर तय किया जाए। महासभा ने स्पष्ट किया कि वह जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाली किसी भी नीति का विरोध करती रहेगी।

### सुनील शर्मा ने छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा (बिट्टू) ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय की प्रधानाचार्य भारती कोंडल ने मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने लक्ष्य केंद्रित तथा संस्कारपूर्ण शिक्षा को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर सुमन भारती ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### आईएचएम में प्लेसमेंट व प्रतियोगिताओं का दौर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्लेसमेंट का दौर शुरू हो गया है। वर्ष 2023-26 बैच के छात्रों का साक्षात्कार ताज होटल ग्रुप, ओबेरॉय होटल और अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों में लिया जा रहा है। ओबेरॉय होटल ने 6 छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। संस्थान में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। हाल ही में 'बडिंग शैफ प्रतियोगिता सीजन-2', निबंध लेखन, लघु फिल्म व नारा लेखन प्रतियोगिताएं हुईं। छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए, जिनमें प्रियांशु शर्मा व सागर वीका ने शिमला में पाक कला प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के विकास और प्लेसमेंट में मददगार हैं। यही कारण है कि आईएचएम हमीरपुर की प्लेसमेंट दर हर साल 100 प्रतिशत बनी रहती है और इस बार भी छात्रों को व्यापक रोजगार अवसर मिल रहे हैं।

### टीजीटी भर्ती परीक्षा 15 दिसंबर से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने टीजीटी के पदों को भरने के लिए डीबीटी के माध्यम यानी कंप्यूटर बेस टेस्ट परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। आयोग के सचिव विक्रम महाजन के मुताबिक टीजीटी मेडिकल की पोस्ट कोड 25002 परीक्षा 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित होगी। जबकि नॉन मेडिकल की परीक्षा पोस्ट कोड 25003 के तहत 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित रहेगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए आयोग की वेबसाइट httpsÑ/hprca.hp.gov.in पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले लिंक का प्रावधान किया जाएगा। जिससे कि अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर / एडमिट कार्ड डाउनलोडकर पाएंगे। रोल नम्बर व परीक्षा केन्द्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। सचिव ने यह अभी बताया कि अभ्यर्थी अपने रोल नम्बर / एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए समय-समय पर आयोग की वैबसाइट, एसएमएस व ईमेल आईडी का स्टेटस चैक करते रहें।

### पुलिस की मासिक कल्याण व अपराध समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा वीरवार को पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मासिक संयुक्त कल्याण समिति की बैठक ऑनलाइन वर्चुअल मोड में आयोजित की गई। इसके बाद पुलिस लाईन्स दोसड़का के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कल्याण समिति की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, सुझावों और मांगों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया और प्राथमिकता के अनुसार उनका निपटारा किया गया। स्वास्थ्य, कार्यस्थल की सुविधाएं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। मासिक अपराध समीक्षा बैठक में जिले में दर्ज सभी मामलों, लंबित अभियोगों, नशा तस्करी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। थाना एवं चौकी प्रभारियों को सर्दी के मौसम में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों को निष्ठा, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ निभाने का आह्वान किया, ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना बढ़ सके।

### बाहुल गांव में किया जनसमस्याओं का समाधान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर एक नवंबर से 15 नवंबर तक मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत डाडू के गांव डाडू में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ इस अनुसूचित जनजाति बाहुल गांव में जाकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश जनसमस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया। कार्यक्रम के दौरान गांववासियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और देश के लिए उनके योगदान का स्मरण भी किया गया।

### नहलों ने जयराम को भी कर दिया पथभ्रष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने आरोप लगाया कि हमीरपुर में बीते रोज एक तथाकथित गैर-राजनीतिक संस्था के बैनर तले राजनीति का नंगा नाच देखने को मिला। मंच पर वही चेहरे थे, जिन्होंने पहले कांग्रेस छोड़कर करोड़ों की डील कर राजनीतिक सौदेबाजी की और अब तथाकथित सेवा के नाम पर बदमाशों जैसी भाषा में मंच से धमकियां दीं। इन तथाकथित नेताओं ने कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और मीडिया को भी अभद्र भाषा व जनसेवकों को खुलेआम धमकाते हुए कहा कि जब हमारी सत्ता आएगी, तब हम देख लेंगे। यह मानसिकता न केवल लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है, बल्कि हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय राज्य की संस्कृति के विपरीत भी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी इन लोगों की भ्रामक राजनीति में फंस गए और मंच से इनकी बातें स्वीकार करते हुए दिखाई दिए। यह भी आश्चर्यजनक है कि वही नेता, जो महिलाओं के सम्मान की बातें करते नहीं थकते, वही मंच पर बुजुर्गों और पुरुषों का अपमान कर रहे हैं।

### भोरंज के विधायक सुरेश ने जाहू बस अड्डा व ग्रामीण जल समस्या का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ जाहू बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने बस अड्डे की मरम्मत, पानी निकासी व सीमेंट के पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। लगभग 56 लाख रुपएकी राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, विधायक ने भोरंज के बगवाड़, सासन व उखलसूहा गांवों में पेयजल समस्या का निरीक्षण कर जल शक्ति विभाग को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। मौके पर स्थानीय अधिकारी और पूर्व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 23 अधि |


बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,478 |
| निफ्टी | 25,879 |

सोना 1,26,124 चांदी 1,63,808

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 | 30 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 317, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### देश में 6 करोड़ मृतकों के आधार कार्ड एक्टिव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में जनवरी 2009 में आधार कार्ड लागू हुआ था। अब तक 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी हुए, लेकिन 8 करोड़ से ज्यादा धारकों की मौत के बावजूद 1.83 करोड़ कार्ड ही निष्क्रिय हो पाए हैं। करीब 6 करोड़ मृतकों के आधार अभी सक्रिय हैं। पश्चिम बंगाल में लगभग 34 लाख आधार कार्ड धारकों की मौत हो चुकी है। हालांकि, उनके आधार कार्ड अब भी एक्टिव हैं। इससे बैंक फ्रॉड, फर्जी खातों और सरकारी योजनाओं के लाभ में गड़बड़ी जैसी आशंकाएं बढ़ गई हैं। यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सीईओ भुवनेश कुमार के मुताबिक भारत के महापंजीयक से अब तक 1.55 करोड़ मृतकों का डेटा मिला है। नवंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 38 लाख और मृतकों की सूची जुड़ी। इनमें 1.17 करोड़ की पहचान पुष्ट हुई है और उनके आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में 15 फरवरी से पहले होंगे आम चुनाव

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद यह पहला आम चुनाव होगा। जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह भी संसदीय चुनावों के समय आयोजित किया जाएगा। जुलाई चार्टर' यूनुस की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय सर्वसम्मति आयोग (नेशनल कंसेंसस कमीशन) ने तैयार किया गया है, जिसमें 84 सुधार प्रस्ताव शामिल हैं। यह चार्टर कई दलों से चर्चा के बाद तैयार किया गया, लेकिन इसमें पदच्युत प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को शामिल नहीं किया गया था। हालांकि बीएनपी ने शुरू में जनमत संग्रह पर आपत्ति जताई थी, बाद में उसने इसे चुनाव के साथ कराने का सुझाव दिया। वहीं, जमात-ए-इस्लामी और कुछ अन्य इस्लामी दल चाहते हैं कि जनमत संग्रह चुनाव से पहले कराया जाए। (अनंत ज्ञान)

### बिहार विस चुनाव का आज निकलेगा रिजल्ट

**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर यानी आज निकलेगा। बिहार के सभी 38 जिलों में स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। किसी विशेष स्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश पर समय में परिवर्तन किया जाएगा। काउंटिंग की शुरुआत बैलेट पेपर और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम से होगी। इसके आधे घंटे बाद ईवीएम की गिनती शुरू होगी। फिर दोनों साथ चलता रहेगा। लेकिन, जब तक बैलेट पेपर की गिनती पूरी नहीं हो जाती तब तक ईवीएम की गिनती खत्म नहीं की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कृषि विभाग ने निजी सर्वेयरों की भर्ती प्रक्रिया की शुरू पेज-4
- कांगड़ा-चंबा जिले में 40 करोड़ रुपए के बिजली बिल पेंडिंग -पेज 5
- गोबिंदसागर की खूबसूरती पर पुडुचेरी के पत्रकार फिदा -पेज 6
- धर्मपुर में दर्जनों बस रूट महीनों से बंद, लोग परेशान -पेज 9
- सरकारी योजनाओं, मेहनत से बदली रही कुल्लू के किसानों की तकदीर -पेज 11


# दावा : तुर्किये से रची गई थी दिल्ली ब्लास्ट की प्लानिंग

## विदेशी हैंडलर के संपर्क में थे आतंकी, सेशन ऐप से मिल रहे थे निर्देश

**एजेंसी, दिल्ली**

दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्किये की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन ऐप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं, बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। (अनंत ज्ञान)



### तुर्किये ने किया खंडन

**तुर्किये** ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्किये के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्किये सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

### लुधियाना में ग्रेनेड हमले के मॉड्यूल का खुलासा, 10 आईएसआई एजेंट गिरफ्तार

**एजेंसी, लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित ग्रेनेड हमले मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के 10 बड़े गुर्गों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी मलेशिया में स्थित तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड को भारत पहुंचाया जा सके। हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए एक आबादी वाले क्षेत्र में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था। वहीं, पाकिस्तान के लांच पैड पर करीब 120 आतंकियों की मौजूदगी बताई जा रही है। ये भी घुसपैठ के लिए तैयार बैठे हैं। घाटी में मौजूद आतंकियों की बात करें तो उनमें 60 विदेशी यानी पाकिस्तानी हैं, जबकि लोकल आतंकी केवल सात बताए जा रहे हैं।

**पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे सभी**

# सरकार ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम सुक्खू

## कहा- शिक्षा क्षेत्र में सुधारों से हिमाचल पांचवें स्थान पर पहुंचा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपता राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल।

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ऐसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां सुधार की हर पहल सीधे बच्चों के जीवन को प्रभावित करती है और इसी जिम्मेदारी के तहत सरकार व्यापक परिवर्तन लागू कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के समय हिमाचल प्रदेश शिक्षा गुणवत्ता में देश में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान सरकार के सतत प्रयासों से अब राज्य पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे सरकार, शिक्षकों और पूरे शिक्षा विभाग की सामूहिक उपलब्धि बताया। सुक्खू ने कहा कि पूर्व सरकार द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए खोले गए कई स्कूलों को बंद करना पड़ा, क्योंकि वे व्यावहारिक आधार पर उचित नहीं थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पहले चरण में 100 स्कूलों को सीबीएसई आधारित बनाने की प्रक्रिया तेज की गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष पूरे प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है और छात्रों को अपनी स्मार्ट यूनिफॉर्म स्वयं चुनने की छूट दी गई है। हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

### सुक्खू सरकार के पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का बड़ा बयान

# कुलदीप राठौर कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से चल रही अध्यक्ष बदलाव की चर्चा अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व द्वारा छह दावेदार नेताओं से वन-टू-वन बातचीत के बाद पार्टी में नए प्रदेशाध्यक्ष के नाम को लेकर सियासी तापमान और चढ़ गया है। इसी माहौल के बीच ठियोग में सुक्खू सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सार्वजनिक मंच से ऐसा बयान दिया, जिसने कांग्रेस की राजनीति में हलचल और तेज कर दी है। ठियोग की जैस पंचायत प्रांगण में विकास कार्यक्रमों के शुभारंभ के दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुलदीप सिंह राठौर पहले भी संगठन को मजबूती से संभाल चुके हैं और आगे भी वही प्रदेशाध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने सभा में कहा कि सुबह की बातचीत में उन्होंने स्वयं राठौर को अध्यक्ष जी कहकर संबोधित किया। उनके इस बयान के बाद राठौर के समर्थकों में उत्साह और प्रदेश राजनीति में नई चर्चा छिड़ गई है। कार्यक्रम में राठौर स्वयं भी मौजूद थे। कांग्रेस हाईकमान द्वारा प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा देने की कवायद पिछले कई महीनों से जारी है। बताया जा रहा है कि रोहित ठाकुर, विनय कुमार, आशीष बुटेल, विनोद सुल्तानपुरी और सुरेश कुमार सहित छह नेताओं से दिल्ली में विस्तार से बातचीत की जा चुकी है। इन नेताओं के अनुभव, भविष्य की रणनीति और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रस्तुत विजन को समझने के बाद अब हाईकमान किसी भी समय नया अध्यक्ष घोषित कर सकता है।

### मजबूत दावेदारी की वजह राठौर का पुराना अनुभव

**कुलदीप** राठौर पहले भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं और संगठन के भीतर संतुलित, संवादशील और जमीनी नेतृत्व के रूप में पहचाने जाते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हाईकमान प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए अनुभवी और सभी गुटों में स्वीकार्य चेहरे पर दांव खेलने के मूड में है। मंत्री के मंच से दिए बयान ने राठौर की दावेदारी को और मजबूत बना दिया है।



## न्योमा एयरबेस फिर से शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस फिर से शुरू हो गया है। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा भी थे। न्योमा एयरबेस 13,710 फुट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा (एलएसी) से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवंबर को इसे दोबारा खोला गया है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर के एसएचओ को गाड़ी से कुचलने का प्रयास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर में वीरवार सुबह प्रभारी थाना सदर हमीरपुर निरीक्षक कुलवंत सिंह पर एक ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इससे, एसएचओ के पांव में हल्की चोट आई है। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो लोग अभी फरार बताए जा रहे है।

पुलिस टीम नशा तस्कर को पड़कने के लिए नाके पर थी। ड्राइवर ने जब गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और रोकने पर नहीं रुका तो एसएचओ ने गाड़ी के टायर पर तीन राउंड फायर किए। इससे गाड़ी का एक टायर पंक्चर हो गया, मगर वह फिर भी पंक्चर टायर से वहां से फरार हो गया। गाड़ी में दो से तीन लोग सवार थे। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुगनेहडी में सुबह 8 बजे नाका लगाया। इस दौरान पुलिस ने जब एचपी -01- ॥-3516 आल्टो कार को रोका, तो ड्राइवर नहीं रुका। उसने पहले गाड़ी बेक करने का प्रयास किया। पीछे पुलिस जवान खड़ा था। एसपी ने बताया कि बैक करते वक्त उसकी गाड़ी पीछे पैराफिट से टकराई। फिर उसने गाड़ी आगे की तरफ भागने की कोशिश की। सड़क पर एक साइड में पुलिस की गाड़ी थी। दूसरी साइड में एसएचओ खड़े थे। इसके बाद ड्राइवर ने एसएचओ को हिट करने की कोशिश की। इससे गाड़ी का एक टायर एसएचओ के पांव के उपर चढ़ गया।

**ड्राइवर ने नहीं रोकी कार थाना प्रभारी ने की फायरिंग एक गिरफ्तार, दो फरार**

## पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं, 7 की मौत

**एजेंसी, पुणे।** पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक और कंटेनर के बीच में फंसी एक कार में आग लग गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 कार सवार थे। ट्रक और कंटेनर के ड्राइवरों की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनरों के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। सीएम फडणवीस ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

**मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की सहायता**

# चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। अटैच की गई संपत्तियों में 364 आवासीय प्लॉट और कृषि भूमि के टुकड़े शामिल हैं। इनकी कीमत 59.96 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 1.24 करोड़ रुपए की चल संपत्तियां बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट भी जब्त की गई हैं। शराब घोटाला मामले में अब तक कुल 276 करोड़ की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)



**छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम के बेटे के खिलाफ ईडी का तगड़ा एक्शन**

### शराब घोटाले से 2500 करोड़ की अवैध कमाई

**ईडी** ने यह जांच एसीबी ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में पता चला कि इस घोटाले से राज्य सरकार के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2500 करोड़ रुपए की अवैध कमाई का खेल चला। ईडी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है कि चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के सर्वोच्च स्तर पर था। उसकी स्थिति और राजनीतिक प्रभाव के कारण वही पूरे नेटवर्क का नियंत्रक और फैसले लेने वाला व्यक्ति था।

## टीएमसी नेता मुकुल की विधायकी रद्द

**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने वीरवार को दलबदल विरोधी कानून के तहत तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय की पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी। हाईकोट के जस्टिस देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक अंबिका रॉय की याचिकाओं पर यह फैसला दिया है। अधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष बनर्जी के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें रॉय को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा के टिकट पर निर्वाचित होने के बाद मुकुल रॉय सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)






**खुशखबरी** रेलवे के अंबाला प्रबंधक ने वाणिज्य विभाग को दिए किराया तय करने के निर्देश

# कालका-शिमला रूट पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में आने वाले देश-विदेश के सैलानियों के लिए खुशखबरी है। विश्व धरोहर कालका-शिमला रूट पर अब विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। हर साल सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने इस बार पहले से तैयारी शुरू कर दी हैं।

यात्रियों की बढ़ती वेटिंग लिस्ट और पैकेज टूर की मांग को देखते हुए अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने वाणिज्य विभाग को विशेष निर्देश जारी किए हैं, ताकि समय रहते किराया तय कर इन ट्रेनों को शुरू किया जा सके।



### टूरिस्ट पैकेज ट्रेनों के संचालन की भी तैयारी

**रेलवे** विभाग 'झरोखा' और अन्य टूरिस्ट पैकेज ट्रेनों के संचालन की तैयारी भी कर रहा है, ताकि सैलानियों को फुल पैकेज ट्रिप की सुविधा मिल सके। इन ट्रेनों में विशेष कोच होंगे जिनमें भोजन, गाइड और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी।

### इस साल 30% ज्यादा सैलानी आने की उम्मीद

**हर** साल दिसंबर से जनवरी के बीच शिमला और कालका के बीच टॉय ट्रेन की सवारी देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती है। रेलवे को उम्मीद है कि इस साल सैलानियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में 25-30% अधिक रहेगी। अनुमान है कि नववर्ष के आसपास शिमला में बर्फबारी हो सकती है, जिसके चलते सैलानियों की संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। आने वाले दिनों में यात्रियों के लिए कंफर्म सीटें मिलना मुश्किल हो सकता है। इसी कारण रेलवे ने विशेष ट्रेनों और अतिरिक्त कोच लगाने की रूपरेखा तैयार कर ली है।

### अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की है मांग : एनके झा

**वरिष्ठ** वाणिज्य प्रबंधक एनके झा ने बताया कि मुंबई, गोवा, गुवाहटी और दक्षिण भारत से आने वाले यात्रियों की ओर से लगातार आग्रह किया जा रहा है कि बढ़ती वेटिंग लिस्ट को देखते हुए अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएं। एनके झा ने बताया कि मौसम में परिवर्तन के साथ सैलानियों की भीड़ बढ़ रही है। रेलवे का लक्ष्य है कि किसी यात्री को असुविधा न हो। इसलिए विशेष ट्रेनों और अतिरिक्त कोच लगाने की तैयारी की जा रही है, ताकि लोग बर्फबारी का आनंद बिना परेशानी के उठा सकें।



अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के उपलक्ष पर बुधवार को आयोजित विशेष समारोह में 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र के रामपुर बुशहर एवं कुमारसैन क्षेत्र के विशेष संवाददाता आत्मा सिंह को निर्भीक, निष्पक्ष और जनसरोकारों पर केंद्रित पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

## शिमला में नाबालिगा से दुष्कर्म का मामला हुआ उजागर, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। दो दिन पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में जांच हुई, जिसमें लड़की के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पीड़िता ने बताया कि चार महीने पहले जुन्गा क्षेत्र का युवक उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। परिवार ने ढली थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश जारी है। पीड़िता चिकित्सकीय देखरेख में है।

# आयुष विभाग 12 आयुर्वेदिक अस्पतालों में शुरू करेगा पंचकर्मा तकनीशियन पाठ्यक्रम

## स्वास्थ्य, पर्यटन को बढ़ावा और युवाओं को मिलेगा रोजगार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य और चिकित्सा पर्यटन को नई दिशा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अगले शैक्षणिक सत्र से 12 आयुर्वेदिक अस्पतालों में एक वर्षीय पंचकर्मा तकनीशियन पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

सरकार का मानना है कि केरल की तर्ज पर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करने से प्रदेश में स्वास्थ्य पर्यटन को मजबूत आधार मिलेगा और आयुर्वेदिक उपचारों की बढ़ती मांग को भी पूरा किया जा सकेगा। जानकारी के अनुसार वर्तमान में पपरोला और छोटा शिमला स्थित आयुर्वेदिक अस्पतालों में इस पाठ्यक्रम के लिए केवल 36 सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद यह संख्या बढ़ाकर कुल 252 की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पपरोला में अब 36 और छोटा शिमला में 24 सीटें होंगी। वहीं, आगामी सत्र से बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सोलन, ऊना, नाहन, नालागढ़, देहरा और रामपुर के जिला एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी यह कोर्स शुरू होगा, जिनमें प्रत्येक में 16 सीटों का प्रावधान किया गया है।

### पंचकर्मा तकनीशियनों का मजबूत समूह होगा तैयार

**सरकार** का लक्ष्य प्रदेश में कुशल पंचकर्मा तकनीशियनों का मजबूत समूह तैयार करना है, ताकि हिमाचल प्रदेश को एक प्रमुख स्वास्थ्य और चिकित्सा पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। बताया गया है कि हिमाचल प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से समृद्ध है और पंचकर्म थेरेपी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने विभाग को प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने और युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## छात्र केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें: विक्रमादित्य सिंह

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में करीब 300 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्र केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि जीवन के व्यावहारिक अनुभवों से सीखकर बेहतर नागरिक बनें। मंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों शिक्षण संस्थान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम से पूर्व विक्रमादित्य सिंह ने सिंगला स्थित श्री सर्वोत्तम शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सड़क, भवन निर्माण और पेयजल जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय लोगों की श्रद्धा और सहयोग की भावना की सराहना करते हुए मंत्री ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

## कृषि विभाग ने निजी सर्वेयरों की भर्ती प्रक्रिया की शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कृषि विभा ने एग्रीस्टैक योजना के तहत डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए निजी सर्वेयरों की भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस सर्वे का उद्देश्य प्रदेश के सभी राजस्व गांवों में डिजिटल माध्यम से फसलवार जानकारी एकत्रित करना है, ताकि कृषि क्षेत्र से जुड़ा डाटा अधिक पारदर्शी, सटीक और त्वरित रूप से उपलब्ध हो सके।

विभाग के अनुसार इच्छुक निजी सर्वेयरों की आयु आवेदन तिथि के अनुसार 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा आधार कार्ड और बैंक विवरण अनिवार्य रहेगा। सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, पर्यवेक्षक, कृषि प्रसार अधिकारी, कृषि-बागवानी-वन स्नातक, कृषक साथी, पशु साथी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, पैक्स सचिव, पटवारी और पंचायत प्रतिनिधि भी इस प्रक्रिया में आवेदन कर सकते हैं।

डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए उम्मीदवारों को मोबाइल एप का उपयोग करने का ज्ञान होना चाहिए तथा अपने स्थानीय क्षेत्र और भौगोलिक स्थिति की समझ भी आवश्यक मानी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध डीसीएस हिमाचल प्रदेश एप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यह एप केवल एंड्रॉइड मोबाइल फोन पर उपलब्ध है। सर्वे कार्य के लिए विभाग द्वारा उपयुक्त प्रोत्साहन राशि निर्धारित की जाएगी। जिला शिमला के कृषि उपनिदेशक डॉ. अजब कुमार नेगी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे समय-समय पर कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम अद्यतनों को देखते रहें।

# अंतरराष्ट्रीय लवी मेला -2025



# अंतरराष्ट्रीय लवी मेला: हिमालयी व्यापार संस्कृति और विरासत का जीवंत उत्सव

## तिब्बत-बुशहर संधि से शुरू हुई परंपरा, आज पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान की धरोहर

हिमाचली पहाड़ों की गोद में बसने वाला अंतरराष्ट्रीय लवी मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों पुरानी उस परंपरा का सजीव चित्र है, जिसने तिब्बत और बुशहर रियासत को व्यापार, संस्कृति और आपसी सहयोग की अनूठी डोर से जोड़ा। 17वीं शताब्दी (लगभग 1679-1684) में हुई ऐतिहासिक व्यापारिक संधि के बाद यह मेला अस्तित्व में आया, जब ऊन, पशमीना, सूखे मेवे और घोड़ों का बड़ा व्यापार यहां फलता-फूलता था। ऊन और पश्मीनी वस्त्रों की पहचान के कारण इसे 'लवी' नाम मिला, जिसका अर्थ ऊन काटना या पतली रजाई होता है। तिब्बती व्यापारी कठिन यात्राओं के बाद अपनी वस्तुएं यहां लाते थे और बदले में नमक, गुड़ और अन्य जरूरी सामान लेकर लौटते थे। इसी मेले में चामुर्थी नस्ल के मजबूत घोड़ों का भी बड़ा व्यापार होता था।



समय के प्रवाह में यह व्यापारिक केंद्र धीरे-धीरे सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया और आज हर वर्ष 11 से 14 नवंबर तक मनाया जाने वाला लवी मेला हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समृद्धि और आर्थिक गतिविधियों का बड़ा मंच बन चुका है। व्यापार से शुरू होकर बहुरंगी सांस्कृतिक आयोजनों तक पहुंचा यह मेला आज भी अपनी ऐतिहासिक गरिमा और पहाड़ी जीवन की असली पहचान को जीवंत रखे हुए है।

प्रस्तुतिः
आत्मा सिंह, विशेष संवाददाता, रामपुर बुशहर।



आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
आत्मा सिंह, विशेष संवाददाता
रामपुर बुशहर/कुमारसैन
मो. 9817603840

















## न्यूज ब्रीफ

### दो युवक 9.96 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने शाहपुर व गगल के रहने वाले दो युवकों से 9.96 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान शुभम कौशिक निवासी प्ई, डाकघर रैत, तहसील शाहपुर और शोभित गुलेरिया निवासी इच्छी, डाकघर गगल, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम बुधवार को कांगड़ा क्षेत्र में गश्त पर थी। सूचना मिली कि दो युवक कच्छियारी बाईपास रोड पर गाड़ी (नंबर एचपी-01डी- 9375) में बैठकर नशे का अवैध कारोबार कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से 9.96 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज कर लिया है तथा आगामी जांच जारी है।

### स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरसालूही में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने सामुदायिक श्रमदान कर स्वच्छता का उदाहरण पेश किया। उन्होंने गोद लिए गए गांव की गलियों, मंदिर परिसर और पेयजल स्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाया। गांववासियों ने इस पहल की सराहना की। कॉमर्स प्रवक्ता अशोक कुमार ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता और पुराने पेयजल स्रोतों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### स्वयंसेवियों ने संवारा गाहलियां स्कूल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में एक सप्ताह तक चले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का समापन हुआ। स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, हर्बल गार्डन और फूलों की क्यारियों का सौंदर्यीकरण किया और रैलियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई। कमांडर कुलदीप सिंह ने छात्रों को अनुशासन और मेहनत से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य राजेश पराशर ने नशे से दूर रहने और मोबाइल का सदुपयोग करने की शिक्षा दी। एनएसएस प्रभारी मीनाक्षी पुरी व अन्य शिक्षकों ने स्वयंसेवियों को बधाई दी।

### पुन्नर स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुन्नर स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी वैद्य नवजीवन शर्मा ने किया। उन्होंने स्वयंसेवियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने दस हजार की प्रोत्साहन राशि स्कूल को दी। इस अवसर पर विद्यालय कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनीता रानी, कार्यक्रम अधिकारी गुरु स्वरूप व समस्त अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अरला में फ्री डायबिटीज मेडिकल कैंप आज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल अरला द्वारा 14 नवंबर वर्ल्ड डायबिटीज दिवस पर सुबह 9:30 से दोपहर 11:30 बजे तक फ्री डायबिटीज मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। इसमें डायबिटीज के मरीजों की फ्री जांच की जाएगी। यह जानकारी भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के डॉ. प्रेम भारद्वाज ने दी।

### विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में वीरवार को सीएससीए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम गुंजार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरिंदर सिंह मनकोटिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। महाविद्यालय को 11,000 रुपये प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। एकल, युगल और समूह नृत्य तथा गानों में विद्यार्थियों ने प्रथम से तृतीय स्थान हासिल किए, जिसमें तरनदीप, पायल, पलक और अन्य शामिल थे।

### दुराना सिरमणी-सिहुनी सड़क हुई बंद

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल कोटला द्वारा दुराना सिरमणी सिहुनी सड़क को निर्माण कार्य के चलते 13 नवंबर से 5 दिसंबर तक वाहनों के आवागमन के लिए बंद किया गया है। उपतहसीलदार कोटला कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग रानीताल-32 मील कोटला सड़क तथा पथर बसा-जोल-घटनालू सड़क रहेगा।

### कोतवाली और सुधेड़ में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर एक धर्मशाला, अभिषेक कटोच ने बताया कि 14 से 20 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक 33 केवी गज कालापुल लाइन की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह एवं सायं के समय में कोतवाली, सुधेड़ और मैक्लोडगंज के आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने साधारण जनता से सहयोग की अपील भी की है।

### कोसरी स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कोसरी स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर पंचायत अप्पर ठेहड़ू के प्रधान विनोद कुमार मुख्य अतिथि रहे। कुलवंत शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने सात दिनों में की गई गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य रजनीश कमारी अत्री ने स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### देहण में स्कूटी-कार की टक्कर, दो घायल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत देहण गढ़ू के पास सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। स्कूटी चालक अश्वनी कुमार निवासी धरमान ने गलत दिशा में कार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक अश्वनी कुमार उपरोक्त व स्कूटी के पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक चिकित्सालय पालमपुर में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहीद नायब सूबेदार विनोद प्रवेश द्वार का लोकार्पण



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बंडी में शहीद नायब सूबेदार विनोद कुमार प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि शहीद नायब सूबेदार विनोद कुमार के नाम पर यह प्रवेश द्वार बनाया गया है। यह गेट आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान की याद दिलाता रहेगा। शहीद के बड़े भाई रवि कुमार ने प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए विधायक पठानिया का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहीद की धर्मपत्नी वीना देवी, बेटी गुलशन व पूजा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों ने लोगों को किया जागरूक

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार के नेतृत्व में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया और स्थानीय लोगों को जागरूक किया। निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना की और बताया कि महाविद्यालय की कम्युनिटी आउटरीच योजना के तहत एनएसएस इकाई गांवों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता अभियान जारी रखेगी।

### टेबल टेनिस में नगरोटा कॉलेज फर्स्ट रनर-अप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से आयोजित अंतर-महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप का खिताब जीता। विजेता टीम में सक्षम, आदित्य, निशांत, सुशांत और विशाल शामिल थे, जिन्होंने शानदार तालमेल और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी सक्षम का चयन इंटर-यूनिवर्सिटी नॉर्दर्न जोन के लिए हुआ। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी और पीई प्रो. रवि दिलवारिया ने टीम को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पठानकोट में मृत जंगली जानवर के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट थाना डिवीजन नंबर 1 के एएसआई केवल सिंह ने टैंक चौक पर नाका लगाकर एक कार की जांच की। जांच के दौरान कार से एक मृत जंगली जानवर मिला। पुलिस ने वन्यजीव विभाग को सूचित किया, जिससे मृत जानवर की पहचान जंगली जानवर के रूप में की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान सौरव महाजन, पुत्र जगदीश राज महाजन, मोहल्ला आनंदपुर, पठानकोट के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कांगड़ा-चंबा जिले में 40 करोड़ रुपए के बिजली बिल पेंडिंग

## सरकारी विभागों के 12 करोड़, अन्य उपभोक्ताओं के 30 करोड़ के बिल पेंडिंग

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को समय-समय पर बिल का भुगतान समय पर करने को लेकर जागरूक करता रहता है, इसके बावजूद कांगड़ा और चंबा जिले में वर्तमान में 40 करोड़ रुपए के बिजली बिल पेंडिंग चल रहे हैं।

**बिल भुगतान में देरी पर लगता है दो फीसदी सरचार्ज**

इसमें 30 करोड़ रुपए की बिल पेंडेंसी घरेलू व अन्य उपभोक्ताओं की है, जबकि 12 करोड़ के करीब पेंडेंसी सरकारी विभागों की है। हालांकि, बिजली बोर्ड का कहना है कि सरकारी विभागों की पेंडेंसी एक साथ आ जाती है। वहीं, बिल भुगतान में देरी पर 2 फीसदी सरचार्ज लगाया जाता है। ऐसे में यदि कोई उपभोक्ता एक साल तक बिल का भुगतान नहीं करता है तो उसे 24 फीसदी सरचार्ज देना पड़ता है। भले ही पेंडेंसी की राशि काफी अधिक है, इसके बावजूद बिजली बोर्ड का कहना है कि समय पर बिल भुगतान से निर्बाध बिजली सप्लाई बनी रहती है। गौरतलब है कि बिजली बिल जारी होने पर निर्धारित तिथि पर बिल भुगतान करने पर 15 दिन का नोटिस पीरियड रहता है। इस अवधि में यदि उपभोक्ता बिल नहीं भरते हैं, तो टेंपरेरी डिसकनेक्शन ऑर्डर (टीडीसीओ) जारी किए जाते हैं। हालांकि, कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं द्वारा टीडीसीओ जारी होने के बाद बिल जमा करवा दिए जाते हैं, लेकिन यदि उपभोक्ता ऐसा नहीं करते तो उनकी बिजली सप्लाई काट दी जाती है। काटी गई विद्युत सप्लाई को बहाल करने के लिए उपभोक्ता को 200 रुपए का अतिरिक्त वहन करना पड़ता है।

ऐसे में बिजली बोर्ड का कहना है कि उपभोक्ता समय पर बिल का भुगतान करें, जिससे उपभोक्ता के साथ बिजली बोर्ड को भी लाभ हो, क्योंकि समय पर बिजली बिल देने से उपभोक्ता को टीडीसीओ या बिजली कनेक्शन कट की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। वहीं, समय पर बिल आने पर बिजली बोर्ड भी अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने में लगा रहता है।



> **बिजली** बोर्ड की जिला कांगड़ा और चंबा में करीब 40 करोड़ की बिल पेंडेंसी है, दोनों जिलों में सरकारी विभागों की पेंडेंसी 12 करोड़, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं की पेंडेंसी 30 करोड़ के लगभग है। समय पर बिजली बिल देने से सप्लाई सुचारु रहती है और बेहतर होती है। सरकारी विभागों की बिल पेमेंट एक साथ आ जाती है, जो बिल भुगतान देरी से होता है, उस पर सरचार्ज लगाया जाता है, जो कि 2 फीसदी रहता है, ऐसे में 24 फीसदी वार्षिक सरचार्ज लगने से अच्छा है, उपभोक्ता सरकारी हों या घरेलू समय पर बिल का भुगतान करें।
>
> **-अजय गौतम, चीफ इंजीनियर, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड नार्थ धर्मशाला**

## मठोली में सड़क हादसे में गई युवक की जान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत मठोली के समीप बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कार चालक विवेक चौधरी निवासी फतेहपुर ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे जा टकराई। हादसे में विवेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन (26) पुत्र स्वर्गीय रूप लाल, अजय निवासी राजा का तालाब, और ललित चौधरी पुत्र स्व. राम कुमार घायल हो गए। बताया जा रहा है कि चारों युवक एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस थाना नूरपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया, जहां पैतृक गांव जगीर में नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। एसपी नूरपुर ने पुष्टि की है। अंतिम संस्कार में स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओपी चौधरी, सूरजकांत, जिला परिषद सदस्य संजीव पराशर आदि शामिल हुए।

### हैप्पी बर्थडे



भनबाड के कार्तिक को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बंगाणा के कार्तिक ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नई जोड़ी



सुमित और ठारू (नगरोटा बगवां) की दीक्षा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## ओचा गांव में खेतों में मिला पाकिस्तान एयरलाइंस का खिलौनानुमा गुब्बारा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** उपमंडल धीरा के तहत ओचा गांव के खेतों में एक गुब्बारा मिला, जिस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा था। इस गुब्बारे के मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गांव की एक महिला ने इस गुब्बारे को लेकर एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। महिला ने वीडियो में कहा कि यह किसी की शरारत है और यह गुब्बारा वहां से उड़कर गायब हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। एसडीएम धीरा सलीम आजम ने कहा कि यह एक खिलौना नुमा गुब्बारा है। क्षेत्र में जनता को किसी प्रकार की दहशत न हो, इसलिए उक्त महिला के सोशल मीडिया अकाउंट से इस वीडियो को हटवा दिया है और मामले की जांच भी की जा रही है।

## 2027 विधानसभा चुनावों में सशक्त उम्मीदवार उतारेगी स्वाभिमान पार्टी : बलदेव

**अजय पाल, पालमपुर, अनंत ज्ञान।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और प्रशासनिक व्यवस्था तहस-नहस हो गई है। उन्होंने बताया कि 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी सशक्त व ईमानदार उम्मीदवार चुनाव में उतारेगी और ग्रामसभाओं को विशेष कानूनी अधिकार देने, मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने और न्याय व्यवस्था सुधारने का वादा करेगी। स्वाभिमान पार्टी अन्य छोटे दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर संस्थापक वीरेंद्र पांडे, हेम राज शर्मा और रमेश भाऊ उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के इतने गुट, गिनना भी मुश्किल : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कहा- शीतकालीन सत्र में सरकार को घेरेगा विपक्ष**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में इतने गुटों में बंट चुकी है कि गिनना भी मुश्किल है। शीतकालीन सत्र में विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। उन्होंने कहा कि सरकार चारों तरफ से घिरी हुई है, प्रदेश में मुद्दों की भरमार है और तीन वर्षों का कार्यकाल पूर्णत: निराशाजनक रहा है। प्रदेश की जनता परेशान है, जबकि प्रदेश सरकार अपने तीन साल का जश्न मनाने जा रही है।

कांग्रेस पार्टी टूटी और बिखरी हुई है। एक ओर डिप्टी सीएम अग्निहोत्री का गुट है, दूसरी ओर विक्रमादित्य सिंह का हॉलीलॉज गुट। वहीं, कुलदीप राठौर और कुछ अन्य नेता अपने-अपने समूह चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अब अपनी पार्टी को संभालने की चिंता करनी चाहिए, क्योंकि उनकी ही पार्टी के लोग उन्हें नेता नहीं मानते। प्रदेश कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार हो चुकी हैं। नेताओं और अधिकारियों पर गंभीर आरोप हैं और पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं। जयराम ने कहा कि बेरोजगारी, आर्थिक बदहाली, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और नशे के बढ़ते प्रचलन जैसे मुद्दे इस बार के विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रमुख रूप से उठाए जाएंगे। प्रदेश की वित्तीय स्थिति इतनी खराब कभी नहीं रही, जितनी आज है और इसके बावजूद मुख्यमंत्री झूठे दावों और बयानों से जनता को गुमराह करने में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार तीन साल का जश्न मना रही है, जबकि प्रदेश का आम नागरिक परेशान है। भाजपा इन सभी मुद्दों को लेकर शीतकालीन सत्र के दौरान प्रभावी रणनीति के साथ सरकार को कठघरे में खड़ा करेगी।

## ठंगर के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस थाना जवाली के तहत एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय रजत कुमार पुत्र करमचंद निवासी गांव ठंगर डाकघर फारिया सुबह अपने बिस्तर में मृत पाया गया। रात को रजत खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया, जब परिजनों ने सुबह देखा तो वह अचेत पड़ा हुआ था। परिजनों ने तुरंत जवाली स्थित सिविल अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मौत को लेकर कोई शक नहीं जताया है। जवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी जवाली वीरी सिंह राठौर ने पुष्टि की है।

## मंत्री जगत नेगी का बयान शर्मनाक : अरविंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजयुमो प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद चौधरी ने प्रदेश राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर दिए गए बयान को शर्मनाक, आपत्तिजनक बताया है। उन्होंने कहा कि जब भी देश किसी संकट से गुजरता है, प्रधानमंत्री मोदी एक परिवार के मुखिया की तरह हर नागरिक के साथ खड़े रहते हैं, लेकिन कांग्रेस नेताओं को देशहित से ज्यादा अपनी राजनीति की चिंता रहती है। जगत सिंह नेगी का यह बयान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी मानसिकता और निराशाजनक कार्यशैली को उजागर करता है।

## डोयल रियालच का राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में चयन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** लौरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग ज्वालामुखी की छात्रा डोयल रियालच ने अंडर-14 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। डोयल रियालच आगामी 10 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. रण सिंह, कैंपस डायरेक्टर डॉ. एमएस आशावत और प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता शर्मा ने बधाई दी है।

## विधायक किशोरी ने होनहार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने पीएम श्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने विद्यालय को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की और 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित साइंस लैब का लोकार्पण शीघ्र करने की बात कही। इससे पूर्व उन्होंने 5 लाख रुपए की लागत से बने लोकमित्र केंद्र का शुभारंभ किया, जो ग्रामीण जनता को विभिन्न सरकारी सेवाएं घर-द्वार पर डिजिटल माध्यम से उपलब्ध करवाएगा।

## विधायक कमलेश ने सुनीं जनसमस्याएं

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने नलेटी पंचायत का दौरा कर जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या को दूर कर दिया गया है। बिजली बोर्ड के ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड कर बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसके अलावा नलेटी पंचायत के समडोल महिला मंडल के अतिरिक्त कमरे के निर्माण के लिए तीन लाख की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने समाज में बढ़ते नशे के खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस बुराई के विरुद्ध एकजुट होकर मुहिम छेड़ें और आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाएं।

## कांगड़ा की अनदेखी कर रही सरकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार द्वारा कांगड़ा जिले की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर वीरवार को धर्मशाला में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार, विधायक सुधीर शर्मा, विधायक पवन काजल तथा प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर मौजूद रहे। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार कांगड़ा जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से अहम जिले की पूरी तरह अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य ठप हैं, घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं, और जनता ठगा महसूस कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को बढ़ावा दे रही है और कांगड़ा के साथ जानबूझकर भेदभाव किया जा रहा है।

## सीबीएसई की नॉन बोर्ड कक्षाओं को भी शिक्षा बोर्ड उपलब्ध करवाएगा प्रश्नपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सरकार ने किया है 100 स्कूलों में सीबीएसई संबद्धता के लिए आवेदन**

**सीबीएसई** की नॉन बोर्ड कक्षाओं को भी स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रश्नपत्र उपलब्ध करवाएगा। प्रदेश सरकार ने 100 स्कूलों के लिए सीबीएसई संबद्धता के लिए आवेदन किया है। प्रदेश सरकार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इन 100 स्कूलों में सीबीएसई की पढ़ाई शुरू करवाएगी। इनमें से कुछ स्कूलों को संबद्धता मिल चुकी है, जबकि कुछ की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के जिन स्कूलों को सीबीएसई की संबद्धता मिल चुकी है, उन स्कूलों में नॉन बोर्ड कक्षाओं यानी तीसरी, पांचवीं, आठवीं, 9वीं व 11वीं को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रश्नपत्र मुहैया करवाएगा, जबकि सीबीएसई सिर्फ 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के दौरान ही संबंधित स्कूलों को प्रश्नपत्र मुहैया करवाएगा।

जानकारी के अनुसार, सीबीएसई की मान्यता कक्षा 9 से शुरू होकर कक्षा 12 तक मिलती है, जो छात्रों को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने के लिए पंजीकृत करती है। हालांकि, हाल के नियमों के अनुसार, अब सीबीएसई पैटर्न वाले स्कूलों को कक्षा 6 से 8 के लिए भी मान्यता लेना आवश्यक है। छात्रों का पंजीकरण कक्षा 9 में ही हो जाता है, जिससे वे 10वीं की बोर्ड परीक्षा दे सकते हैं। इसी तरह 12वीं की परीक्षा के लिए छात्रों का पंजीकरण कक्षा 11 में किया जाता है। उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा का कहना है प्रदेश सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से सीबीएसई की संबद्धता प्राप्त स्कूलों को भी नॉन बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र देने को कहा है। अगले शैक्षणिक सत्र में सीबीएसई संबद्धता प्राप्त 100 स्कूलों में नॉन बोर्ड की परीक्षाएं होंगी, तो उनमें तीसरी, पांचवीं, आठवीं, 9वीं और 11वीं कक्षा की परीक्षाओं के प्रश्नपत्र हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड उपलब्ध करवाएगा।

## 10 ट्रैकिंग मार्गों के प्रारंभिक बिंदुओं पर स्थापित की चेक पोस्ट : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिले में ट्रैकिंग के दौरान लापता होने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिले के 10 प्रमुख ट्रैकिंग मार्गों सल्ली, नौहली, गल्लू टेंपल, खडोता विलेज, कंड कडियाणा, जिया, थाला, नानाहार, उतराला पावर प्रोजेक्ट और राजगुंधा पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। हर ट्रैकर का पंजीकरण इन चेक पोस्टों पर अनिवार्य होगा, ताकि रियल टाइम रिकॉर्ड रखा जा सके और आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रक्रिया आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत कानूनी रूप से लागू की गई है। बिना पंजीकरण ट्रैकिंग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टूर ऑपरेटरों और ट्रैकिंग प्रेमियों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और प्रशासन के इस जनहितकारी कदम में सहयोग दें।

## एक दिसंबर को भाजपा करेगी धर्मशाला में प्रदेश सरकार का घेराव : गुरमीत सिंह

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि एक दिसंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव कर सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा के लगभग 4000 कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हाल ही में बैजनाथ में दो बसों को सरेआम जलाया जाना इस धार्मिक क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन हो चुका है और अब बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा।

## एआई को टूल के रूप में अपनाएं शोधार्थी : प्रो. बंसल

**कहा, मास्टर के बजाय एआई को टूल के रूप में लेगा केंद्रीय विश्वविद्यालय**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि कार्यशाला के लिए देशभर से 350 आवेदन आए थे, जिनमें 30 प्रतिभागियों को चुना गया है, जिनमें दस केंद्रीय विश्वविद्यालय, दस हिमाचल प्रदेश से और दस अन्य राज्यों से चुने गए हैं। यह बात प्रो. बंसल ने वीरवार को प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आरंभ राष्ट्रीय स्तर की 10 दिवसीय सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम कार्यशाला का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कही।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं साहित्यकार अविनाश राय खन्ना द्वारा लिखित पुस्तक प्रेरणास्त्रोत एक सफर का भी विमोचन किया गया। कार्यशाला भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित है। प्रो. बंसल ने कहा कि कंटेंट क्रिएशन और एआई के किस तरह से स्टूडेंटस को निखारा जाए, इसी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शोधार्थियों से आह्वान रहेगा कि वे एआई को एक टूल के रूप में लें, ताकि तकनीकी क्रिएटिव थिंकिंग बरकरार रह सके। उन्होंने कहा कि एआई को विदेशों में पाठयक्रम का हिस्सा बना दिया गया है, जिसमें कैंब्रिज और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटीज प्रमुख हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय एआई को केवल टूल के रूप में ही रखा जाएगा, न कि एक मास्टर के रूप में।




भाजपा नेता एवं साहित्यकार अविनाश राय की पुस्तक 'प्रेरणास्रोत एक सफर' का किया विमोचन।

### एआई से पढ़ाई व शिक्षा विधियों की योजना का दिया जाएगा प्रशिक्षण : प्रो. सूद

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्कूल एजुकेशन प्रो. विशाल सूद ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के टूल्स को टीचिंग लर्निंग, शिक्षा विधियों व तकनीक और सोशल साइंस रिसर्च में किस प्रकार प्रयोग किया जा सकता है, इसको लेकर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में एआई को इसलिए विषय चुना गया, क्योंकि विश्वविद्यालय के शोधार्थी जो भविष्य में टीचिंग लाइन में जाएंगे, उन्हें पढ़ाना कैसे है और शिक्षा की विधियों व तकनीकों को लेकर उनकी रणनीति क्या होगी और एआई टूल्स को किस तरह वे इस्तेमाल कर सकते हैं। एआई से पढ़ाई व शिक्षा विधियों व तकनीकों की योजना तैयार करने का प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान दिया जाएगा। वर्तमान दौर ऑनलाइन शिक्षा का है और ऑनलाइन शिक्षा विधियों व तकनीकों का है, ऐसे में ई-कंटेंट बहुत महत्वपूर्ण विषय है। कार्यशाला का उद्देश्य भविष्य के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व स्कूलों के टीचर्स को शिक्षा विधियों व तकनीकों की योजना बनाने के साथ एआई टूल्स के इस्तेमाल में पारंगत बनाना है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्राची ने राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा कि प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में 12वीं कक्षा की छात्रा प्राची शर्मा ने प्रदेश तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

यह प्रतियोगिता हाइट इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग सेंटर शाहपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राची शर्मा ने सब-जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और अब वह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी, जो ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि प्राची ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विद्यालय का नाम ऊंचा किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं। प्रिंसिपल रेणु परमार ने शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में नियमित रूप से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा जा सके। प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि विद्यालय प्रशासन भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करता रहेगा।




प्राची अब ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हेल्पएज इंडिया और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुआ। उपायुक्त ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल प्रशिक्षित हाथों से होना आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं, बल्कि बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सहायक हैं। कार्यक्रम में बिलासपुर सहित पांच जिलों के 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। उपायुक्त ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने का आश्वासन दिया।

### भाजपा एससी मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला बिलासपुर के अध्यक्ष राम लाल चौधरी ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उन्होंने श्री नयना देवी जी विधानसभा के अंतर्गत मंडयाली पंचायत से पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष गुरदयाल चौधरी, बस्सी पंचायत से सेवानिवृत फायरमैन हरबंस लाल, टोबा पंचायत के नीलां से राम पाल, बैहल पंचायत से राजकुमार चौधरी, भटेड़ कनफारा से तुलसी राम डांगी, नकराणा पंचायत से विजय कुमार, रोडजम्मन पंचायत से कश्मीरी लाल, कनफारा गुरबचन सिंह, झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भड़ोलीकलां से अभिषेक कुमार, बरोटी-गंगलोह से जीत राम, भेड़ी-भड़ोलीकलां से जगदीश चंद, रच्छेड़ा-बलघाड़ से धनी राम, सनीहरा-गंगलोह से जगदीश चंद और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पनयाला से मदन लाल, तरौण से राकेश चंद, डोहरू से बिशन दास को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी गुरबख्श सिंह व जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष राम पाल चौधरी तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सभी मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री जिला कार्यकारिणी के स्थायी आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बिलासपुर जिलाध्यक्ष खुशी राम ने अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मलारी घंडीर से राजेश कुमार व सुन्हाणी से पुष्प राज, श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मजारी से दीदार सिंह, डोलां से जरनैल सिंह, धलेत से राम कृष्ण, डोलां से आशीष सुमन, दयोथ से सीता राम, कल्लर से मेहर सिंह व स्योहला से कुलदीप चौधरी तथा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बराड़ी से नीरज जसवाल को जिला कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री जिला कार्यकारिणी के स्थायी आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

### रत्न चंद्र ने डीसी को भेंट की 'ओस' की प्रति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डिजिटल और एआई के युग में जब अधिकांश लेखन प्रिंट और ऑनलाइन माध्यमों में सिमट गया है, ऐसे समय में हस्तलिखित पत्रिका का प्रकाशन एक प्रेरक उदाहरण बन गया है। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि इस युग में यदि कोई हस्तलिखित पत्रिका प्रकाशित कर रहा है, तो वह न केवल परंपरा को जीवित रख रहा है, बल्कि लेखन की आत्मा को भी पुनर्जीवित कर रहा है। वह यह बात तब कह रहे थे, जब साहित्यकार रत्न चंद्र निर्झर ने अपनी हस्तलिखित साहित्यिक पत्रिका 'ओस' की प्रति उन्हें भेंट की। उपायुक्त ने पत्रिका के संपादक मंडल को इस अनोखे प्रयास के लिए बधाई दी और कहा कि यह पहल युवाओं को लेखन और रचनात्मकता की ओर प्रेरित करेगी। पत्रिका 'ओस' के संपादक मंडल में सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक रोशन जायसवाल, चंडीगढ़ निवासी लेखक रतन चंद्र रत्नेश, और स्वयं रतन चंद्र निर्झर शामिल हैं। निर्झर ने बताया कि यह पत्रिका उनके व्यक्तिगत प्रयासों से निरंतर प्रकाशित की जा रही है और इसका उद्देश्य हस्तलेखन की कला तथा मौलिक सृजनशीलता को बढ़ावा देना है।

# गोबिंदसागर की खूबसूरती पर पुडुचेरी के पत्रकार फिदा

## हिमाचल सरकार को पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने का दिया सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पुडुचेरी के पत्रकार दल का स्वागत करते एडिशनल एडवोकेट जनरल तेजस्वी शर्मा व अन्य।

पुडुचेरी से हिमाचल भ्रमण पर आए वरिष्ठ पत्रकारों के दल को हिमाचल की हसीन वादियों और प्राकर्तिक सौंदर्य ने अपने मोहपाश बांध लिया। हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता को निहारने के बाद इस दल ने इसे धरती पर स्वर्ग करार दिया। वहीं, मनाली से चंडीगढ़ वापसी पर बिलासपुर की गोबिंदसागर झील की खूबसूरती पर भी पत्रकार फिदा हो गए और उन्होंने सरकार को पर्यटकों के लिए यहां सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाने का सुझाव दिया।

पत्रकारों ने हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और लोगों की गर्मजोशी का अनुभव किया और इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि वे हिमाचल में पर्यटकों के लिए और अधिक सुविधाएं जुटाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग हिमाचल की खूबसूरती का आनंद ले सकें।

**दल ने हिमाचल प्रदेश के लोगों को बताया बेहतरीन मेहमानवाज**

पत्रकारों के इस दल ने बिलासपुर जिले की गोबिंदसागर झील की खूबसूरती को भी निहारा और पूर्णम मॉल के मालिक और समाजसेवी अजय हांडा द्वारा संचालित हिमालयलन एडवेंचर एक्टिविटीज में क्रूज और अन्य बोटिंग का भी आनंद उठाया और उनका आभार व्यक्त किया। पत्रकारों ने मंडी भराड़ी में क्रोमा होटल में लंच के दौरान इस बात की भी खुशी जताई कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का यह गृह क्षेत्र है और मिस्टर नड्डा अगर इस गोबिंदसागर झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर दें तो बिलासपुर में व्यापार और पर्यटन का कायाकल्प हो सकता है। इन पत्रकारों ने कहा कि हिमाचल के लोग बहुत ही मेहमानवाज हैं और भोलेभाले हैं। उन्होंने हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति को विश्वभर में प्रसारित करने का भी संकल्प लिया। पत्रकारों के इस दल की अगुवाई वरिष्ठ पत्रकार दयालन ने की, जबकि अन्य पत्रकारों में शामिल रहे। वहीं, हिमाचल हाईकोर्ट में बतौर एडिशनल एडवोकेट जनरल तेजस्वी शर्मा ने सभी पत्रकारों का हिमाचली टोपी और शॉल से स्वागत करते हुए द्वारा हिमाचल प्रदेश में चलाई जा रही पर्यटन और विकास गतिविधियों की जानकारी दी।

# राष्ट्र की सुरक्षा करने में केंद्र सरकार नाकाम: हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हिमाचल प्रदेश के सह-संयोजक हीरापाल सिंह ने दिल्ली और फरीदाबाद में हाल ही में हुए धमाके और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद होने की घटना पर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा एजेंसियों की गंभीर विफलता को उजागर करती है।



हीरापाल सिंह ने कहा कि जब दिल्ली जैसी संवेदनशील जगह पर 3 क्विंटल के करीब आरडीएक्स और पोटेशियम नाइट्रेट जैसा ज्वलनशील पदार्थ पकड़ा जाए और धमाके में 13 लोगों की मौत हो जाए, तो यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार और खुफिया एजेंसियां अपने दायित्व निभाने में असफल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियां बिहार चुनाव में व्यस्त हैं, जबकि देश की आंतरिक सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कोई चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे भी राजनीति की भेंट चढ़ा रही है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि अगर एजेंसियों को पहले से आतंकी साजिश की जानकारी थी, तो उसे नाकाम करने के लिए ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई? ऑपरेशन सिंदूर जैसी घटनाओं के बाद भी सरकार ने सबक नहीं लिया।

**दिल्ली में कार में धमाका होने पर मांगा गृहमंत्री का इस्तीफा**

हीरापाल ठाकुर ने कहा कि 26/11 के हमले के बाद तत्कालीन गृह मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए त्यागपत्र दिया था, जबकि मौजूदा गृह मंत्री लगातार सुरक्षा चूक के बावजूद पद पर बने हुए हैं। उन्होंने मांग की कि गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रहे धमाकों और खुफिया नाकामियों ने देश की आंतरिक व बाहरी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

# अंजली-शिया नेशनल योग प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

राजकीय उच्च पाठशाला बलघाड़ में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित छात्राओं का पाठशाला के अध्यापकों, एसएमसी एवं छात्रों ने जोरदार स्वागत किया।

स्कूल के कार्यकारी मुख्य अध्यापक अवनीश कुमार ने बताया कि 6 नवंबर से 7 नवंबर को राजकीय (बाल) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन में राज्य स्तरीय अंडर 14 (छात्रा) योग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें रिदमिक युगल योग में शिया एवं अंजलि ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आर्टिस्टिक युगल में तृतीय तथा शिया शर्मा ने ट्रेडिशनल योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अंजली एवं शिया शर्मा राष्ट्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। जिसका आयोजन पश्चिम बंगाल के कोलकाता में होगा।

स्कूल के कार्यकारी मुख्याध्यापक अवनीश कुमार ने बताया कि इन छात्राओं को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए पाठशाला के शारीरिक अध्यापक सुनील कुमार का बहुत बड़ा योगदान है, जो कि लगातार इन बच्चों के साथ मिलकर कड़ी से कड़ी मेहनत करवाते हैं जिसके परिणामफलस्वरूप पाठशाला के छात्र एवं छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

# झंडूता की खड्डों का सीना छलनी कर रहा खनन माफिया

## लोग बोले- पहले रात में होता था खनन; अब दिन में भी होने लगा, प्रशासन आंख मूंदकर सोया

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल की तीन मुख्य खड्डे सीर, शुक्र और सरयाली में हो रहे अवैध खनन व मौसम की बेरुखी के कारण खड्डों में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। अगर अवैध खनन इसी प्रकार से जारी रहा तो आने वाले समय में झंडूता क्षेत्र में जल संकट खड़ा हो जाएगा। अगर ऐसे ही खनन होता रहा और बारिश नहीं हुई तो भविष्य में लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। उल्लेखनीय है विकास खंड झंडूता के तहत सुन्हाणी, री, झरेड़ी, अमरोआ, तुंगडी, पिपलूघाट व शुक्र खड्डों में अवैध खनन जोरों से चल रहा है। खनन माफिया सुबह-सुबह धुंध के आगोश में छिपकर खड्डों का सीना छलनी कर रेता, बजरी व



झंडूता उपमंडल की एक खड्ड में अवैध खनने करते हुए माफिया।

पत्थरों को अवैध रूप से ले जाने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पहले यह खनन रात के अंधेरे में किया जाता था, लेकिन विभाग के सुस्त रवैये के कारण यह धंधा दिन में भी खूब फल फूल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग से आग्रह किया है कि जो भी खड्डों की ओर जाने वाले रास्ते हैं, उन सभी को बंद किया जाए ताकि खनन माफिया खड्डों तक अपने वाहन न ले जा सके। समाजसेवी लेखराम कौंडल ने बताया कि वर्तमान समय में पानी की जो समस्या है। वह दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र की सीर शुक्र और सरयाली खड्डु में जल का स्तर बहुत नीचे चला गया है, जिसका मुख्य कारण अवैध खनन एक मुख्य कारण है। धीरे-धीरे इन खड्डों में पानी मात्रा बहुत कम होती जा रही है। इन खड्डों के समीप सैकड़ों पेयजल योजनाएं विद्यमान है।

अगर समय रहते इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाला भविष्य अंधकारमय हो जाएगा, क्योंकि जल नहीं तो कल नहीं सरकारों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं, एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा ने बताया कि इसके लिए पुलिस प्रशासन, खनन विभाग व वन विभाग से मिटिंग की जाएगी। अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान-3 की दी जानकारी

## सीएमओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य विभाग की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बिलासपुर की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक वीरवार को ट्रॉमा हॉल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में तंबाकू मुक्त युवा अभियान-3 की जानकारी दी गई, जो 9 अक्तूबर से 8 दिसंबर तक चलाया जा रहा है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि दस्त रोग पखवाड़ा 12 से 27 नवंबर तक तथा एचआईवी/ एड्स पहचान पखवाड़ा 15 से 30 नवंबर तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जन जागरूकता गतिविधियां जिलाभर में आयोजित की जाएंगी। बैठक में गर्भवती का पंजीकरण, जच्चा-बच्चा टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला स्तर प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र की कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा तंबाकू नियंत्रण, चिकित्सीय गर्भसमापन अधिनियम के अंतर्गत सावधानियां, मच्छर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, हैपेटाइटिस बी और सी रोकथाम, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन कानून, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति की गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

स्वास्थ्य विभाग की बैठक में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, पोषण अभियान रिपोर्टिंग, आभा आईडी की स्थिति, क्षय रोग निवारण कार्यक्रम के तहत पीआईपी अनुपालन तथा गैर-संचारी रोगों के सामुदायिक अवलोकन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# धाली स्कूल में व्यवसायी नवीन बच्चों को आज बांटेंगे इनाम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा वार्षिक समारोह**

राजकीय उच्च पाठशाला धाली में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने बताया कि इस समारोह में व्यवसायी नवीन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे तथा मेधावी बच्चों को इनाम बांटेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्कूल स्टाफ द्वारा काफी समय से मेहनत की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राइमरी विंग और हाई विंग का यह कार्यक्रम संयुक्त रूप से मनाया जा रहा है, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। स्कूल स्टाफ में विशेषकर अध्यापिकाओं द्वारा हिमाचल की समृद्ध संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। इस मौके स्कूल के उत्थान में अहम रोल अदा करने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हो जाएगा। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों और समस्त इलाकावासियों से इस कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया।

# स्वयंसेवियों ने छेड़ा स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नखलेहड़ा में चल रहे एनएसएस शिविर के चौथे दिन प्रिंसीपल राज कुमार गौतम ने स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है तथा युवाओं को नशे व्यसन आदि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा को अपने जीवन में अनुशासन अपना कर सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। एनएसएस अधिकारी राजेश कौशल व पूनम देवी ने शिविर में ग्राम पंचायत बीना देवी के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। वहीं इस दिवस पर स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान छेड़ा और क्यारियों की सफाई की तथा पौधरोपण किया।

# स्कूलों में शुरू होगा 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम: धर्माणी



डीएवी स्कूल घुमारवीं के वार्षिक समारोह का शुभारंभ करते मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि स्कूलों में जल्द 'शिक्षा संवाद कार्यक्रम' शुरू किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी और अभिभावक शिक्षा सुधारों पर चर्चा करेंगे। वे डीएवी पब्लिक स्कूल घुमारवीं के वार्षिक समारोह 'आरोहण 2025' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को रचनात्मक और नवाचारपूर्ण सोच देने के लिए घर-विद्यालय का सकारात्मक वातावरण जरूरी है। शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की नींव है। राज्य की ऊर्जा नीति पर बोलते हुए धर्माणी ने बताया कि हिमाचल 2026 तक देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनेगा। कुल ऊर्जा खपत का 90% भाग नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य है। ई-वाहनों पर 40-50% सब्सिडी दी जा रही है तथा सौर ऊर्जा और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन, छोटे जलविद्युत प्रोजेक्ट और वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि राज्य पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी बने। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि का स्वागत किया।

**कहा-वर्ष 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनेगा हिमाचल**

# अधिकारी खंड और पंचायत स्तर पर दें पोक्सो अधिनियम की जानकारी: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला स्तरीय आपराधिक आघात राहत पुनर्वास बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बिलासपुर के पास प्राप्त बाल उत्पीड़न के 3 मामलों में पुनर्वास हेतु वितीय सहायता राशि प्रदान करने बारे चर्चा की गई। उपायुक्त द्वारा 2 मामलों को अनुमोदित किया गया। उपायुक्त ने उपनिदेशक उच्च शिक्षा व जिला बाल संरक्षण अधिकारी बिलासपुर को आदेश दिए कि पोक्सो से संबंधित मामलों में अंकुश लगाने हेतु ब्लॉक स्तर व जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान जुखाला के माध्यम से जिला के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य, मुख्यध्यापकों को पोक्सो संशोधित अधिनियम 2019 बारे जानकारी प्रदान करने हेतु नियमित रूप से कार्यशाला/जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाए। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे जिला में खंड व पंचायत स्तर पर लोगों को पोक्सो अधिनियम बारे जानकारी प्रदान करें।

# पेंशनर्स कल तक करवाएं ऑनलाइन सत्यापन: बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के 4 हजार पेंशनरों की पेंशन अटक सकती है। इन पेंशनरों ने अभी तक अपना ऑनलाइन सत्यापन नहीं करवाया है। जिला कल्याण विभाग ने सभी को 15 नवंबर तक ऑनलाइन सत्यापन करवाने के निर्देश जारी किए हैं। ऐसा न करने पर इनकी पेंशन रुक सकती है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इसके लिए प्रशिक्षित किया गया है। यह मोबाइल एप के जरिये सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। दस्तावेज लेकर इनके पास जाना होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों का इन दिनों ऑनलाइन सत्यापन किया जा रहा है।

इसके लिए एक मोबाइल एप तैयार की गई है। जिलाभर में 49 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारक हैं। इनमें से करीब 45 हजार ने अपना ऑनलाइन सत्यापन करवा दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में 4 हजार पेंशनर अभी भी सत्यापन नहीं करवा रहे हैं। जिला कल्याण विभाग के अनुसार सभी पेंशनरों को 15 नवंबर तक हर हाल में ऑनलाइन सत्यापन करवाना अनिवार्य है। सत्यापन के लिए आधार कार्ड, आयु के सत्यापन के लिए पंचायत सचिव का प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड, पैनकार्ड, दसवीं का प्रमाण पत्र आदि में से कोई एक प्रमाण पत्र साथ ले जाना होगा। जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि अभी जिले में ज्यादातर पेंशनरों ने ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर ली है।

# कृषि क्षेत्र में बिलासपुर बनेगा मॉडल जिला: डीसी

## कहा-प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा जोर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान**



बिलासपुर। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में इस योजना को मॉडल परियोजना के रूप में लागू किया जाएगा, ताकि जिले के किसान आत्मनिर्भर बनें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। उपायुक्त ने बताया कि यह योजना 11 अक्तूबर 2025 को देश के 100 आकांक्षी कृषि जिलों में शुरू की गई थी, जिनमें हिमाचल प्रदेश से बिलासपुर जिला चयनित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र का समग्र विकास, किसानों की आय में वृद्धि और केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना है।

बैठक में योजना के प्रमुख उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, जल संसाधनों का कुशल उपयोग, तथा फसल कटाई के बाद भंडारण, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन को बल मिलेगा। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कृषि और सहवर्ती गतिविधियों की विस्तृत जिला योजना तैयार करें, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

**योजना का उद्देश्य**

इस योजना का व्यापक दृष्टिकोण कम प्रदर्शन वाले कृषि जिलों को विकास के मॉडल केंद्रों में बदलना है। इसके अंतर्गत 11 मंत्रालयों की विभिन्न योजनाएं-जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, बागवानी विकास मिशन और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाई योजना को एकीकृत किया गया है।

**मुहिम** प्रत्येक थाना क्षेत्र में होंगी चिट्टा सभाएं, नशे के दुष्प्रभावों की दी जाएगी जानकारी

# कल शुरू होगा विशेष नशा विरोधी अभियान: एसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आज पुलिस लाइन बिलासपुर में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी, उपपुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) मदन धीमान, एसडीपीओ नयना देवी विक्रांत बोंसरा, एसडीपीओ घुमारवीं विशाल वर्मा, उपपुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सभी अन्वेषणाधीन मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निपटारा शीघ्र किया जाए, लापता व्यक्तियों को ढूंढने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं और उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए।

उन्होंने अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि दिल्ली में हुए बम विस्फोट को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने के निर्देश देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुसार 15 नवंबर से तीन माह तक विशेष नशा विरोधी अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशा उन्मूलन, जन-जागरूकता और युवाओं को सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में 'चिट्टा सभा' आयोजित की जाएगी, जो विशेष रूप से ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में होगी। इन सभाओं में नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा की जाएगी तथा युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

स्थानीय जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाजसेवियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल सके। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अभियान की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से जिला पुलिस मुख्यालय को भेजी जाए तथा इस अवधि में चिट्टा से जुड़े मामलों की पहचान और जांच पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि नशा तस्करी और सेवन पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित हो सके। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा विरोधी यह अभियान केवल पुलिस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग नशा उन्मूलन के इस संकल्प में सहभागी बने।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में हमले पर विधायक नीरज ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में हिंदू समुदाय के लोगों पर हुए हमले को लेकर विधायक नीरज नैयर ने सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। जांच अधिकारी डीएसपी रंजन शर्मा के अनुसार, 10-15 बाइक सवार युवकों ने हमला किया, जिनमें कुछ मुस्लिम और कुछ हिंदू समुदाय के भी थे। घटना में पीड़ित युवक नन्नू को बाइक से टक्कर मारकर नीचे गिराया गया और हथियारों से हमला किया गया। मामला धारा 341, 323, 147-148-149 के तहत दर्ज कर लिया गया है। वहीं, व्यापार मंडल चंबा ने भी हमले की कड़ी निंदा की। अध्यक्ष वीरेंद्र महाजन ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया और कहा कि चंबा जैसी जगह में ऐसी वारदात अस्वीकार्य है।

### स्वामी सत्यानंद के निर्वाण दिवस का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 13 नवंबर 2025 को हरि राय मंदिर परिसर, चंबा में श्री राम शरणम् परिवार के साधकों ने संस्थापक परम श्रद्धेय स्वामी सत्यानंद जी महाराज के निर्वाणदिवस के अवसर पर अमृतवाणी पाठ और संकीर्तन का आयोजन किया। कार्यक्रम में राम शरणम् परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुछ वक्ताओं ने स्वामी जी के जीवन यात्रा और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला, जबकि सभी भक्तों ने उनके बताए भक्ति मार्ग पर चलकर सरल जीवन अपनाने का संकल्प लिया। साधकों द्वारा गाए गए सुंदर भजनों ने मंदिर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। संयोजक सुषमा पुरी ने बताया कि हाल ही में दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों और घायल व्यक्तियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं और शहीदों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इसके बाद उपस्थित साधकों ने जिला अस्पताल चंबा का दौरा कर विभिन्न वार्डों में फलों का वितरण किया, जिससे मानवता और सेवा का संदेश भी सामने आया।

### जन कल्याण संगठन ने अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जन कल्याण संगठन खरल तथा स्थानीय निवासियों की ओर से वीरवार को अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग सलूणी को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में सलूणी -तेलका मार्ग की अत्यंत खस्ता हालत के बारे में विभाग को अवगत कराया गया। जानकारी देते हुए जन कल्याण संगठन के अध्यक्ष ओमदत्त शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से विभाग से आग्रह किया गया है कि इस मार्ग पर ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए जाएं तथा क्रैश बैरियर जल्द से जल्द लगाए जाएं, क्योंकि हाल ही में यहां हुई दुर्घटना में दो लोगों की जान जा चुकी है चुकी है। पिछले कुछ सालों में यहां कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं और कम से कम आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। संगठन ने यह भी कहा कि मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा जो मलबा व पत्थर सड़क पर फेंके गए हैं, उन्हें विभाग शीघ्रता से हटाए। साथ ही, जिन नालियों में डंपिंग साइट बनाई गई है, वहां पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के समय सड़क पर फिसलन व अवरोध की स्थिति न बने। इस दौरान संगठन की ओर से बिनीत शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंबिका शर्मा, बृजेश शर्मा, कुलदीप कुमार, सन्नी, रविंदर कुमार, सुनील कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राहेरा नाले में बचाए हजारों मछलियों के बच्चे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मत्स्य पालन विभाग के मत्स्य मंडल मंडी ने मंगलवार 11 नवंबर को तहसील धर्मपुर के संधोल क्षेत्र में राहेरा नाले के स्थिर पानी में फंसी लगभग 50 हजार मछलियों के बच्चों (फिश फ्राई) को सुरक्षित बचाया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही महशीर फार्म मच्छयाल के उप निरीक्षक मत्स्य के नेतृत्व में विभागीय टीम तुरंत मौके पर पहुंची और फंसी हुई मछलियों को सावधानीपूर्वक पास के ताजे बहते जल स्रोत में स्थानांतरित किया। सहायक निदेशक मत्स्य नीतू सिंह ने बताया कि त्वरित कार्रवाई के चलते हजारों मछलियों को बचाना संभव हो सका। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि प्राकृतिक जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि समय पर दी गई सूचना एवं सक्रिय भागीदारी से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो पाया।

### साईगलू स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के शहीद सूबेदार खेम राज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साईगलू में 'युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान' के तहत कला जत्था ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेखर कपूर, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, उप-प्रधानाचार्य भारती कपूर, ज्ञान विज्ञान समिति और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सदस्य, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह के लगभग 300 प्रतिभागी मौजूद रहे। मंडी साक्षरता समिति के महासचिव भीम सिंह एवं कलाकारों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। उपस्थित लोगों ने आगे की गतिविधियों के लिए लगभग छह हजार रुपये का योगदान दिया।

### जिला रोजगार कार्यालय चंबा में कैंपस इंटरव्यू 18-19 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इस इंटरव्यू के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनी टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कुल 80 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी चंबा के अनुसार, इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बायोडाटा सहित निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित हों। कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 18 नवंबर को उप कार्यालय रोजगार विनिमय सुंडला में होगा, जबकि दूसरा इंटरव्यू 19 नवंबर को उप कार्यालय रोजगार विनिमय तीसा में आयोजित किया जाएगा। भर्ती होने वाले उम्मीदवारों को सिक्योरिटी गार्ड के पद पर नियुक्त किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति टाटा कोहारा, जिला लुधियाना (पंजाब) में की जाएगी। अभ्यर्थियों की योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक निर्धारित की गई है। कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 18236 रुपए प्रति माह सीटीसी तथा 14300 रुपए इन-हैंड वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही पीएफ, ईएसआईसी तथा बीमा जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# चंबा में युवकों पर हमला करने वाले 6 आरोपी काबू

## चामुंडा माता मंदिर रोड के पास हुई थी वारदात, इलाके में दहशत

**अनंत ज्ञान, चंबा**




हमले में घायल त्रिवेश्वर सिंह और अभिषेक कुमार।

बुधवार शाम चंबा शहर के सुराड़ा मोहल्ले में बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो युवकों पर 20 से 25 लोगों ने अचानक हॉकी, लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दिया। यह पूरी वारदात चामुंडा माता मंदिर रोड के पास की बताई जा रही है।

घायल युवक त्रिवेश्वर सिंह निवासी सुराड़ा मोहल्ला ने बताया कि वह शाम के समय अपने घर लौट रहे थे कि अचानक पीछे से आए कुछ लोगों ने मोटरसाइकिल से उन्हें टक्कर मारी और उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान अभिषेक निवासी कियानी वहां पहुंचा तो भीड़ ने उस पर भी हॉकी और लोहे की रॉड से प्रहार करना शुरू कर दिया। अभिषेक के अनुसार, लगभग 20 से 25 लोग बाइक और कारों में सवार होकर आए थे। हमले के दौरान उन्होंने गाली-गलौज की और देवी-देवताओं का अपमान भी किया।

कुछ ही देर बाद जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर वहां से भाग निकले। घायल अवस्था में दोनों युवकों को चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। त्रिवेश्वर सिंह को हाथ, सिर और घुटने पर चोटें आई हैं। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों युवक खतरे से बाहर हैं।

इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : डीएसपी



**चंबा** के डीएसपी रंजन शर्मा ने बताया कि बुधवार शाम लगभग 6 बजे उन्हें चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक घायल अवस्था में उपचार के लिए लाए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों की एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) प्रक्रिया पूरी की गई। डीएसपी ने बताया कि घायलों के बयान धारा 173 बीएनएसएस के अंतर्गत दर्ज किए गए। प्रारंभिक जांच के आधार पर आईपीसी धारा 323, 147, 148, 149 भारतीय दंड संहिता के तहत सदर थाना चंबा में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने छह व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी रंजन शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान अभिषेक और त्रिवेश्वर के बयानों के आधार पर बीएनएस की धारा 296 और आईपीसी की धारा 195 भी जोड़ी गई है। अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं, जो संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। डीएसपी ने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# चूड़ी-बकल सड़क निर्माण बना ग्रामीणों की मुसीबत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चूड़ी से बकल तक बन रही सड़क अब स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है। पिछले दो दिनों से बकल वार्ड के ग्रामीण धूल और मलबे से बेहाल हैं। सड़क की दुर्दशा के कारण लोगों को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

ग्राम पंचायत राडी के गांव कुढ़न निवासी सुमन ठाकुर ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के चलते क्षेत्र के लगभग 600 लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि जब इस समस्या को लेकर सहायक अभियंता राख (एसडीओ) से बात की गई, अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

सुमन ठाकुर के अनुसार, ठेकेदार ने बात कर कुछ करने का भरोसा तो दिया है, लेकिन स्थिति अब भी वैसी ही बनी हुई है।

### सुमन ठाकुर बोले-अब सब्र का बांध टूटा, एनजीटी में करेंगे शिकायत

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे।

उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर हो रहे इस तरह के कुप्रबंधन ने ग्रामीणों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है। 'हमने प्रशासन से बार-बार गुहार लगाई है कि सड़क निर्माण कार्य को पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा के अनुरूप करवाया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके।

# एनएसएस शिविर में स्टूडेंट्स ने जाना मानसिक स्वास्थ्य और स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, चंबा**



एनएसएस शिविर में स्टूडेंट्स और विशेषज्ञ चिकित्सक।

पीएम श्री राजकीय बाल माध्यमिक विद्यालय चंबा में आयोजित एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, पोषक आहार और शारीरिक स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्रोत समन्वयक के रूप में डॉ. प्रीति, डॉ. मिताली, डॉ. अखिल और निशा चौहान ने स्वयंसेवकों के साथ संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने चिकित्सा विशेषज्ञों से कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान शिक्षकों द्वारा विस्तार से किया गया। लगभग दो घंटे चले इस सत्र में विद्यार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में श्रमदान कर क्यारियों का निर्माण किया और स्कूल के चारों ओर सफाई अभियान चलाया। विद्यालय के बीच में उगी झाड़ियों को भी हटाया गया, जिससे परिसर और अधिक स्वच्छ और सुंदर बन गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और अनुशासन ही एक अच्छे नागरिक की पहचान है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा, ताकि विद्यार्थी मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन सकें।

### चंबा में दो गुटों की भिड़ंत को धार्मिक रंग न दें : लतीफ मोहम्मद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी चंबा के अध्यक्ष लतीफ मोहम्मद ने हाल ही में चंबा में दो गुटों के बीच हुई झड़प को लेकर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मामला आपसी विवाद से जुड़ा है, इसे किसी भी सूरत में धार्मिक या साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चंबा की पहचान आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के लिए रही है, इसलिए किसी भी तरह की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से बचना चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करने की मांग भी की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# चंबा के 60 बच्चे राज्यस्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

### विधायक डॉ. जनक राज ने दी शुभकामनाएं



बाल दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक शिमला में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बाल-बालिका देख-रेख संस्थान मैहला, चम्बा, साहो तथा चिल्ली चंबा के कुल 60 बच्चे भाग लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तरीय आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनमें आत्मविश्वास पैदा करने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले बच्चों में अपार प्रतिभा है, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से ये बच्चे भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने बाल संरक्षण विभाग तथा संबंधित संस्थानों के प्रयासों की भी सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधायक ने आशा व्यक्त की कि बाल बालिका देख-रेख संस्थानों के सभी बच्चे न केवल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे बल्कि अपनी मेहनत और लगन से दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे।

# जोगिंद्रनगर की सड़कों पर गड्ढों और उड़ती धूल से जनता परेशान



**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की मुख्य सड़कों पर पड़े गड्ढे और उड़ती धूल ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। बाजार से सरकाघाट मार्ग तक सड़कों की जर्जर हालत पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना दोनों ही खतरनाक बना रही है। सड़क किनारे झाड़ियां काटने पर विभाग का ध्यान केंद्रित रहने के बावजूद, मरम्मत कार्य ठप है।

दुकानदारों का कहना है कि उड़ती धूल के कारण उनका सामान धूल से ढक जाता है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। यात्रियों और राहगीरों का कहना है कि गड्ढों के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। लडभड़ोल-नेरी लांगना मार्ग भी खतरे से खाली नहीं है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने बजट की कमी का हवाला दिया, लेकिन स्थानीय लोग इसे बहाना मान रहे हैं। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई, तो आंदोलन किया जाएगा।

# गुआं स्कूल में वार्षिक समारोह में बच्चों ने बिखेरे कला के रंग

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत पड़ने वाली पाठशाला गुआं में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। इस दौरान बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता गद्दीयाली नाटी रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह में कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने मुख्यातिथि को फूलों का गुलदस्ता भेंट स्वरूप दिया, वह टोपी, शॉल वह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्यातिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

यहां मौजूद पाठशाला समिति के अध्यक्ष पूर्ण सिंह ने कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर से विद्यालय में चल रही स्टाफ की कमी वह जर्जर हो चुके कला मंच को पुनर्निर्माण की मांग की। जिस पर ललित ठाकुर ने मंच से अपने विचार रखता हुए कहा कि मैं भी इसी विद्यालय का स्टूडेंट रहा हूं। वह वार्षिक समारोह के आयोजन पर मुख्यातिथि के तौर पर आमंत्रित करने के लिए विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा का धन्यवाद किया। वह जल्द ही विद्यालय में चल रही स्टाफ की कमी को पूरा करने की वह जर्जर हालत में चल रहे कला मंच को बहुत जल्द पुनर्निर्माण करने की बात कही। इस दौरान मुख्यातिथि के साथ बलोठ पंचायत के प्रधान देवराज, राडी पंचायत की प्रधान दीपा कुमारी, लोथल पंचायत के प्रधान सहित लछिया राम, श्रवण कुमार तथा बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय प्रभारी सोनी वासुदेवा ने विद्यालय पहुंचे सब लोगों का धन्यवाद किया।

# राजस्व संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र हो समाधान : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं। यह निर्देश आज उन्होंने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राजस्व अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति का शीघ्र प्राक्कलन तैयार करें, ताकि प्रभावित लोगों को समय रहते राहत उपलब्ध करवाई जा सके।

### प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति का शीघ्र प्राक्कलन करें तैयार

उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उपायुक्त ने राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अतिक्रमण से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को उपमंडल स्तर पर ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा करने को भी कहा। उन्होंने ऑडिट पैरा के अंतर्गत रिकवरी प्रक्रिया को गति देने, मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 पर प्राप्त राजस्व संबंधी शिकायतों का शीघ्र निपटारा निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

इसके अतिरिक्त बैठक में निशानदेही, तकसीम, कब्जा नाजायज, इंतकाल, जमाबंदी नवीनीकरण, राजस्व भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य, वसूली, पुस्तकालय निर्माण, पुराने विलेख प्रविष्टि तथा राजस्व विभाग के रिकॉर्ड की स्कैनिंग प्रक्रिया जैसे विषयों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, जिला योजना अधिकारी जीवन कुमार सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत हरिपुर में स्थापित होगा सौर ऊर्जा संयंत्र: रेपसवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला चंबा की ग्राम पंचायत हरिपुर में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से सौर ऊर्जा संयंत्र, सौर गली रोशनियां (स्ट्रीट लाइटें) तथा छतों पर 200 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत हरिपुर में स्थापित होने वाले 200 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए आवश्यक विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं।

उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारी चंबा और परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा को निर्देश दिए कि वे पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर 6 बीघा भूमि का प्रावधान सुनिश्चित करें तथा परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही, एफआरए केस शीघ्र तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत हरिपुर के पांच वार्डों में प्रत्येक वार्ड में 10 सौर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पंचायत घर एवं चार शिक्षण संस्थान भी इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने बताया कि सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने के पश्चात ग्राम पंचायत हरिपुर को प्रति वर्ष लगभग 10 से 11 लाख रुपए की आय प्राप्त होगी, जिससे पंचायत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, खंड विकास अधिकारी महेश चंद ठाकुर, परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा शशिकांत आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम 'संस्कृति-2025' थीम का जोरदार हुआ समापन

# विधानसभा अध्यक्ष ने बगढ़ार क्लस्टर स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स किए पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, चंबा ( बनीखेत )**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढ़ार के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 'संस्कृति-2025' में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर बगढ़ार, रंगड़, खुंई और प्राथमिक विद्यालय बगढ़ार के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विधानसभा अध्यक्ष ने शैक्षणिक, खेलकूद और सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और हिमाचल प्रदेश अब शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल है। पठानिया ने बताया कि 16 करोड़ की लागत से बन रही बगढ़ार-नगाली पेयजल योजना का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है और दिसंबर-जनवरी में इसका लोकार्पण होगा। उन्होंने भटियात क्षेत्र में 27 संपर्क मार्गों, सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं और पर्यटन विकास की योजनाओं का भी उल्लेख किया।

उन्होंने विद्यालय को कबड्डी मैट देने तथा वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए क्रमशः 21 हजार और 11 हजार रुपए की घोषणा की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ और स्थानीय लोगों ने अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### चंबा में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल चंबा-1 की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, शुक्रवार 14 नवंबर को चंबा शहर के कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता ई. तेजू राम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बाधा पुलिस लाइन-1, पुलिस लाइन-2, लोअर जुलाखड़ी तथा ट्रिगरमेंट प्लांट के तहत आने वाले क्षेत्रों में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के कारण होगी। इन क्षेत्रों में लोअर जुलाखड़ी, पुलिस लाइन, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, वन विभाग कार्यालय, वन कॉलोनी तथा बारगाह आदि स्थानों की बिजली आपूर्ति दिनभर प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस दौरान सहयोग प्रदान करें। साथ ही बताया कि मरम्मत कार्य मौसम की अनुकूलता पर निर्भर करेगा।

# जनजातीय गौरव दिवस पर 228 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खंड चिकित्सा अधिकारी भरमौर डॉक्टर दीपेश वराल ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत स्वास्थ्य खंड भरमौर में तीन अलग-अलग स्वास्थ्य कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें गांव उल्लांसा में 116 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की उसके उपरांत पीएचसी मांदा में 51 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा तीसरे कैंप आयुष्मान आरोग्य केंद्र देओल में 61 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य कैंपों में लोगों को बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दिनांक 14 नवंबर को आयुष्मान आरोग्य केंद्र क्वारसी में भी स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में लोगों के निशुल्क बीपी शुगर की जांच की जाएगी तथा दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस के ऊपर गांव क्वारसी में खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें लोगों को मधुमेह होने के कारण तथा इसके बचाव एवं लक्षणों की संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

अनंत Classifieds

नाम दुरुस्ती

**मैं, साहिल ठाकुर** (22 वर्ष) पुत्र श्री भादर सिंह निवासी गांव व डाकघर टिहरी, तहसील सदर, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरे दसवीं व 12वीं के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम बहादुर सिंह व बहादुर सिंह ठाकुर गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिता का सही नाम भादर सिंह है। इसे दुरुस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**लोग** बुरे को देखते हैं तभी उन्हें पता लगता है कि क्या अच्छा है। बुरा नहीं हो तो क्या पता लगे कि अच्छा क्या है?

–सर्वानंद

## संपादकीय

# सांसों पर भारी जहरीली हवा

वायु प्रदूषण आज मानव अस्तित्व के लिए संकट बन चुका है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में हवा का स्तर लगातार जहरीला होता जा रहा है। राजधानी दिल्ली में एक्यूआई 400 से ऊपर और कई इलाकों में 450 तक पहुंचना इस बात का संकेत है कि लोगों के फेफड़े धीरे-धीरे धूल और धुएं के बीच घुट रहे हैं। सांस लेना यहां अब एक जोखिम भरा कार्य बन गया है। सुबह की ताजी हवा, जो कभी जीवन का प्रतीक हुआ करती थी, अब मौत का कारण बन रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने भी इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने साफ कहा है कि दिल्ली की हवा इतनी खराब हो चुकी है कि अब मास्क भी लोगों को नहीं बचा सकते। यह टिप्पणी अपने आप में एक चेतावनी है कि हालात किस हद तक बिगड़ चुके हैं। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों से पराली जलाने पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, क्योंकि हर साल इसी वक्त खेतों में जलाई जाने वाली पराली से भारी मात्रा में धुआं उठकर दिल्ली की ओर फैलता है। इस धुएं में मौजूद सूक्ष्म कण वायुमंडल में लंबे समय तक टिके रहते हैं और सांस के जरिए शरीर में जाकर फेफड़ों, हृदय और दिमाग को प्रभावित करते हैं।

हर साल दिवाली के बाद दिल्ली की हवा जहरीली हो जाती है। पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद लोग अपनी खुशी जाहिर करने के लिए बेतहाशा पटाखे फोड़ते हैं। इससे हवा में कार्बन, सल्फर और धात्विक कणों की मात्रा बढ़ जाती है। जब यही धुआं ठंडी हवाओं और कोहरे के साथ मिल जाता है, तो वातावरण में एक स्थायी धुंध (स्मॉग) बन जाती है, जो कई दिनों तक छंटती नहीं। इस बार भी यही हुआ- दिवाली के बाद हवा में इतनी धुंध छाई कि सूरज की रोशनी तक धरती पर ठीक से नहीं पहुंच पा रही।

दिल्ली सरकार ने इस बार कृत्रिम वर्षा कराने की पहल की, ताकि वायुमंडल में जमा प्रदूषक कण नीचे बैठ जाएं, लेकिन यह योजना मौसम के अनुकूल न होने के कारण सफल नहीं हो सकी। लगातार सूखे मौसम और नमी की कमी ने प्रदूषण की स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। पड़ोसी राज्यों में गेहूं की कटाई के बाद पराली जलाने का सिलसिला भी जारी रहा। पंजाब और हरियाणा के किसान इसे अपनी मजबूरी बताते हैं, क्योंकि उनके पास पराली के निपटान के लिए वैकल्पिक साधन नहीं हैं। वे यह तर्क देते हैं कि जलाने से खेतों में राख के रूप में खाद मिलती है, लेकिन इस खाद के बदले में पूरे उत्तर भारत की हवा में जहर घुल जाता है।

सरकारी मशीनरी की निष्क्रियता भी इस संकट के लिए कम जिम्मेदार नहीं। नियम हैं, कानून हैं, जुर्माने के प्रावधान हैं, लेकिन इनका पालन सख्ती से नहीं होता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर साल आंकड़े जारी करता है, चेतावनी देता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई नगण्य रहती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद पराली जलाना, निर्माण स्थलों पर धूल उड़ना, गाड़ियों का धुआं निकलना और पटाखों का प्रयोग-सब कुछ वैसे ही चलता रहता है। यही कारण है कि लोगों के मन में सरकार या अदालत का डर खत्म होता जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में सांस, एलर्जी, अस्थमा, हृदय और फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, इतनी खराब हवा स्वस्थ लोगों को भी बीमार बना रही है। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहले ही चेतावनी दी थी कि भारत के अधिकांश शहरों की हवा सुरक्षित मानकों से कई गुना ज्यादा प्रदूषित है। इस समस्या का समाधान केवल सरकार या अदालतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। असली परिवर्तन जन-जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी से ही संभव है।

यह समझना होगा कि हवा सिर्फ दिल्ली की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की संपत्ति है। जब तक लोग अपनी आदतें नहीं बदलेंगे-जैसे बेवजह वाहन चलाना, कचरा जलाना, पटाखे फोड़ना, खुले में निर्माण सामग्री फेंकना-तब तक हवा साफ नहीं होगी। सरकारों को भी अब दीर्घकालिक नीति पर काम करना होगा। पराली प्रबंधन के लिए किसानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रथम प्रधानमंत्री

**पंडित** जवाहरलाल नेहरू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) थे। वे संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों में 'गुटनिरपेक्ष' नीतियों के लिए प्रसिद्ध हुए। 1930 और 1940 के दशक में वे स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल थे।



पंडित जवाहरलाल नेहरू
जन्म : 14 नवंबर,1889
मृत्यु : 27 मई,1964

नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में एक कश्मीरी ब्राह्मण परिवार में हुआ। विदेश में पढ़ाई कर भारत लौटने के बाद नेहरू ने वकालत शुरू की, लेकिन जल्दी ही राजनीति में सक्रिय हो गए।

1916 में उन्होंने कांग्रेस अधिवेशन में भाग लिया और महात्मा गांधी से पहली बार संपर्क किया। उन्होंने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 1929 में लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने तक वे मुख्य रूप से राजनीतिक दृष्टि से अग्रणी नहीं थे। नेहरू ने स्वतंत्र भारत में औद्योगीकरण, विज्ञान और शिक्षा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बड़े-बड़े बांधों को 'आधुनिक भारत का मंदिर' कहा, जिसमें भाखड़ा नंगल सबसे प्रमुख है। खेलों के प्रति उनकी रुचि थी और उन्होंने 1951 में दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन करवाया। उन्होंने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की और विभिन्न अनुसंधान केंद्रों को बढ़ावा दिया। राजनीति में उनका दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी था। उन्होंने लोकतंत्र, समाजवाद, एकता और धर्मनिरपेक्षता को अपने शासनकाल के स्तंभ माना। विदेश नीति में उन्होंने गुटनिरपेक्षता, पंचशील और विश्वशांति के सिद्धांतों का पालन किया। नेहरू लेखक भी थे। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया', 'ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री' और 'मेरी कहानी' शामिल है। ाचा नेहरू बच्चों से अत्यधिक स्नेह करते थे। उनके जन्मदिन 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने 27 मई 1964 को अंतिम सांस ली। उनकी संतान इंदिरा गांधी और पोते राजीव गांधी भी भारत के प्रधानमंत्री बने। ■



कविता

## चाचा का गुलाब

अनंत ज्ञान

रवि कुमार, साहित्यकार
बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

**मैं** चाचा नेहरू का गुलाब,
बहुरंग हूं लाजवाब।
मैं हूं कांटों में मुस्काता,
नौनिहालों के मन भाता।
बच्चा, बूढ़ा या हो जवान,
सबसे मेरा अनूठा नाता,
देवालय में देवों पर चढ़ता,
मैं मन ही मन इठलाता,
शहीद वाटिका की शोभा बढ़ाने,
नंगे पांव दौड़ा चला आता।
नेहरू चाचा के मन भाता,
लगाते थे कोट के अचकन में,
मनमोहन सुगंध फैली थी आर्यावर्त के आंगन में
विनती है सदा दाता के द्वार,
बच्चों का प्यार बनकर,
महकूं सात समंदर पार।
कांटों में भी फैला हूं बेमिसाल प्यार,
राष्ट्रीय फूल भी पुकारे कहीं यार।

# क्या प्रधानमंत्री मोदी अजेय, अविजित बन चुके हैं?

भाजपा व राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) गठबंधन ने कई राज्यों में बार-बार अपनी सरकारें बनाकर (विशेषकर पूर्वोत्तर भारत में) विपक्षी राजनीतिक दलों के भीतर राजनीतिक खलबली मचा रखी है। ये स्पष्ट इंगित करता है कि भाजपा या कहें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय राजनीति के केंद्र से हटाकर केंद्र में सरकार बनानी है तो अब निश्चित रूप से विपक्षी राजनीतिक दलों को 2029 के आम लोकसभा चुनावों या संभवत: 2034 का ही इंतजार करना पड़ सकता है।



मुमुक्षु के. ठाकुर
व्यंग्य लेखक, ओबड़ी (चंबा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कांग्रेस वाले 'महागठबंधन' के बहुत ही बड़े व महत्वपूर्ण घटक जनता दल यूनाइटेड (नीतीश कुमार) के छोड़कर चले जाने से भी मोदी के विपक्षी राजनीतिक दलों की लगभग सभी योजनाओं, आशाओं, आकांक्षाओं पर पानी फिर गया। यही नहीं, चंद्रबाबू नायडू, एआईडीएमके व अन्य क्षेत्रीय दलों के नेता भी एनडीएम में शामिल हैं। मोदी के साथ सरकार में शामिल न हों, तो भी ये सभी कम से कम मजबूत केंद्र सरकार से व्यर्थ में खुन्नस नहीं मोल लेना चाहेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी इसी श्रेणी में आते हैं। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है लोकसभा में लगभग 100 पर सिमट गए सबसे पुराने राष्ट्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस का। राजनीति में कभी भी, किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जब भाजपा लोकसभा की केवल मात्र दो सीटों (1984 में) से 282 और फिर 303 तक पहुंच सकती है तो कांग्रेस या कोई और पार्टी क्यों नहीं, पर, ये सब समकालीन राष्ट्रीय राजनीतिक, सामाजिक हालात पर निर्भर करता है। कांग्रेस पार्टी को संभावनाओं का गलत आकलन करके किसी खुशफहमी में कदापि नहीं रहना चाहिए। आपातकाल के तुरंत बाद 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व इंदिरा गांधी की बुरी हार हुई थी। इसके बावजूद 1980 में ही लोकसभा चुनाव जीतकर कांग्रेस ने फिर से केंद्र में सरकार बना ली थी।

यह हमेशा याद रखा जाना चाहिए कि ऐसा करिश्मा इंदिरा जैसी देश की बड़ी (संभवत: सबसे बड़ी) नेता ही कर सकती थीं, जिनकी विश्व-स्तर पर भी एक सशक्त पहचान थी। यह भी नहीं भूला जाए कि उस समय भारत के अधिकतम राज्यों में भी कांग्रेस पार्टी की सरकारें थीं और उनका संगठन भी बहुत मजबूत था। उस पर भी तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और जनता पार्टी के लिए नींव चढ़ा करेला (या कहें, कांग्रेस के लिए सोने पे सुहागा) यह रहा कि भांति-भांति के कई दलों से आए कई



प्रकार के विचित्र लोग केंद्र सरकार में मंत्री बनकर भी जनता के हितार्थ कुछ खास न कर पाए। उस समय कुछ नेताओं की मूर्खताओं ने भी आग में घी डालने का काम किया था।

1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। 1991 में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो नरसिम्हा राव जैसे अनुभवी, विद्वान और चौदह भाषाओं के ज्ञाता प्रधानमंत्री बने। इंदिरा गांधी की तो बात ही निराली थी। आज कांग्रेस या विपक्ष में ऐसा कोई राष्ट्रीय नेता दिखाई नहीं देता जो नरेंद्र मोदी के सामने खड़े होकर उन्हें चुनौती दे सके। लगभग पूरे नेहरू-गांधी परिवार की आलोचना करने वाले मोदी कभी भी इंदिरा गांधी के विरुद्ध एक शब्द नहीं बोलते, जिससे स्पष्ट है कि वे जानते हैं कि सरकारें कैसे बनाई और चलाई जाती हैं। कांग्रेस ने महात्मा गांधी और नेहरू के नाम पर राजनीति करते हुए सरदार पटेल और सुभाषचंद्र बोस जैसे महान नेताओं को लगभग भुला दिया, जबकि मोदी ने गांधी, पटेल, बोस, अंबेडकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का अपने पक्ष में प्रभावी प्रचार किया। उन्होंने इन सबको अपने राजनीतिक विचार में इस तरह जोड़ा कि जनता का बड़ा वर्ग उनके साथ जुड़ता चला गया। राहुल गांधी को भी कुछ श्रेय मिलना चाहिए। 2004 में जब मोदी एक साधारण मुख्यमंत्री थे, तब 2004 से 2014 तक राहुल लगभग देश के अघोषित उप प्रधानमंत्री थे, परंतु उन्होंने इन दस वर्षों में कोई ठोस नीति या दीर्घकालिक रणनीति नहीं बनाई। परिणामस्वरूप 2014 के चुनाव में मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 282 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। इसमें सौ सीटें तो विपक्ष ने अपनी कमजोरियों के कारण जैसे उपहार में दे दी थीं। अब मोदी देश के सबसे बड़े और प्रभावशाली नेता बन चुके हैं, जिनकी वैश्विक स्तर पर भी एक ठोस पहचान है। विश्व के प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष उनके विचारों और नीतियों से प्रभावित दिखाई देते हैं। केंद्र की राजनीति का मार्ग उत्तर प्रदेश से होकर जाता है और मोदी-योगी की जोड़ी ने लगातार तीन बार इस राज्य में शानदार जीत दर्ज कर विपक्ष की कमर तोड़ दी है।मैं स्वयं कई बार मोदी के 'तानाशाही' जैसे रवैये का आलोचक रहा हूं, लेकिन एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में उनका प्रशंसक भी हूं। वे भली-भांति जानते हैं कि कब, कहां और कितना कहना या करना है। गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार विजय प्राप्त कर मोदी और अमित शाह ने अपनी रणनीतिक कुशलता साबित की है।

यदि कांग्रेस फिर से सत्ता में लौटना चाहती है, तो उसे अब गंभीरता से सोचना होगा। उसे एक सशक्त नेतृत्व, दीर्घकालिक पांच से सात वर्षीय योजना और ठोस संगठनात्मक ढांचा तैयार करना चाहिए। विपक्ष को कभी कमजोर नहीं आंकना चाहिए, जैसी गलती भाजपा ने 2009 में की थी। आज मोदी को एक 'अवतारी' और चमत्कारी नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, और करोड़ों लोग इस पर विश्वास भी करते हैं। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और बिहार के चुनावों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और भविष्य को और अधिक स्पष्ट करेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# माता-पिता का सच्चा प्यार : अनुशासन और मर्यादा का महत्व

हर मां-बाप अपने बच्चों के लिए दुनिया का सारा सुख चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि उनके बच्चों को कोई दुख या तकलीफ हो, लेकिन कई बार इसी चाहत में वे यह भूल जाते हैं कि सिर्फ प्यार ही नहीं, अनुशासन भी जीवन की आवश्यकता है।



रेखा चंदेल
झंडूता, बिलासपुर (हि.प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक बच्चा अगर सिर्फ लाड़-प्यार में पले, तो वह संवेदनशील तो बन जाता है, पर मजबूत नहीं। यही बात रिद्धिमा और उसके बेटे गौरव की कहानी हमें सिखाती है। एक ऐसी कहानी, जो केवल एक घर की नहीं, बल्कि आज के समय की हर उस मां की है जो अपने बच्चों से बेशुमार प्यार करती है, पर कभी डांटती नहीं।

रिद्धिमा अपने बचपन में मां की सख्ती से नाखुश रहती थी। उसे लगता था कि उसकी मां बेवजह छोटी-छोटी बातों पर टोकती है, डांटती है और उसकी आजादी छीन लेती है। बचपन की यही टीस उसके दिल में घर कर गई और उसने मन ही मन निश्चय किया कि जब वह मां बनेगी, तो अपने बच्चों को कभी नहीं डांटेगी, सिर्फ प्यार देगी। समय बीता, रिद्धिमा बड़ी हुई, उसकी शादी एक अच्छे परिवार में हुई और कुछ साल बाद उसने एक बेटे गौरव को जन्म दिया। गौरव उसके जीवन का केंद्र बन गया। वह उसकी हर छोटी-बड़ी इच्छा पूरी करती, कभी 'नाराज' नहीं कहती। उसे डर था कि कहीं उसका बेटा भी उससे वैसे ही नाराज न हो जाए, जैसे वह अपनी मां से हुआ करती थी।

धीरे-धीरे गौरव बड़ा हुआ, लेकिन उसका बचपन बिना सीमाओं के बीता। वह जिद्दी, संवेदनशील और अनुशासनहीन बनता गया। स्कूल से रोज शिकायतें आने लगीं-कभी वह दोस्तों से झगड़ जाता, कभी पढ़ाई छोड़ देता। जब कोई उसे डांटता, तो वह रो पड़ता और खाना-पीना छोड़ देता। रिद्धिमा समझ नहीं पा रही थी कि आखिर उसकी परवरिश में कहां कमी रह गई। उसने तो कभी उसे दुख नहीं दिया, कभी डांटा नहीं, फिर क्यों उसका बेटा सही दिशा में नहीं



जा पा रहा? एक दिन रिद्धिमा अपनी मां से मिलने गई। मां ने बहुत प्यार से कहा, 'बेटी, जब मैं तुझे डांटती थी, तो तुझे रोकने के लिए नहीं, बल्कि संभालने के लिए डांटती थी। जिंदगी आसान नहीं है। बच्चे को सिर्फ प्यार नहीं, बल्कि सही दिशा भी चाहिए। अगर तू उसे हर चीज यूं ही देती रही, तो वो जीवन की सच्चाई नहीं समझ पाएगा। मां के इन शब्दों ने रिद्धिमा के मन को गहराई से छू लिया। उसे पहली बार एहसास हुआ कि मां की डांट में भी प्रेम और अनुभव का संदेश छिपा होता है। समय के साथ उसका बेटा गौरव किशोरावस्था में पहुंचा। लाड़-प्यार ने उसे कुछ ज्यादा ही स्वच्छंद बना दिया था। वह गलत संगत में पड़ गया, पढ़ाई से दूर हो गया और उसके स्वभाव में जिद बढ़ने लगी। धीरे-धीरे उसके व्यवहार से घर का वातावरण भी प्रभावित होने लगा। उस समय रिद्धिमा को अपनी मां की बात याद आई। बच्चे को खुश रखना जरूरी नहीं, बल्कि सही राह पर चलाना जरूरी है। रिद्धिमा ने तय किया कि वह बेटे को सही दिशा में ले जाएगी। उसने गौरव के साथ समय बिताना शुरू किया, उसकी पढ़ाई में मदद की और जीवन के मूल्यों को समझाने लगी। उसने गौरव को बताया कि सफलता केवल साधनों से नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन से मिलती है। धीरे-धीरे गौरव में बदलाव आने लगा। वह पढ़ाई में रुचि लेने लगा, बुरी संगत से दूर हुआ और जिम्मेदार बनता गया।

रिद्धिमा को एहसास हुआ कि सच्चा स्नेह वह नहीं जो हर इच्छा पूरी करे, बल्कि वह है जो बच्चे को सही रास्ता दिखाए। माता-पिता का काम केवल सुख-सुविधाएं देना नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों का संस्कार देना है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे घर में देखते हैं। यदि घर में अनुशासन और सम्मान का वातावरण होगा, तो बच्चे भी वैसी ही आदतें अपनाएंगे।

आज की पीढ़ी के पास साधन तो हैं, लेकिन सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक कम है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों को प्रेम के साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाएं। सख्ती में छिपा स्नेह ही सच्ची परवरिश का आधार है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में भारत का आधुनिक आपदा प्रबंधन

भारत एक ऐसा देश है जहां हर साल भूकंप, बाढ़, चक्रवात, सूखा, भूस्खलन और जंगल की आग जैसी विभिन्न प्रकार की आपदाएं आती हैं। इन आपदाओं से न केवल हजारों लोगों की जान जाती है, बल्कि अरबों रुपए की आर्थिक हानि भी होती है। पहले भारत की आपदा प्रबंधन प्रणाली मुख्य रूप से प्रतिक्रियाशील थी, अर्थात आपदा के बाद राहत और पुनर्वास पर केंद्रित, परंतु अब भारत एक सक्रिय, पूर्वानुमानित और प्रौद्योगिकी-संचालित मॉडल की ओर बढ़ रहा है।



राजन कुमार शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ
जिला ऊना (हि.प्र)
tcbcsirmour15@gmail.com

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) इन दोनों दृष्टिकोणों को पूरी तरह से बदल रही हैं। जलवायु परिवर्तन और तेजी से शहरीकरण के कारण आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है। ऐसे में उन्नत तकनीकें आपदा प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। एआई और एमएल के उपयोग से अब आपदाओं की पूर्व चेतावनी देना, जोखिम मूल्यांकन करना और राहत कार्यों का समन्वय अधिक प्रभावी हो गया है। भारत सरकार, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), इसरो, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और विभिन्न आईआईटी मिलकर एआई-संचालित पूर्वानुमान मॉडल तैयार कर रहे हैं, जो भविष्य की आपदाओं का अनुमान लगाकर जान-माल की हानि को कम करने में सक्षम हैं। इस प्रकार प्रौद्योगिकी आधारित आपदा प्रबंधन प्रणाली भारत को 'राहत से लचीलेपन' की ओर ले जा रही है, जहां उद्देश्य केवल राहत नहीं बल्कि समाज को आपदा-रोधी और सशक्त बनाना है।

एआई और एमएल का उपयोग कई चरणों में किया जा रहा है। मशीन लर्निंग मॉडल उपग्रह, मौसम, नदी स्तर और वर्षा डेटा का विश्लेषण कर बाढ़, चक्रवात और सूखे की सटीक भविष्यवाणी करते हैं। इसरो के कार्टोसैट और रीसैट उपग्रहों से प्राप्त चित्रों का एआई द्वारा विश्लेषण कर संवेदनशील



क्षेत्रों की पहचान की जाती है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) सेंसर और ड्रोन वास्तविक समय की निगरानी कर संभावित खतरों के अलर्ट जारी करते हैं। राहत कार्यों में एआई-सक्षम ड्रोन, रोबोट और जीआईएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम खोज-बचाव और राहत वितरण को तेज और सटीक बनाते हैं। भारत में कई संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। भारतीय मौसम विभाग ने नाउकास्टिंग प्रणाली जैसे एआई आधारित मॉडल विकसित किए हैं जो भारी वर्षा और बिजली की चेतावनी देते हैं। एनडीएमए कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) के तहत बहु-खतरा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली लागू कर रहा है। हैदराबाद स्थित आईएनसीओआईएस डीप लर्निंग आधारित मॉडल से सुनामी की चेतावनी देता है। इसके अलावा आईएमडी और आईआईटीएम द्वारा विकसित 'मेघदूत' और 'दामिनी' ऐप्स मौसम और बिजली गिरने की जानकारी लोगों तक पहुंचाते हैं। इन तकनीकों के प्रभाव को कई केस स्टडीज में देखा गया है। 2020 और 2021 के चक्रवात यास और अम्फान के दौरान एआई आधारित सिमुलेशन ने चक्रवात की दिशा और तीव्रता का 90% तक सटीक अनुमान लगाया, जिससे तटीय क्षेत्रों में समय रहते अलर्ट जारी किए गए। 2018 और 2022 की केरल बाढ़ में इसरो और गूगल एआई ने उपग्रह चित्रों से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का वास्तविक समय मानचित्रण किया, जिससे राहत कार्यों में तेजी आई।

एआई के उपयोग से पूर्व चेतावनी की सटीकता बढ़ी है, मानवीय और आर्थिक हानि कम हुई है तथा शासन और राहत कार्यों में पारदर्शिता आई है। हालांकि चुनौतियां भी हैं- जैसे डेटा की कमी, विभागीय समन्वय का अभाव, तकनीकी प्रशिक्षण की कमी, साइबर सुरक्षा और 'अंतिम-मील कनेक्टिविटी' की समस्या, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में चेतावनियां समय पर नहीं पहुंच पातीं।

भविष्य में भारत को राष्ट्रीय स्तर पर एआई-एकीकृत आपदा प्रबंधन ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है, जिसमें एनडीएमए और इसरो के डेटा की खुली पहुंच हो, स्थानीय इनपुट पर आधारित मॉडल तैयार किए जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाया जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# राष्ट्रीय बाल दिवस : चाचा नेहरू और बच्चों के अधिकारों का महत्व

राष्ट्रीय बाल दिवस हर साल 14 नवंबर को भारत में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। बच्चों से उनके विशेष स्नेह और लगाव के कारण उन्हें 'चाचा नेहरू' कहा जाता था, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 20 नवंबर को मनाया जाता है।




डॉ. कमल के प्यासा
स्वतंत्र लेखक, समखेतर
जिला मंडी (हि. प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में यह दिन विशेष रूप से बच्चों के अधिकारों, उनके स्वास्थ्य, कल्याण और सुख-सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद के आनंद भवन में हुआ था। माता स्वरूप रानी और पिता मोतीलाल नेहरू के यहां जन्मे नेहरू जी की प्रारंभिक शिक्षा घर पर हुई। बाद में उन्होंने हैरो स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और इंग्लैंड की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से प्राकृतिक विज्ञान में स्नातक और कानून की पढ़ाई पूरी की। 1912 में भारत लौटकर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी शुरू की। 1926 में महात्मा गांधी के संपर्क में आने के बाद वे 'असहयोग आंदोलन' और 'नमक आंदोलन' में शामिल हुए और कई बार जेल भी गए। उनके नेतृत्व और योगदानों को देखते हुए उन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष भी बनाया गया। नेहरू परिवार का मूल कश्मीर में था।

उनके पूर्वज राजनारायण कौल को 18वीं शताब्दी में दिल्ली के मुगल दरबार में बुलाया गया था। चांदनी चौक में नहर के किनारे रहने के कारण उन्हें 'नेहरू' नाम से जाना जाने लगा और इस तरह परिवार नेहरू के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

चाचा नेहरू बच्चों के प्रति अद्वितीय स्नेह रखते थे। उनका मानना था कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और प्रेरणा से ढाला जा सकता



है। उन्होंने हमेशा बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका दृष्टिकोण था कि बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें जिम्मेदार और अच्छे नागरिक बनाया जा सकता है।

उनका कहना था कि देश का भविष्य और विकास बच्चों पर ही निर्भर करता है। इसलिए बाल मजदूरी, बाल विवाह और किसी भी तरह के बाल शोषण के खिलाफ सतर्क रहना आवश्यक है। बाल दिवस पर देशभर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें बाल नाटक, बाल गीत, नृत्य, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन बच्चों को पुरस्कार, मिठाइयां और फल देकर किया जाता है। इस अवसर का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना, उनके अधिकारों और कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही मार्गदर्शन देना है।

बाल दिवस केवल चाचा नेहरू की जयंती के रूप में ही नहीं मनाया जाता, बल्कि यह दिन बच्चों के अधिकारों, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास के महत्व को भी उजागर करता है। यह हमें याद दिलाता है कि बच्चों का पोषण करना, उन्हें सशक्त बनाना और सही दिशा में मार्गदर्शन देना समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारी है। बच्चों के संरक्षण, उनके कल्याण और शिक्षा पर ध्यान देने से ही राष्ट्र का भविष्य उज्जवल और विकासशील बन सकता है।

इस अवसर पर हमें यह भी सोचने की जरूरत है कि केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष बच्चों के अधिकारों और कल्याण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। बाल दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपने समाज को बच्चों के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों ने की अमृतसर-जालंधर शैक्षिक यात्रा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लाईस कॉन्वेंट स्कूल के छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अमृतसर और जालंधर की शैक्षिक यात्रा की। अमृतसर में छात्रों ने स्वर्ण मंदिर का दर्शन किया और मंदिर के इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जालियांवाला बाग, बाघा बॉर्डर का भी भ्रमण किया। जालंधर में छात्रों ने साइंस सिटी, कपूरथला में विज्ञान एवं तकनीकी के विषय में जानकारी ली।

### चौंतड़ा के स्वयंसेवियों ने संवारा स्कूल परिसर

**अनंत ज्ञान, चौंतड़ा।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हुआ। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मधु राठौर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिविर में 54 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत व पहाड़ी नृत्य पेशकर मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को अनुशासन और संगठित होकर रहने के लिए प्रेरित किया तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### पुलिस थाना औट में खोए दस्तावेज की रिपोर्ट दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** औट थाना, जिला मंडी में राकेश कुमार निवासी गांव जोरी, डाकघर पनारसा ने अपने दस्तावेज़ों के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को शाम लगभग साढ़े छह बजे भुंतर से पनारसा जाते समय मनाली-दिल्ली एचआरटीसी बस (नं. एचपी 31-3865) में उनका पर्स गिर गया। पर्स में आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और 6 हजार रुपए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकाघाट में आज लगेगा मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला सैनिक बोर्ड मंडी की ओर से शुक्रवार को सैनिक रेस्ट हाउस सरकाघाट में सेवानिवृत्त सैनिकों और वीरनारियों की समस्याएं सुनी जाएंगी। वेलफेयर ऑर्गेनाइजर दोपहर 3 बजे उपस्थित रहेंगे। सुबह 10 बजे से मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने में सहयोग करेंगे। एक्स सर्विसमैन लीग सचिव कैप्टन बलदेव राज ने सभी सेवानिवृत सैनिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### मुल्थान कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** समाजसेवी संस्था गोद बैजनाथ, सिविल अस्पताल पालमपुर और यूथ रेड क्रॉस यूनिट, राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। सिविल अस्पताल पालमपुर की टीम ने रक्त संग्रहण किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने रक्तदाताओं और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान समाज सेवा और मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण है।

### सरकाघाट में अहिंसक संचार पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में प्रबंधन विभाग द्वारा अहिंसक संचार पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्रों को अहिंसक संचार के महत्व और व्यावसायिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में जागरूक करना था। प्रिंसिपल डॉ. रिखी राम कोंडल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में सहायक प्रोफेसर पंकज ठाकुर ने छात्रों को अहिंसक संचार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### बरोट स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में शुक्रवार, 14 नवम्बर को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान वंदना देवी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य, स्टाफ और स्कूल प्रबंधन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रधानाचार्य राजकुमार ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, अभिभावक, स्कूल स्टाफ और स्थानीय लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

### रोटरी क्लब तीन स्कूलों में लगाएगा हैंडवॉश यूनिट



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब ने तीन सरकारी स्कूलों में हैंडवॉश यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय क्लब की अर्धमासिक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। रोटरी अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि राजकीय बाल पाठशाला, राजकीय कन्या पाठशाला और राजकीय पाठशाला चौतड़ा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैंडवॉश यूनिट लगाई जाएगी। इससे विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदत और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ेगी। रोटरी क्लब पूरी लागत वहन करेगा और अंतरराष्ट्रीय रोटरी से सैद्धांतिक मंजूरी ली गई है। इससे पहले क्लब ने ई-लर्निंग प्रोजेक्ट और हाईजीन किट वितरित कर छात्रों को लाभान्वित किया। बैठक में रोटेरियन रमलाल वालिया, शेर सिंह, मुकेश, शशि सकलानी, पीसी महंत और डॉ. अनिल ठाकुर उपस्थित रहे।

### 'बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सीएम का विजन'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विजन है कि हिमाचल के दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को घर-द्वार पर सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। इसके तहत मंडी जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए गए हैं और हर अस्पताल में छह-छह विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए जा रहे हैं। गुलेरिया ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि डॉक्टरों की तैनाती पर कोरी राजनीति करने से जनता भ्रमित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं में किसी कमी नहीं है और इन कदमों से दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को मंडी या मेडिकल कॉलेज जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

## डॉक्टरों के तबादलों से दूरदराज क्षेत्रों में मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : दीपक शर्मा

**अनंत ज्ञान, मंडी**



**जिला** कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मेडिकल कॉलेज नेरचौक से डॉक्टरों के स्थानांतरण संबंधी आदेश को जायज बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्थानीय अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा इससे प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र-विशेषकर दूरदराज और आवश्यकता प्रधान इलाकों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह निर्णय स्वास्थ्य के संतुलित स्वास्थ्य वितरण योजना का हिस्सा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की नई तैनाती और स्थानांतरण से स्वास्थ्य सुविधाओं में कई महत्वपूर्ण सुधार होंगे। दूरदराज क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर होगी। जिला स्तरीय अस्पतालों की कार्यक्षमता और क्षमता बढ़ेगी। मरीजों को बड़े शहरों और मेडिकल कॉलेजों की ओर अनावश्यक यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। अनावश्यक रेफरल कम होंगे। जनता को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उपचार आसानी से सुलभ होगा। दीपक शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना केवल बड़ी इमारतें बनाने से नहीं, बल्कि सही स्थान पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से संभव होगा। सुक्खू सरकार का उद्देश्य सभी हिमाचलवासियों को सुलभ, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है।

# सड़क की धूल से सांसें जा रही फूल, बीबीएमबी नहर किनारे की कच्ची सड़क ने बदला जीवन

## दशकों से जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं ग्रामीण, मैनेजमेंट बोर्ड मौन

- **गर्मियों में पानी का एक टैंकर चलाकर प्रबंधन झाड़ लेता पल्ला**

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी) की ब्यास सतलुज लिंक परियोजना (बीबीएमबी) की बग्गी धनोटू नहर किनारे की कच्ची सड़क से उड़ने वाली धूल का क्षेत्रवासी दशकों से दंश झेल रहे हैं। धूल से लोग कई जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन बीबीएमबी प्रबंधन क्षेत्र की इस ज्वलंत समस्या को लेकर आंख मूंद कर बैठा हुआ है।

इस परियोजना के लिए क्षेत्र के किसानों ने अपनी भूमि कौड़ियों के भाव बीबीएमबी प्रबंधन को दी। बीबीएमबी प्रबंधन ने इन किसानों को कोई सुविधा नहीं दी।

**बीबीएमबी प्रबंधन को इस परियोजना से करोड़ों का लाभ :** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड की इस नहर से बीबीएमबी प्रबंधन को विद्युत उत्पादन से हर माह करोड़ों रुपए का लाभ होता है, लेकिन हिमाचल के वह विस्थापित (औसती )परिवार जिन्होंने इस परियोजना के लिए भूमि दी, उन्हें बदले में धूल खाने को मिल रही है।



बीबीएमबी नहर किनारे की कच्ची सड़क, जिससे उड़ने वाली धूल का क्षेत्रवासी दशकों से दंश झेल रहे हैं।

**अनंत ज्ञान मुद्दा**

### नहर किनारे कच्ची सड़क को किया जाए पक्का

**बग्गी** से लेकर धनोटू तक बीबीएमबी नहर किनारे की कच्ची सड़क को पक्का किया जाए। क्षेत्र में यह मांग उठने लगी है। प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना, बग्गी पंचायत के प्रधान विकास गुप्ता, कोट पंचायत के प्रधान दीनूराम, सलवाहन पंचायत के प्रधान पंकज चौधरी व उपप्रधान नीरज गुप्ता, भयारटा पंचायत की प्रधान प्रिया जसवाल, मंदिर टांडा पंचायत की प्रधान लता देवी, नलसर पंचायत के प्रधान विनोद ठाकुर तथा दियारगी पंचायत के प्रधान बालक राम, हाटेश्वरी महिला मंडल पाली की प्रधान हिमा यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों व समाजसेवी संगठनों ने बीबीएमबी प्रबंधन से नहर किनारे की कच्ची सड़क को पूर्ण रूप से पक्का करने की मांग की है।

> **बीबीएमबी** नहर किनारे की कच्ची सड़क पर पेवर डालने की प्रपोजल मुख्यालय को भेजी है। मंजूरी मिलने पर सड़क पर पेपर डालकर इसे पक्का किया जाएगा।
>
> **- वीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता, बीबीएमबी**

### मात्र दो स्थानों पर पेवर डालकर की इतिश्री

करीब 8 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क पर बीबीएमबी प्रबंधन ने मात्र दो स्थान पर नहर किनारे की इस सड़क पर पेबर बिछाकर किनारा कर लिया है, जिससे इस सड़क से उड़ने वाली धूल सड़क के किनारे रहने वाले ग्रामीणों तथा सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। इस सड़क से हर रोज सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं और इन वाहनों से उड़ने वाली धूल से यहां के ग्रामीण कई जानलेवा बीमारियों का शिकार हो गए हैं। आसपास के घरों में रहने वाले लोगों के घरों पर धूल की परतें जमी हुई है। बीबीएमबी प्रबंधन गर्मियों के दिनों में हर तीसरे दिन एक टैंकर चला कर सड़क पर पानी का छिड़काव कर पल्ला झाड़ लेता है, जबकि बरसात को छोड़कर शेष 9 महीने इस सड़क से धूल उड़ती रहती है।

# बदले की भावना से काम करना छोड़ सुक्खू विकास पर दें ध्यान : जयराम

### कहा- राजनीतिक द्वेष भावना से काम कर रहे सीएम सुक्खू

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- **नेरचौक मेडिकल कॉलेज से 41 डॉक्टर एक साथ हटाने पर दी प्रतिक्रिया**
- **विधानसभा में देना होगा जवाब, 2027 में भुगतना होगा कांग्रेस को खामियाजा**

**मंडी।** लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज एवं अस्पताल नेरचौक से 41 डॉक्टरों के एक साथ तबादले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राजनीतिक द्वेष भावना के साथ काम करने के आरोप लगाए हैं। प्रेस विज्ञप्ति में जयराम ठाकुर ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई है, तब से अजीबोगरीब फैसले लेकर या तो संस्थान बंद किए जा रहे हैं या फिर उन्हें जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन का हवाला देते हुए अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले हैं लेकिन व्यवस्था सुधारने के बजाय इसे पतन की ओर ले गए हैं।

यह पहला अवसर नहीं है कि मुख्यमंत्री जहां भी जाते हैं वहां देने के बजाए छीनने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि दो बार अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव में मुख्यमंत्री आये और कहा कि एक माह के अंदर नेरचौक मेडिकल कालेज में एमआरआई मशीन स्थापित कर दी जाएगी, लेकिन तीन साल पूरे होने को हैं, लेकिन उनकी घोषणा धरातल पर नहीं उतर पाई। हकीकत तो यह है कि सरकार बनने के बाद से अब तक इन तीन वर्षों में एक बार भी रोगी कल्याण समिति गवर्निंग बॉडी की मीटिंग तक यहां नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्री के पास महत्वपूर्ण बैठक करने का भी समय नहीं है। जब भी इनका मंडी का दौरा होता है तो कुछ न कुछ छीनकर ले जाते हैं। सबसे पहले इन्होंने मंडी आकर हमारे समय में खोली गई प्रदेश की दूसरी सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी को बंद करने का प्रयास किया और जब हमने इसका विरोध किया तो उसका दायरा घटाकर मात्र दो जिलों के कॉलेज तक इसे सीमित कर दिया। यही नहीं इनकी मंशा इस संस्थान को भी पूरी तरह बंद करने की थी लेकिन हमने विधानसभा में इसे लेकर अपना रोष प्रकट किया तो इसको कमजोर करने की अभी तक कोशिशें जारी हैं। कांग्रेस को कोई फायदा मिले लेकिन इनकी इन्ही हरकतों की बजह से तय है कि 2027 में भाजपा सभी दस सीटें जीतेगी।

### जिला अध्यक्ष निहालचंद ने बल्ह विधानसभा परिचय बैठक में सरकार पर साधा निशाना, कहा-

# भाजपा करेगी जनविरोधी फैसलों का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भारतीय** जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा और मंडी जिला प्रभारी बलदेव भंडारी ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा पदाधिकारियों की परिचय बैठक में भाग लिया। यह बैठक रिवालसर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा और नेरचौक मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बल्ह विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए और प्रदेश सरकार की जनविरोधी व क्षेत्रविरोधी नीतियों पर चर्चा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा मंडी जिला और बल्ह क्षेत्र के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने नेरचौक मेडिकल कॉलेज में 41 डॉक्टरों के एक साथ तबादले को प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और जनता के हितों के खिलाफ करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर करने वाला है और जनता के हितों के खिलाफ है। भाजपा आने वाले समय में इस निर्णय का पुरजोर विरोध करेगी और मंडी जिला में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

भाजपा जिला प्रभारी बलदेव भंडारी ने कहा कि भाजपा आने वाले समय में मंडी जिले में एक मजबूत रणनीति बनाकर संगठन को और अधिक सशक्त करेगी। भाजपा कार्यकर्ता देश और समाज के लिए समर्पित हैं और वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से भाजपा मंडी जिले में और भी मजबूत होकर उभरेगी।

## मंडी-स्योह के बीच चलने वाली बस के बार-बार खराब होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी से स्योह के बीच चलने वाली एचआरटीसी बस सेवा यात्रियों और स्कूली बच्चों के लिए परेशानी बन गई है। सुबह मंडी से स्योह और शाम को स्योह से मंडी लौटने वाली यह बस पटड़ीघाट होकर गुजरती है, लेकिन यह हफ्ते में लगभग एक बार बीच रास्ते में खराब हो जाती है। पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधी चंद और स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल, कॉलेज, आईटीआई के विद्यार्थी और आम राहगीर रोजाना इस बस से सफर करते हैं, लेकिन बार-बार खराब होने से बच्चों को कई बार स्कूल या कॉलेज से छुट्टी करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि इस रूट पर बस का नियमित रखरखाव किया जाए। कार्यकारी क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपुर अनिल शर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में आया है और समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

## जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में पांच नए विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त

- **कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने सीएम का जताया आभार**

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत भरी खबर आई है। सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में बुधवार को देर शाम पांच नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई। नियुक्त डॉक्टरों में कान-नाक-गला, बाल रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग और कैंसर उपचार विभाग के विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे अब क्षेत्र के मरीजों को गंभीर बीमारियों के लिए टांडा या मंडी नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन की बचत होगी। कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। उन्होंने डॉक्टरों के लिए बेहतर आवासीय क्वार्टर बनाने की भी मांग की, ताकि वे लंबे समय तक क्षेत्र की सेवा कर सकें। जीवन ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती से अस्पताल की कार्यक्षमता बढ़ेगी और जनता को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता और वार्ड सदस्य शिखा ने भी इस कदम को क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए राहतकारी बताया।

# संधोल नगर पंचायत में नालों सार्वजनिक स्थलों में पसरी गंदगी

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मंडी जिले की नवनिर्मित नगर पंचायत संधोल इन दिनों कचरा प्रबंधन की गंभीर समस्या से जूझ रही है। बाजार क्षेत्र से लेकर नालों और सार्वजनिक स्थलों तक हर ओर गंदगी पसरी हुई है। हाल ही में बने नालों में कूड़े-कचरे का अंबार जमा है, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थिति यह है कि लोगों के लिए नालों के किनारे से गुजरना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय प्रशासन और पंचायतें इस समस्या से निपटने में विफल रही हैं। लगभग दो वर्ष पूर्व पूर्व प्रशाशनिक अधिकारी ओशिन शर्मा ने स्वयं नाले में उतरकर सफाई अभियान चलाया था, लेकिन अब वही नाला फिर से डंपिंग साइट बन चुका है। लोगों का कहना है कि अधिकांश दुकानदार और निवासी सारा कचरा नाले या सड़क किनारे फेंक रहे हैं। इसमें पॉलिथीन, प्लास्टिक की बोतलें, सब्जियों के अवशेष, डायपर आदि शामिल हैं, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा बन चुके हैं। समाजसेवी डॉ. ओपी सिंह ने बताया कि यह समस्या 2008 से चली आ रही है, जब लोगों ने कचरा संग्रहण शुल्क देने से इनकार किया था। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। नागरिकों ने नगर पंचायत से ठोस कचरा प्रबंधन नीति बनाने और कड़े नियम लागू करने की मांग की है। एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा कि जल्द ही जलशक्ति विभाग के सहयोग से कचरा निपटान की व्यवस्था शुरू की जाएगी।



लोगों ने प्रशासन से स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

# आईआईटी मंडी के दीक्षांत समारोह में 604 स्टूडेंट्स को बांटी डिग्रियां



आईआईटी मंडी में 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा रमणीय नॉर्थ कैंपस कमांद में 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें 604 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 71 पीएचडी, 245 स्नातकोत्तर और 288 बीटेक स्नातक शामिल हैं।

इनमें 25 प्रतिशत से अधिक स्नातक महिलाएं हैं। यह दीक्षांत समारोह इस आईआईटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान प्रभाव और नवाचार-संचालित सीखने तथा अगली पीढ़ी के उद्यमियों की तैयारी में बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शा गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. शेखर सी. मंडे, पूर्व महानिदेशक, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) उपस्थित रहे। जिन्होंने दीक्षांत संबोधन में सतत विकास के लिए नवाचार के महत्व पर बल दिया और स्नातकों को राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों को समझदारी और नैतिकता के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. जगन्नाथ नायक, निदेशक, उच्च ऊर्जा प्रणाली और विज्ञान केंद्र (चेस), डीआरडीओ और प्रो. बुदाराजु श्रीनिवास मूर्ति, निदेशक, आईआईटी हैदराबाद, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रो. लक्ष्मिधर बेहरा, निदेशक, आईआईटी मंडी ने की। प्रो. बेहरा ने कहा आईआईटी मंडी हिमालय में सीखने और नवाचार के जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करता रहा है। प्रो. शेखर सी मंडे, पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर ने कहा में आईआईटी मंडी के सुंदर कैंपस और संस्थान का कायल हो गया हूं। वहीं, प्रो. बुदाराजु श्रीनिवास मूर्ति और डॉ. जगन्नाथ नायक ने छात्रों को राष्ट्र की सफलता में योगदान देने और केवल नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनने पर जोर दिया।

### हिमाचली टोपियां बनीं सबके सिर की शोभा

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** वर्ष 2009 में देश के नौवें संस्थान के रूप में स्थापित आईआईटी कमांद में आयोजित 13वां दीक्षांत समारोह लघु हिमाचल की झलकी दिखा गया। समारोह में उपाधियां व मेडल प्राप्त करने वाले सभी के सिर पर हिमाचली टोपी ताज के रूप में चमक रही थी। लगभग 1000 की क्षमता वाले सभागार में 70% से ज्यादा सिरों पर तथा मंचासीन 16 वीवीआईपी तथा वीआईपी के सिरों पर भी हिमाचली टोपी ही ताज के रूप में सजीं थी। केवल प्रेस दीर्घा में पत्रकार व अभिभावक बिना हिमाचली टोपी के विराजमान रहे। मंचासीन सात सदस्यीय वीवीआईपी प्रथम पंक्ति के दोनों किनारों पर व दूसरी पंक्ति में विराजमान नौ कुल ग्यारह महानुभावों के विशेष लिबास का रंग एक जैसा था, लेकिन प्रथम पंक्ति के मध्य में बैठे पांच वीवीआईपी एक ही रंग का विशेष लिबास पहने हुए थे। मंच पर इन सभी में केवल एक ही महिला शामिल रही।

### उत्कृष्टता और नेतृत्व के लिए पुरस्कार

**रियाअरोरा** को बीटेक में राष्ट्रपति स्वर्ण पदक और संस्थान रजत पदक से सम्मानित किया गया। वैभव केशरवानी को उत्कृष्ट अकादमिक और नेतृत्व योगदान के लिए निदेशक स्वर्ण पदक दिया गया। भाव्या को पोस्टग्रेजुएट कार्यक्रमों में असाधारण विद्वता के लिए संस्थान स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। अन्य बीटेक और पीजी छात्रों को संस्थान रजत पदक और विभिन्न मेमोरियल पुरस्कार प्रदान किए गए। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने सिविल इंजीनियरिंग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले तीन छात्रों को पुरस्कार देकर स्थायी अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता की मान्यता दी।

# धर्मपुर में दर्जनों बस रूट महीनों से बंद, लोग परेशान

**रितेश, अनंत ज्ञान**

- **किसान सभा ने 26 को सरकाघाट में प्रदर्शन करने का किया ऐलान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र में हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवाओं के दर्जनों रूट बंद होने से स्थानीय जनता महीनों से भारी परेशानी झेल रही है। लोगों को आवागमन के लिए निजी वाहनों या पैदल यात्रा पर निर्भर रहना पड़ रहा है। क्षेत्र के विधायक पर जनता की समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक बस रूटों की बहाली के बजाय हर बार 'नई बसों के आने' का बहाना बनाते हैं, जबकि सरकार के तीन साल पूरे होने के बाद भी नई बसें नहीं पहुंची हैं। सितंबर में धर्मपुर बस स्टैंड पर आई बाढ़ से कुछ बसें क्षतिग्रस्त जरूर हुईं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इसे सरकार और विधायक की नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि धर्मपुर डिपो से गद्दीदार, चोलगढ़, कून और आसपास के क्षेत्रों में कोई बस सेवा नहीं चल रही हैं, जिससे लोगों को कठिनाई हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने हमीरपुर से कुजाबल्ह, भदेहड़, चोलंगढ़ और तौरखोला तक नई बस सेवाएं शुरू करने की मांग की है। इसी तरह संधोल, सरकाघाट, कमलाह, बिंगा और भराड़ी के कई रूट भी बंद पड़े हैं। इस स्थिति से नाराज हिमाचल किसान सभा ने 26 नवंबर को सरकाघाट में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है और चेतावनी दी है कि यदि बस रूट बहाल नहीं किए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा महासचिव बाला राम, सोहन सिंह, मेहर सिंह, रूपचंद, बालम राम, हेमराज, पृथी सिंह, सुरेश कुमार, करतार सिंह, बृजलाल शर्मा, अमृतलाल, पूर्ण चंद, मेहर चंद, ओंकार सिंह, हरजीत सिंह, रामचंद, प्रवीण कुमार, सुरजीत सिंह, रमेल चंद, रमेश चंद, लुददर सिंह, प्रकाश चंद, राकेश कुमार, कुलदीप सिंह, नानक चन्द इत्यादि ने धर्मपुर व सरकाघाट डिपो के बंद किए गए बस रूटों पर जल्द बसें चलाने की मांग उठाई और अन्यथा सभा इसके लिए लगातार संघर्ष छेड़ेगी।

> **धर्मपुर** में आई भीषण आपदा के चलते करीब 20 बसें पूर्णतया डैमेज हो गई थीं, जिसके चलते रूट संचालित करने में परेशानी हुई है। जैसे-जैसे बसें ठीक हो रही हैं या दूसरे डिपो से मिल रही हैं, बाधित रूटों पर भेजा जा रहा है। कुछ दिनों में सभी रूटों पर बस सेवाएं बहाल कर दी जाएगी।
>
> **-अनिल शर्मा, आरएम, धर्मपुर**

## अधिकारी लाएं लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया में तेजी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में वीरवार को जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। डीसी ने बताया कि अधिनियम के तहत जिले के 5,36,750 पात्र लाभार्थियों में से 4,30,747 लाभार्थियों की पहचान पूरी कर ली गई है। उन्होंने अधिकारियों को चयन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे। डीसी ने बताया कि जिले की 854 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 3,23,072 राशन कार्डधारकों को आटा, चावल, दालें, चीनी, खाद्य तेल और नमक वितरित किया जा रहा है। अप्रैल से सितंबर 2025 तक 2,80,399 क्विंटल आटा, 1,75,029 क्विंटल चावल, 31,271 क्विंटल दालें, 34,443 क्विंटल चीनी, 2,17,856 लीटर खाद्य तेल तथा 10,870 क्विंटल नमक वितरित किए गए। बैठक में बताया गया कि जिले के बर्फबारी वाले क्षेत्रों की 84 दुकानों में से 68 को सर्दियों का अतिरिक्त राशन उपलब्ध कराया जा चुका है। जिले में 3 नई दुकानों और 7 शाखाओं को स्वीकृति दी गई, जबकि 8 दुकानों के प्रचार-प्रसार का निर्णय लिया गया। आधार सीडिंग शत प्रतिशत और मोबाइल सीडिंग 96.65 प्रतिशत पूरी की जा चुकी है। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, जिला नियंत्रक खाद्य बिजेंद्र सिंह पठानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. तारा देवी सेन को थाईलैंड में मिला 'सीनियर साइंटिस्ट ग्रीन अवॉर्ड'



वल्लभ कॉलेज मंडी की वनस्पति विज्ञानी बनी वैश्विक मंच पर हिमाचल की प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**एनवायरनमेंट** एंड सोशल डेवलपमेंट एसोसिएशन और डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 6वें वर्ल्ड एनवायरनमेंट समिट में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी (हिमाचल प्रदेश) की वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. तारा देवी सेन को 'सीनियर साइंटिस्ट ग्रीन अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें मालदीव गणराज्य के माननीय मत्स्य एवं समुद्री संसाधन राज्य मंत्री डॉ. अमजथ अहमद द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारत के राजदूत नागेश सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीबी शर्मा, अमेरिका के डॉ. एंथनी फुलफ्रेस तथा मालदीव के डॉ. अली नजीब सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सम्मेलन में दक्षिण एशियाई देशों नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव के अलावा नाइजीरिया, ऑस्ट्रेलिया, यूक्रेन और यूएई से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह आयोजन 9 से 11 नवंबर तक थाईलैंड में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से हुआ, जिसमें 27 देशों के 430 से अधिक प्रतिनिधि और 50 प्रमुख वक्ता शामिल हुए।

# उपमुख्यमंत्री करेंगे चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ

## 14 से 16 नवंबर तक अंब के मेला मैदान में होगा भव्य आयोजन, विस अध्यक्ष करेंगे समापन समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 नवंबर को माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 का शुभारंभ करेंगे। यह भव्य आयोजन 14 से 16 नवंबर तक अंब के मेला मैदान में होगा। समापन समारोह 16 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न होगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। डीसी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 14 नवंबर को माता श्री चिंतपूर्णी जी की पावन ज्योति की शोभायात्रा के साथ सायं 4 बजे मेला मैदान, अंब में किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और लोक परंपराओं का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।

तीन दिवसीय इस महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें स्थानीय कलाकारों के साथ साथ प्रदेश और देश के ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 14 नवंबर को लोकप्रिय गायक बब्बू मान, जबकि 16 नवंबर को प्रसिद्ध कलाकार अमृत मान अपने गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा हिमाचल के विख्यात गायक एसी भारद्वाज, कुमार साहिल और अनुज शर्मा सहित अन्य हिमाचली कलाकार प्रदेश की संगीत की समृद्ध परंपरा को अपनी मधुर प्रस्तुतियों से जीवंत करेंगे। इसके अतिरिक्त महिषासुर मर्दिनी नृत्य, हिमाचली नाटी ग्रुप, और फिरदौस बैंड जैसी प्रस्तुतियां सांस्कृतिक संध्याओं में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महोत्सव में फूलों की होली, मनोरंजन झूले, प्रदर्शनी स्टॉल, तथा हिमाचली हस्तशिल्प प्रदर्शनियाँ दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख हिस्सा होंगी। साथ ही, सामाजिक जागरूकता से जुड़े विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वहीं, विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की प्रेरणा से इस महोत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि यह क्षेत्र की आर्थिकी, उद्यमिता और स्थानीय रोजगार को भी नए अवसर प्रदान करेगा। इस साल यह महोत्सव का द्वितीय संस्करण है। पिछले वर्ष 26 से 28 सितम्बर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। महोत्सव ने आस्था और लोक-संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

### महोत्सव के लिए अंब पुलिस की व्यापक यातायात योजना तैयार

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



चिंतपूर्णी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते विधायक सुदर्शन बबलू व अन्य।

**अंब।** माता चिंतपूर्णी महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंब पुलिस ने विशेष तैयारियां की हैं। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अंब ने बताया कि 14 से 16 नवंबर तक के लिए एक व्यापक यातायात योजना तैयार की गई है, जो प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

इस दौरान अंब चौक, अठवां रोड, अंदौरा रोड, रेलवे बाइफरकेशन, प्रोफेसर कॉलोनी, रामलीला ग्राउंड गेट और बरगद के पेड़ के पास सात प्रमुख स्थानों पर बैरिकेड प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। केवल वीवीआईपी काफिले और सरकारी वाहन ही आयोजन स्थल तक जा सकेंगे, जबकि अन्य वाहनों के लिए आठ पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 600 वाहनों की है। आयोजन स्थल के 100 मीटर क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण के लिए गश्ती दल तैनात किए गए हैं। वहीं, दोसरका और नेहरियां की ओर से आने वाला अतिरिक्त यातायात नंदपुर के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें, ताकि महोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## भंजाल स्कूल में डिप्टी डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन क्वालिटी एवं कंट्रोल नीलम कुमारी ने निरीक्षण किया उन्होंने पाठशाला सभी विभागों का निरीक्षण किया, डिप्टी डायरेक्टर नीलम कुमारी की इंस्पेक्शन टीम में बीपीओ जोगिंदर सिंह एवं अन्य भी उपस्थित थे डिप्टी डायरेक्टर ने स्कूल के रिकॉर्ड की जांच की एवं कक्षाओं का भी निरीक्षण किया पाठशाला में सब कुछ सामान्य पाया गया, डिप्टी डायरेक्टर नीलम कुमारी ने स्कूल प्रशासन को विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी और उचित निर्देश भी जारी किए इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा अधीक्षक दिनेश शर्मा, लेक्चरर सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, अनु शर्मा, संदीप कुमार, सीमा कुमारी, मधु ठाकुर, अंकुर, सूद रमणीक बंस, राजन कुमार, विनोद ठाकरु, नरेश कंवर, नीरज कुमारी, संतोष ठाकुर, स्मृति चौधरी, रामिका कुमारी व अन्य सभी उपस्थित रहे, डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन नीलम कुमारी ने इसके अलावा भंजाल क्लस्टर के अंतर्गत विभिन्न प्राइमरी स्कूलो केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भंजाल एवं अन्य प्राथमिक स्कूलों का भी निरीक्षण किया।

## अंब अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा



अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन करते विधायक सुदर्शन बबलू।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** सिविल अस्पताल अंब में हर शुक्रवार गर्भवती महिलाओं के मुफ्त अल्ट्रासाउंड किए जाएंगे। यह जानकारी सीएमओ ऊना डॉ. संजीव वर्मा ने अंब अस्पताल में लगभग साढ़े 19 लाख रुपए की लागत से लगाई गई अल्ट्रासाउंड मशीन के लोकार्पण समारोह के दौरान दी। चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मशीन के स्विच को ऑन कर इसका विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों से घिरा हुआ है। यहां की गरीब लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए या तो होशियारपुर की ओर या फिर जिला मुख्यालय ऊना की और रूख करना पड़ता था, जिसके चलते लोगों का न केवल बहुमूल्य समय खराब होता था बल्कि उनकी जेब पर भी भारी खर्च पड़ता था। इसी को देखते हुए अंब व चिंतपूर्णी में अल्ट्रासाउंड की मशीनें लगाई गई है। इन मशीनों को लोगों को घरद्वार पर ही मुफ्त सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए ओपीडी भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से तीन करोड़ 36 लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इसी वर्ष सिविल हॉस्पिटल अंब में तीन और डॉक्टरों की तैनाती बहुत जल्द करवाई जाएगी।

बीएमओ डॉ. राहुल कतना ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल अंब में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके चलते ही यह अस्पताल कायाकल्प प्रोजेक्ट में चार बार टॉप टेन में रह चुका है एक बार नंबर एक और एक बार नंबर दो पर रह चुका है।

# डीएसपी डॉ. वसुधा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर, अब नगर निगम दिल्ली में बतौर असिस्टेंट कमिश्नर देंगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

एसडीपीओ अंब के पद से पुलिस जिला देहरा में बतौर डीएसपी स्थानांतरित हुईं डॉ. वसुधा सूद अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में सेवाएं देंगी।

डॉ. वसुधा सूद की नगर निगम दिल्ली में बतौर असिस्टेंट कमिश्नर विजीलेंस एंड टैक्स के पद पर तैनाती हुई है। वीरवार को अंब के नए एसडीपीओ अनिल पटियाल ने कार्यभार संभाल लिया है और डा. वसुधा सूद भारमुक्त हो गई हैं। डा. वसुधा सूद की दिल्ली में तैनाती पर प्रेस क्लब गगरेट ने उनके शानदार कार्यकाल को याद करते हुए उनके अगले कार्यभार के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शाल व टापी के साथ द्रोण महादेव की पवित्र पिंडी का चित्र भेंट किया। डॉ. वसुधा सूद ने अंब में बतौर एसडीपीओ के कार्याकल को अपने सेवाकाल का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने कहा कि यहां रहकर उन्होंने बहुत कुछ सीखा और यहां उन्हें करने को बहुत कुछ मिला। उनके इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने मादक द्रव्य पदार्थों की तस्करी को एक चैलेंज के रूप में लिया और मादक द्रव्य पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों को पकड़ने में उनके अधीन आने वाले पुलिस थानों के स्टाफ ने भी भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में दस-बीस नहीं बल्कि दर्जनों मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज हुए। यही नहीं बल्कि कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया था। उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की इच्छा जताई थी और उन्हें खुशी है कि उन्हें अब दिल्ली नगर निगम में बतौर असिस्टेंट कमिश्नर काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने उपमंडल अंब व गगरेट की सजग जनता के साथ यहां के सजग मीडिया का भी आभार व्यक्त किया।

### डीएसपी अनिल पटियाल ने संभाला कार्यभार

**अंब** के नए एसडीपीओ डीएसपी अनिल पटियाल ने वीरवार को कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले भी अनिल पटियाल हरोली में बतौर डीएसपी सेवाएं दे चुके हैं। अब वह आईआरबीएन वनगढ़ में डिप्टी कमांडेंट के पद पर तैनात थे। अनिल पटियाल ने कहा कि कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के साथ मादक द्रव्य पदार्थों की धरपकड़ पर उनकी नजर रहेगी। इसके साथ ही अन्य गैर कानूनी कार्यों पर भी नकेल कसी जाएगी।

## प्राणायाम के महत्व के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** स्थानीय आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में विद्यार्थियों को प्राणायाम के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयुष हेल्थ सेंटर सहयोग की टीम से आई शुभ लता और सुषमा देवी ने बच्चों को प्राणायाम के विभिन्न प्रकारों एवं उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राणायाम शरीर और मन के संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत प्रभावी है। इसके नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और एकाग्रता में सुधार आता है। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और नाड़ी शोधन जैसे प्रमुख प्राणायामों का प्रदर्शन भी करवाया।

# दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल अंब में स्पोर्ट्स डे मीट 2025-26 का हुआ आगाज

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**अंब।** दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल अंब में वीरवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'एनुअल स्पोर्ट्स डे मीट 2025-26' का आयोजन उत्साह और उमंग के माहौल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदु धीमान ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक गणेश वंदना से हुई, जिसने वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। इसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, योगाभ्यास तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। विद्यालय की प्रिंसिपल रश्मि राजपूत ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विद्यालय का उद्देश्य है कि हर बच्चा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। मुख्यातिथि इंदु धीमान ने भी बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के आयोजन बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान अभिभावक, शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा और अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बिरसा मुंडा के समाज में किए गए कार्यों को किया याद

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** अनुसूचित जनजाती के भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर बीटन में जिला स्तरीय सम्मेलन किया गया। इसमें मुख्यतिथि के रूप में प्रो. राम कुमार ने शिरकत की। इस सम्मेलन में बिरसा मुंडा को याद किया गया। प्रो. राम कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि मात्र 25 साल की उम्र में समाज के लिए शहादत पाने के वाले समाजसेवी थी। उन्होंने कहा की ऐसे महानायक को कांग्रेस की सरकारों ने याद नहीं किया, बल्कि उन्हें इतिहास से ही भुला दिया गया था, लेकिन जब मोदी सरकार बनी, तो उन्होंने बिरसा मुंडा को याद ही नहीं किया, बल्कि समाज में भी उनकी जीवनी को पहुंचाने का काम किया। बिरसा मुंडा ने समाज के लिए ऐसे काम किए हैं कि लोगों ने उन्हें भगवान का दर्जा दिया है। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री लखबीर सिंह लक्खी, प्रदेश अनुसूचित जनजाती मोर्चा के मिडिया प्रभारी पवन बीटन, लेखराज छाबड़ी, हरोली मंडल खास के अध्यक्ष अशोक कुमार, महामंत्री अमन भरद्वाज, अनुसूचित जनजाती के जिला अध्यक्ष हरी बाबा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश सचिव कमल सैनी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद, तिलक राज, सोहन लाल, दौलत राम, देसराज खेपड़, गुरविंद्र खेपड़, अरुण बीटन, संतोष देवी, कमला देवी, सुमन सहित अन्य लोगों ने भी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

# विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के वैश्विक महत्व से कराया अवगत

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

राजकीय महाविद्यालय चौकी मन्यार में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 'वर्तमान परिदृश्य में अंग्रेजी भाषा' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के वर्तमान महत्व, उसकी वैश्विक उपयोगिता तथा उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में इसकी भूमिका के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर कविता कौशल उपस्थित रही। व्याख्यान का संचालन डॉक्टर सगुन डोगरा द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक समय में अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता,सचार कौशल के विकास तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने के मूलभूत पहलुओं व आवश्यक प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉक्टर सगुन डोगरा ने बताया कि अंग्रेजी अब केवल एक विषय न रहकर वैश्विक संवाद व पेशेवर सफलता का प्रमुख माध्यम बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह अंग्रेजी भाषा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और इसे आत्मविश्वास के साथ सीखने का प्रयास करें। उन्होंने इस बदलते परिवेश में विद्यार्थियों को अपने विवेक का उपयोग करते हुए सही दिशा अपनी ऊर्जा का उपयोग करने की प्रेरणा दी। मुख्यातिथि प्रोफेसर कविता कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में न केवल भाषा दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें आधुनिक विश्व की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार भी करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण डॉक्टर रामकुमार नेगी, प्रोफेसर नवीन तथा अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## दिसंबर से नए एलएचबी डिब्बों के साथ दौड़ेगी हिमाचल एक्सप्रेस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** देश की राजधानी दिल्ली को जिला ऊना से जोड़ने वाली 14053/14054 हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी नए एलएचबी के साथ संचालित होगी। एलएचबी डिब्बों से इस रेलगाड़ी को रफ्तार मिलेगी साथ ही यात्रियों का सफर आरामदायक होगा। सुरक्षा के लिहाज से भी ये डिब्बे अधिक सुरक्षित रहेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 7 दिसंबर को दिल्ली जंक्शन से ये रेलगाड़ी नए एलएचबी डिब्बों के साथ दौलतपुर चौक के लिए रवाना होगी। इसमें 1 प्रथम श्रेणी वातानुकूलित; 1 द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित, 3 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित, 5 शयनयान श्रेणी ( स्लीपर), 4 सामान्य श्रेणी और 1 सिटिंग कम लगेज डिब्बा होंगे। बीते जुलाई महीने में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने जल्द इस रेलगाड़ी में नए डिब्बे लगाने की घोषणा की थी, अब हिमाचल एक्सप्रेस में एलएचबी डिब्बे लगाए जाने की घोषणा के बाद जिला ऊना से युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने आभार व्यक्त किया है।

# तंबाकू बेचते पकड़े 2 दुकानदार टास्क फोर्स ने किए चालान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश में खुली बीड़ी, सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पादों के खुदरा व्यापार पर लगाई गई रोक के बाद सिगरेट, बीड़ी व अन्य तंबाकू उत्पाद खुदरा कारोबार विनमय अधिनियम को लागू करवाने के लिए टास्क फोर्स मैदान में उतर गई है।

वीरवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर की अगुवाई में टास्क फोर्स ने स्वास्थ्य खंड गगरेट के कई क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया और दो दुकानदारों के नियमों की धज्जियां उड़ाने पर चालान किए। खंड चिकित्सा अधिकारी पंकज पराशर ने बताया कि बिना लाइसेंस अब तंबाकू उत्पाद बेचने पर एक लाख रुपये तक जुर्माना व एक वर्ष की कैद का प्रावधान है। प्रदेश में बढ़ते तपेदिक व कर्करोग के मामलों को देखते हुए अब समूचे प्रदेश में बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने पर रोक लगा दी है। यही नहीं, बल्कि अब खुली बीड़ी, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद बेचना भी अपराध की श्रेणी में है। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को सचेत किया था कि वे तत्काल अपनी ग्राम पंचायत के सचिव से तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस हासिल करें। इसके बाद अब खुली बीड़ी, सिगरेट व शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ इस अधिनियम को लागू करवाने का जिम्मा संभाले टास्क फोर्स एक्शन में आ गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर की अगुवाई में टास्ट फोर्स ने तहसील मुख्यालय घनारी, संघनई, अंबोटा व गगरेट बाजार का औचक निरीक्षण किया और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले कई दुकानदारों की दुकानों पर जांच की। इस दौरान दो दुकानदार अभी भी खुली सिगरेट बेचते पाए गए। जिस पर उनका चालान किया गया है।

# विधायक विवेक शर्मा ने बच्चों को मेहनत समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरणा दी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



बौल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावियों को सम्मानित करते विधायक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौल के सभागार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और प्रधानाचार्य अशवनी कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक तिलक और ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने वर्ष 2024-25 की शैक्षणिक, सह-पाठयक्रम और सांस्कृतिक गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और विद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा ने बच्चों को कड़ी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पुरस्कार केवल मेहनत का परिणाम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। वहीं प्रधानाचार्य अशवनी कुमार ने शिक्षा के महत्व, अनुशासन और धैर्य की सीख देते हुए छात्रों को अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, अनुसूचित जाति प्रदेश सदस्य विजय डोगरा, विभिन्न गणमान्य लोग और विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीमेंट के बैग सही पाए जाने पर हुए जमा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के नलवाड़ी के पास सरकारी सीमेंट के दर्जनों बैग मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोनिवि और खंड विकास कार्यालय के कर्मचारियों ने पुलिस दल के साथ मौके पर जाकर जांच की। जांच में पाया गया कि सीमेंट की गुणवत्ता सही है और बैग सुरक्षित हैं। सभी बैग सिविल सप्लाई विभाग बंगाणा में सुरक्षित रखवा दिए गए। एसडीएम सोनू गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच कमेटी गठित की है। कमेटी यह पता लगाएगी कि सीमेंट किन परियोजनाओं के लिए जारी किया गया था और क्या इसमें किसी तरह की लापरवाही या अनियमितता हुई।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक की फुटबाल पुरुष वर्ग टीम इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय चंबा को रवाना हुई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुनील रियात ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम पूरे जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के उद्देश्य से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर चुकी है 7 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर यासीन सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी टीम को अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### डॉ. सुमित बिलासपुर के पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने डॉ. सुमित पुन्याल को जिला बिलासपुर का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर डॉ. पुन्याल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा ईमानदार राजनीति, पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण – को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। डॉ. पुन्याल ने कहा कि आने वाले समय में बिलासपुर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक सुदृढ़ एवं सक्रिय संगठनात्मक ढांचा तैयार किया जाएगा, जिससे आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियां हर गांव और हर वर्ग तक पहुंचे।

**आर्थिकी**

## ऊना जिले के रामपुर और टकारला अनाज मंडी में शुरू हुई मक्की खरीद प्रक्रिया

# 16 किसानों से खरीदी 80 क्विंटल ऑर्गेनिक मक्की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी मक्की की जांच करते हुए।

प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में बुधवार को ऊना जिला के रामपुर और टकारला अनाज मंडियों में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की की खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत नागरिक आपूर्ति निगम के सहयोग से शुरू की गई है। मक्की खरीद प्रक्रिया के पहले दिन जिला ऊना के 16 किसानों से लगभग 80 क्विंटल मक्की की खरीद की गई। डीसी ऊना जतिन लाल ने बताया कि मक्की विक्रय करने वाले किसानों को उनकी फसल की रसीदें प्रदान की गई हैं तथा भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है और किसानों को इसके लाभों के प्रति जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि यह खेती विधि न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहती है। साथ ही इसमें खेती की लागत शून्य होने के चलते किसानों की आय में काफी मुनाफा होता है।

आत्मा परियोजना ऊना की निदेशक प्यारो देवी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है, साथ ही 2 रुपए प्रति किलोग्राम का भाड़ा भी दिया जा रहा है। इच्छुक किसान मक्की को अच्छे से सुखाकर और साफ करके एक सप्ताह के भीतर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रामपुर और टकारला स्थित गोदामों में विक्रय कर सकते हैं। ऊना के सासन गांव के प्रगतिशील किसान ओंकार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना किसानों के लिए एक सकारात्मक पहल है। उन्हें उनकी उपज के उचित दाम मिल रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। वहीं, बीनेवाल के प्रगतिशील किसान गुरदीप सिंह, बरनोह के दौलत राम और हरोली की पूनम ने बताया कि पहले रासायनिक खाद से तैयार मक्की केवल 23 रूपये प्रति किलोग्राम में विक्रय होती थी, जबकि अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की 40 रुपए प्रति किलोग्राम (भाड़ा सहित 42) में बेची जा रही है। इससे किसानों को अच्छा-खासा मुनाफा हो रहा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक प्यारो देवी, क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति रीटा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को दी पोक्सो, एनडीपीएस सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

'नशे के विरुद्ध एक युद्ध' अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कुरियाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ऊना, कमलदीप सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, समाज पर उसके नकारात्मक प्रभावों, तथा बच्चों के प्रति होने वाले यौन अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से बच्चों को संवादात्मक रूप में जागरूक किया गया। लगभग 200 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा योजनाओं, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 (पॉस्को एक्ट ), नशीली दवाओं एवं मनोदैहिक पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस एक्ट ), बाल तस्करी, गोद लेने की प्रक्रिया, साइबर अपराध, बाल श्रम व बाल विवाह से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा लागू मिशन वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना 2023, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, तथा सामर्थ्य योजना की विशेषताओं की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना 2023 के अंतर्गत अनाथ बच्चों को चार हजार रुपए प्रतिमाह भत्ता, विवाह के लिए दो लाख रुपए, स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए दो लाख रुपए, मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तथा शिक्षा से संबंधित सभी खर्चे राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं उनकी टीम ने दिया। कमलदीप सिंह ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं व जागरूकता संदेशों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि प्रत्येक व्यक्ति इनका लाभ उठा सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा जिला बाल संरक्षण इकाई ऊना की टीम उपस्थित रही।

# एक किलोमीटर सड़क बनाने में एनएचएआई को लगे ढाई महीने

एम बोकटाप, अनंत ज्ञान



**मनाली।** ढाई महीने बाद जुड़ी मनाली बाइपास सड़क इसे एनएचएआई की कामयाबी या नाकामयाबी इसकी चर्चा आजकल खूब हो रही है।

महज एक किलोमीटर सड़क बनाने में एनएचएआई को ढाई महीने का समय लग गया। अगस्त महीने में हुई भारी बारिश और बाढ़ से वॉल्वो बस स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक करीब एक किलोमीटर सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके अलावा कुल्लू मनाली हाईवे को भी भारी नुकसान हुआ था। एनएचएआई ने कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे को तो युद्धस्तर पर तैयार कर लिया था, लेकिन एक किलोमीटर वॉल्वो बस स्टैंड से भूतनाथ मंदिर तक बाइपास मार्ग तैयार करने में ढाई महीने लगा दिए, जिस का खामियाजा पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ा। एक किलोमीटर कच्ची और अस्थायी सड़क ढाई महीने में बनने पर विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है इस बाइपास सड़क को तैयार करने में स्थानीय लोगों का भी योगदान कम नहीं है (बाई पास सड़क नहीं होने से सभी बहनो को पुलिस स्टेशन से होते हुए जाना पड़ा जिस से वहां लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी। आधे घंटे का सफर करने के लिए एक तथा दस मिनट के सफर को आधा घंटे का समय लग रहा था। कुल्लू, मनाली नेशनल हाईवे पर अब यातायात तो बहाल हो गया है, लेकिन लोगों की मुश्किलें अब भी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कच्ची सड़क होने से सड़क के दोनों छोर पर रहने वाले स्थानीय लोग धूल और मिट्टी से परेशान हैं। यही हाल बामतट मार्ग का भी है।अलेउ में विद्युत विभाग के कार्यालय के पास सड़क तंग होने लगातार जाम लग रहा है। पर्यटन सीजन आने वाला है और कुल्लू मनाली को जोड़ने वाली दोनों सड़कों की हालत बद से बदतर है। वहीं, कुल्लू- भुंतर सड़क को बेशक वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है लेकिन अभी तक इस सड़क मार्ग पर मैटलिंग का कार्य नहीं किया हुआ है जिस कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

> मनाली बाइपास मार्ग को अस्थायी तौर पर जोड़ दिया गया है और यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए पुलिस के जवानों को तैनात किया जा रहा है। स्थानीय लोगों व पर्यटकों से अपील है कि सड़क किनारे कोई भी गाड़ी खड़ी न करें।
> केडी शर्मा, डीएसपी मनाली

अनंत ज्ञान मुद्दा

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक अनुराधा आज से स्पीति के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा 14 से 17 नवंबर तक स्पीति घाटी के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण करेंगी तथा जन समस्याएं भी सुनेंगी। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधायक अनुराधा राणा 14 नवंबर को दोपहर 12 बजे ताबो पहुंचेंगी और लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह ताबो में लोगों की समस्याएं सुनेंगी और उसके पश्चात 4 बजे ओल्ड सर्किट हाउस रिज में पहुंचने के उपरांत लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। 15 नवंबर को अनुराधा राणा 10:30 बजे रंगरिक में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम एवं वॉकथॉन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज की अध्यक्षता करेंगी और उसके पश्चात जन समस्याएं भी सुनेंगे तथा रंगरिक में सौर ऊर्जा परियोजना व रोंग-टोंग परियोजना के प्रवेश एवं जलाशय के प्रगति कार्य का निरीक्षण भी करेंगी। 16 नवंबर को विधायक 10:30 बजे काजा में ग्राम हट और दोपहर 12:30 बजे डेमूल में राजकीय प्राथमिक पाठशाला भवन तथा 3 बजे डंखर में राजकीय प्राथमिक पाठशाला भवन का उद्घाटन करेंगी और इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी। 17 नवंबर को अनुराधा राणा 11:30 बजे सगनम में राजकीय प्राथमिक पाठशाला भवन का लोकार्पण करेंगी तथा सगनम और कुंगरी पंचायत वासियों की समस्याएं भी सुनेंगी।

### पंचायत प्रतिनिधियों की पंचायत चुनाव टालने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** लाहौल-स्पीति जिले की ग्राम पंचायत काजा ने प्रदेश सरकार से आगामी पंचायत चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम काजा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजे ज्ञापन में कहा कि दिसंबर से फरवरी तक स्पीति क्षेत्र में अत्यधिक ठंड व बर्फबारी के चलते चुनाव करना कठिन रहेगा। ज्ञापन में मांग की है कि इस अवधि में तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता है। इससे मतदान कर्मियों व मतदाताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर स्थानीय लोग सर्दियों के दौरान किन्नौर, कुल्लू और मंडी जैसे निचले इलाकों की ओर पलायन कर जाते हैं, जिससे मतदाता संख्या में भारी कमी आ जाती है। पंचायत प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया है कि पंचायत चुनावों को मार्च माह तक स्थगित किया जाए, ताकि अधिकतम लोग अपने गांवों में मौजूद रह सकें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले सकें। स्पीति प्रधान संघ ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया ऐसे समय में आयोजित हो, जब जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन की प्रति पंचायतराज मंत्री, डीसी लाहौल-स्पीति व खंड विकास अधिकारी काजा को भी भेजी गई है।

### 14 व 15 को खेलकूद प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** निर्मल विलेज स्कूल परिसर में बाल दिवस से दो दिवसीय खेल उत्सव आरंभ हो रहा है। इसमें विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। प्रशासक कैलाश गौतम ने बताया कि खेल उत्सव का शुभारंभ 14 नवंबर को कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक गड़सा के शाखा प्रबंधक शेर सिंह करेंगे। मुख्यातिथि शेर सिंह बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पुरस्कार भी वितरित करेंगे। दूसरे दिन यानी 15 नवंबर को खेल उत्सव के समापन के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि डॉक्टर कल्याण सिंह होंगी। डॉक्टर कल्याण सिंह विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगी। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद का बड़ा महत्त्व है। इस समय तो यह आवश्यकता और भी बढ़ जाती है, जब बच्चे मोबाइल के साथ अपना समय बिताते हैं।

### कुल्लू कॉलेज में युवा महोत्सव का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में वीरवार को युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा विशेषातिथियों का टोपी, खतग पहनाकर आदर सत्कार किया गया। कार्यक्रम में अनेक युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभागार में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने बताया कि इसमें दो दर्जन से अधिक कॉलेजों के युवा महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

### 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पतलीकूहल।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत ठाकुर ने वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कर्ण ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण में डॉ. मोहित शर्मा, कैलाश शर्मा, राज किरण और डॉ. ज्योति मौजूद रहीं। डॉ. ठाकुर ने केंद्र की कार्यप्रणाली पर संतोष जताते हुए कहा कि सीएचसी पतलीकूहल 24 घंटे चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहा है, जो पर्यटकों और स्थानीयों के लिए उपयोगी है।

### झनियार गांव के अग्निकांड प्रभावितों को मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीरवार को एनएचपीसी स्टेज- के महाप्रबंधक रंजीत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तीर्थन घाटी के झनियार गांव में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए सहायता का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि झनियार गांव में 16 परिवारों के घर इस अग्निकांड में पूरी तरह से जलकर राख हो गए हैं, जिससे वे बेघर हो गए हैं। उन्होंने एनएचपीसी प्रबंधन से आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय निर्माण के लिए जीआई शीटें उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि वे जल्द अपने घरों का पुनर्निर्माण प्रारंभ कर सकें। यह शीटें ग्रामीणों के पशुधन के लिए पशु घर बनाने के लिए भी सहायक रहेंगी। एनएचपीसी प्रबंधन ने विधायक शौरी को इस आपदा की घड़ी में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

# पारा लुढ़कने से जमने लगी झीलें व नाले

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पारा शून्य के नीचे चला गया है। तापमान में गिरावट के कारण लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिले की 12 से 17 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सभी झीलें व झरने जमने लगे हैं। ट्रैकरों की पहली पसंद 14190 फुट ऊंची चंद्रताल झील सैलानियों के लिए पहले ही बंद कर दी है।

सैलानी इस झील के दीदार अब अगले साल ही कर सकेंगे। शीत मरुस्थल लाहुल घाटी की 14091 फुट ऊंची ढंखर झील सहित लेह मार्ग पर स्थित 15840 फुट ऊंची सूरजताल झील और पट्टन घाटी की 14000 हजार फुट ऊंची नीलकंठ झील भी तापमान लुढ़कने से जमने लगी है। हालांकि मनाली लेह मार्ग सेना के वाहनों सहित सभी छोटे बड़े वाहन इस मार्ग पर सरपट दौड़ रहे हैं लेकिन कड़ाके की ठंड के कारण मनाली-लेह, मनाली-रोहतांग और मनाली-काजा सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों की सड़कों पर ब्लैक आइस जमने लगी है। इससे वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी हो गई है। लाहुल स्पीति सहित मनाली में

## सड़कों पर जमने लगी ब्लैक आइस, सफर हुआ जोखिमभरा

मौसम साफ रहने के बावजूद घाटी में सुबह-शाम हड्डियां कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। दूसरी ओर जिला कुल्लू के रोहतांग दर्रे के समीप 14290 फुट दशोहर झील, 14100 फुट ऊंची भृगु झील भी जम गई हैं। तापमान के लुढ़कते ही लाहुल घाटी में सदियों का आगाज भी हो गया है। लाहुल निवासी सोमदेव, शेरू बाबा, शशि, दोरजे, टशी व पलजोर ने बताया कि पारा माइनस में जाने से घाटी की झीलें जम गई हैं।

घाटी में भी पारा माइनस पर लुढ़कने लगा है। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि सड़कों पर बर्फ की परत जमने लगी है, जिससे सफर जोखिमभरा हो गया है। उन्होंने यात्रियों और वाहन चालकों से सुबह और देर शाम के समय यात्रा से परहेज करने की अपील की है। प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर रात के समय सफर न करने की हिदायत दी है। उन्होंने पर्यटकों से भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।



12 से 17 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सभी झीलें व झरने जमने लगे हैं।

## खिली धूप के बीच रोहतांग दर्रे में लगा पर्यटकों का मेला

**वीरवार** को मनाली के मशहूर पर्यटन स्थल रोहतांग में खिली धूप के बीच पर्यटकों का मेला लग गया। सुबह धूप खिलते ही पर्यटकों ने रोहतांग का रुख करना शुरू के दिया। आज भी अधिकतर पर्यटक अटल टनल व कोकसर होते हुए रोहतांग दर्रे की ओर रवाना हुए। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ की विभिन्न खेलों का आनंद लिया। वीरवर को बाहरी राज्यों से आने वाली लग्जरी बसों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई। सुबह से दोपहर तक लगभग 55 लग्जरी बसें मनाली पहुंची जबकि छोटे वाहनों का भी आंकड़ा 600 के पार हो गया। पर्यटन कारोबारी लुदर व किशन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते शुक्रवार को पर्यटकों की आमद बढ़नी शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है।

# मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल्लू के चार खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व कर बढ़ाया मान

अनंत ज्ञान, भुंतर

कुल्लू के 4 मास्टर एथलीट्स ने चेन्नई में 5 से 9 नवंबर को आयोजित हुई 23वीं मास्टर्स एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन कर भारत का मान बढ़ाया।

इन सभी खिलाड़ियों का कुल्लू पहुंचते ही मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कुल्लू ने जोरदार स्वागत किया। माफी कुल्लू के सदस्य केशव राम ने चारों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टोपी व मफलर पहनाने के साथ मेमेंटो देकर सम्मानित किया। चेन्नई में आयोजित एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने कुल 814 मैडल हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रीलंका ने 139 मैडल प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया और थाइलैंड ने कुल 77 मेडल हासिल कर तीसरे स्थान पर अपना कब्जा जमाया। कुल्लू से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले मास्टर एथलेटिक्स नरेंद्र कुमार ने डिस्कस, शॉट पुट, जैवलिन, पोलवर्ड स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। भूपेंद्र पाल ने 5 हजार मीटर, 1500 व 800 मीटर रेस में कई प्रतिभागियों को पछड़ा कर अपनी काबलियत का लोहा मनवाया। हरि सिंह ने शॉट पुट, डिस्कस, जैवलिन स्पर्धा में खूब पसीना बहाया। वही दिनेश कुमार ने जैवलिन, 200 व 100 मीटर रेस में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। बता दें इस 23वीं चैंपियनशिप में एशिया के 21 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया । माफी के सदस्य केशव राम ने कहा कि जिला कुल्लू के 4 मास्टर एथलीट नरेंद्र कुमार,भूपेंद्र सिंह, हेम सिंह, दिनेश कुमार मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन कर कुल्लू का नाम रोशन किया, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। यह प्रतिभागी पहले भी स्टेट, नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर कई मेडल जीत चुके हैं। चेन्नई में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल्लू के इन चारों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना जौहर दिखाया। वही चारों खिलाड़ियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि भारत की ओर से खेलना ही हमारे लिए खुशी की बात थी। प्रतिस्पर्धा में नियमों के साथ साथ ड्रेस कोड का विशेष ध्यान रखना है। इन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लें।

# किसानों की आजीविका में सुधार के लिए प्रशिक्षण शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू के पांच किसानों को कृषि उपकरणों के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना(चरण दो) जायका-ओडीए के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू, जिला कुल्लू के अंतर्गत आने वाले 5 लाभार्थियों को आजीविका गतिविधियों के तहत दिए जाने वाले साढ़े चार माह का कृषि उपकरणों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। ऑर्चर्ड एंटरप्राइसिस, रामबाग, आखारा बाजार कुल्लू में किया गया। इस अवसर पर खंड परियोजना प्रबंधक कुल्लू डॉ. जयंत रतना ने प्रसून शर्मा का धन्यवाद करते हुए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी व उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि जायका परियोजना की यह पहल लाभार्थियों कि आर्थिक स्तिथि को सुदृढ़ करने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. जयंत रतना ने बताया कि जायका परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को रोजगार के नए अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में पूरी भागीदारी सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रत्येक माह प्रशिक्षण मानदेय भी दिया जाएगा। इसके पश्चात ऑर्चर्ड एंटरप्राइसेस के प्रबंध निदेशक प्रसून शर्मा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को उनके प्रशिक्षण के बारे में अवगत करवाया व उन्हें बताया कि किस तरह से वह यह कार्य सीख कर अपनी आजीविका में सुधार ला सकते हैं तथा सुचारु रूप से प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वे स्वयं ही खेतों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की मरम्मत कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिए ग्राम पंचायत गाहर से 1, ग्राम पंचायत कराडसू से 2 तथा ग्राम पंचायत काईस से 2 लाभार्थियों को चयनित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान सभी प्रशिक्षु टीकम राम, हरविंदर ठाकुर, अमर सिंह, हेमराज, बंसी लाल तथा खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से कृषि अधिकारी संजय कुमार व कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह मौजूद रहे।

# रघुनाथ अस्पताल, कुल्लू में हाई रिस्क मरीज का सफल ऑपरेशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रघुनाथ अस्पताल कुल्लू ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा क्षमता का परिचय देते हुए एक उच्च जोखिम वाले मरीज का सफल ऑपरेशन किया। 62 वर्षीय महिला मरीज डोली देवी, जो हाइपरटेंशन, इस्केमिक हार्ट डिजीज और सेकेंड डिग्री हार्ट ब्लॉक से पीड़ित थी, उनको जोनल अस्पताल कुल्लू से हाई कार्डियक रिस्क के कारण डेफर्ड केस के रूप में रेफर किया गया था।

रघुनाथ अस्पताल में मरीज का गहन मूल्यांकन कर, उन्हें ऑपरेशन के लिए प्री-ऑपरेटिवली ऑप्टिमाइज किया गया। इसके बाद 12 नवंबर को कार्डियक मॉनिटरिंग के अंतर्गत लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्त की थैली का ऑपरेशन) सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन डॉ. नासिर अली (जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन) के नेतृत्व में किया गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज का लिवर सिरोहॉटिक व नोड्युलर पाया गया तथा कैलॉट्स एरिया में डेंस एडहेशन्स मौजूद थीं, फिर भी सर्जरी पूरी तरह से सफल व सुरक्षित रही। ऑपरेशन के बाद मरीज को रिकवरी वार्ड में स्थिर अवस्था में निरंतर निगरानी के लिए शिफ्ट किया गया और वर्तमान में मरीज अच्छी तरह से स्वस्थ हो रहा है। इस जटिल व हाई रिस्क सर्जरी की सफलता का श्रेय रघुनाथ अस्पताल की अनुभवी सर्जिकल टीम और एनेस्थेटिस्ट डॉ. विकास गोस्वामी को जाता है, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कौशल, समर्पण व टीमवर्क से इस चुनौतीपूर्ण केस को सफलता तक पहुंचाया। अस्पताल प्रबंधन ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सफल सर्जरी से रघुनाथ अस्पताल की क्षमता व हमारी प्रतिबद्धता दोनों सिद्ध होती हैं। हमारा उद्देश्य हमेशा ही मरीजों को सहानुभूति के साथ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करना है।

# व्यायामशाला संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग, कुल्लू ने व्यायामशाला के संचालन और प्रबंधन के लिए पात्र एजेंसियों, व्यक्तियों व संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव 6 दिसंबर तक विभागीय कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। विभाग के अनुसार, आवेदक के पास व्यायामशाला या फिटनेस सेंटर संचालन का कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है तथा वह संबंधित प्राधिकरण के साथ पंजीकृत होना चाहिए। चयनित एजेंसी को व्यायामशाला का संचालन निर्धारित मानकों के अनुसार करना होगा तथा प्रशिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सभी प्राप्त प्रस्तावों पर विचार के लिए 12 दिसंबर को विभागीय कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके बाद व्यायामशाला संचालन के लिए अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# बुनाई प्रतियोगिता में थोरांग की रिगजिन अंगमों प्रथम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर सिस्सू में उत्साहपूर्ण माहौल में रस्साकशी और बुनाई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा किया गया। एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल चंद मानेपा ने बताया कि इस अवसर पर चंद्रा वैली के कई महिला मंडलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



रस्साकशी प्रतियोगिता में पुरद टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 3,000 का नकद इनाम जीता, जबकि शूलिंग टीम दूसरे स्थान पर रही और उन्हें 2,000 का पुरस्कार मिला। बुनाई प्रतियोगिता में थोरांग की रिगजिन अंगमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 3,000 का पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर थोरांग की अंगमों को 2,000, जबकि तीसरे स्थान पर बिमला व सुमन को 1,000-1,000 का इनाम दिया गया। सांत्वना पुरस्कार के रूप में पालमो व सुमित्रा को 200-200 नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण पूर्व विधायक रवि ठाकुर और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी सहायता समूहों की महिलाओं ने पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय लोक व्यंजन के स्टॉल भी लगाए, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा।

# एसडीएम आनी करेंगे बच्चों की करियर काउंसिलिंग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने के लिए एक सराहनीय पहल करने का मन बनाया है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही आनी क्षेत्र के बच्चों के लिए नियमित रूप से निशुल्क करियर काउंसिलिंग क्लासेज आयोजित करेंगे। ये क्लासेज महीने में एक या दो बार लगाई जाएंगी, जिनमें बच्चों को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार सही कैरियर दिशा चुनने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि आनी क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, बैंकिंग अधिकारी, नर्सिंग ऑफिसर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं। आनी अब 'डॉक्टरों का हब' बनता जा रहा है, जहां से हर साल दर्जनों छात्र नीट परीक्षा पास कर रहे हैं। हालांकि कुछ बच्चे संसाधनों की कमी या सही समय पर उचित काउंसिलिंग न मिलने के कारण पीछे रह जाते हैं।

# सरकारी योजनाओं, मेहनत से बदल रही कुल्लू के किसानों की तकदीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले की खूबसूरत खोखन गांव के किसान मदन लाल ने अपनी मेहनत, दूरदृष्टि और वैज्ञानिक खेती के जरिये सफलता की नई मिसाल कायम की है।

उन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर अपने खेतों में जापानी फल की खेती शुरू की और आज वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुके हैं। मदन लाल बताते हैं कि सरकार की सहायता और उन्नत पौध किस्मों की बदौलत आज उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा प्रति हेक्टेयर 62,500 रुपए का अनुदान जापानी फल की खेती के लिए दिया जाता है। इसके अलावा किसानों को पावर टिलर और पावर स्प्रेयर पर 50 प्रतिशत, तथा पक्षियों और ओलावृष्टि से बचाव के लिए नेट पर भी 80 प्रतिशत तक का अनुदान भी प्रदान किया जाता है।



कुल्लू जिला आज प्रदेश में जापानी फल उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां लगभग 404 हेक्टेयर क्षेत्र में इसकी खेती की जा रही है, जिससे इस वर्ष 1406 मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। मदन लाल का कहना है, 'कुल्लू जिला सेब, नाशपाती, प्लम, अनार और अखरोट जैसे अनेक फलों का और सब्जियों का उत्पादक क्षेत्र है। सरकार के वैज्ञानिक व आर्थिक सहयोग से हर वर्ष फल उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है, अगर युवा वर्ग इस दिशा में कदम बढ़ाए, तो स्वरोजगार के रूप में कृषि एक सशक्त साधन बन सकती है।' उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं से सड़क मार्ग बुरी तरह से प्रभावित होने के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों पर सड़कों को युद्ध स्तर पर बहाल किया गया, जिससे किसानों के उत्पाद समय पर मंडियों तक पहुंच सके। कुल्लू के जापानी फल की गुणवत्ता और औषधीय गुणों के चलते बाजार में अच्छी मांग होने से किसानों को भी बेहतर दाम मिल रहे हैं। जापानी फल एक अत्यंत पौष्टिक, स्वादिष्ट और औषधीय गुणों से भरपूर फल है, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। इसमें विटामिन ए, सी, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हृदय, पाचन, त्वचा, आंखों और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए लाभकारी हैं।

**चर्चा** कुल्लू में नशा उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित

# पंचायत स्तर पर समितियां बनाने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिले में मादक पदार्थों के उपयोग और तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वीरवार को उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसपी मदन लाल, एडीसी अश्वनी कुमार, एएसपी संजीव चौहान, एसडीएम नितीश ठाकुर सहित पुलिस, स्वास्थ्य , शिक्षा, वन, कृषि, खेल, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नशा उन्मूलन से जुड़ी रणनीतियों, विभागीय समन्वय और जन जागरूकता अभियानों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने दुर्गम क्षेत्रों में भांग व अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती को शुरुआती चरण में ही नष्ट करने के आदेश दिए। उन्होंने चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों के तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने नशे के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां सीसीटीवी कैमरे लगाकर नजर रखने के आदेश दिए। उन्होंने कॉलेजों के मुख्य द्वारों और मेडिकल स्टोर्स जहां से सिरिंज आदि खरीदी जा रही में भी कैमरे लगाने और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया।



डीसी कुल्लू बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से नशा उन्मूलन की दिशा में मिशन मोड़ पर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने नशे की रोकथाम के लिए संबंधित नियमित टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने पर बल दिया और पुलिस गशत बढ़ाने के आदेश दिए, ताकि संदिग्ध गतिविधियों और तस्करी पर पैनी नजर रखी जा सके। उन्होंने ज़िला की प्रत्येक पंचायत में नशा निवारण समितियों के गठन करने के निर्देश दिये ताकि ग्रामीण स्तर पर भी निगरानी और जागरूकता सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि 'नशा उन्मूलन को अभियान के रूप में चलाकर प्रशासन, पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयास से जिले में मादक पदार्थों के उपयोग और तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।


# नशा तस्करी रोकने को सभी विभाग करें पुलिस की मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट तोरुल एस. रवीश ने हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 14 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक संस्थानों को जिला पुलिस के साथ नशा तस्करी, मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध गांजा-अफीम की खेती की रोकथाम में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ती नशा तस्करी व साइकोट्रॉपिक पदार्थों का दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर चुनौती है, जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। आदेशों में निर्देश दिया गया है कि विभाग अवैध खेती की पहचान, हटाने, नशा तस्करी से जुड़ी सूचनाओं के आदान-प्रदान और जन-जागरूकता अभियानों में पुलिस की सहायता करें। रेव पार्टियों व संदिग्ध आयोजनों पर निगरानी रखने और तीन दिनों के भीतर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। इस समन्वय की समीक्षा हर माह जिला एनसीओआरडी समिति की बैठक में की जाएगी।

# प्रदेश में निजी भूमि पर शंकु प्रजाति के पेड़ों के कटान की अनुमति दे सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिसंबर 2023 से निजी भूमि पर हरे पेड़ों की कटाई पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस रोक से किसानों, ठेकेदारों और श्रमिकों को रोजगार संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सरकार ने खैर वृक्षों को इस प्रतिबंध से बाहर रखा है और उन्हें 10 वर्षीय फेलिंग कार्यक्रम के अंतर्गत नियंत्रित किया जा रहा है, लेकिन देवदार, चील, कैल और फर जैसी शंकुधारी प्रजातियों को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।



हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम श्रमिक आपूर्ति मेट संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल सूद ने सरकार से इस रोक को हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पहले निजी भूमि पर इन प्रजातियों की कटाई अधिकतम 33 प्रतिशत तक अनुमत थी और यह कार्य वन निगम के माध्यम से किया जाता था। इससे वृक्ष मालिकों को करोड़ों रुपये का भुगतान होता था तथा मजदूरों, ट्रक और ट्रैक्टर मालिकों को रोजगार मिलता था। सूद ने कहा कि निगम को कुल मूल्य का 18 प्रतिशत जीएसटी और 15 प्रतिशत ओवरहेड शुल्क सरकार को राजस्व के रूप में मिलता है। उन्होंने कहा कि अब कटाई पर रोक लगने से किसान अपनी मार्किंग और कटाई की प्रतीक्षा में हैं और फील्ड अधिकारी दिशा-निर्देशों के अभाव में निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। संघ ने मांग की है कि खैर की तरह शंकुधारी प्रजातियों की कटाई की अनुमति दी जाए और मुख्य सचिव (वन) व प्रधान मुख्य वन संरक्षक को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। सूद ने एचपीएसएफडीसी की नई निविदा शर्तों में संशोधन की भी मांग की। उन्होंने कहा कि बढ़ाई गई एक्सटेंशन फीस, ईएमडी और पंजीकरण शुल्क से ठेकेदारों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। समाधान न मिलने पर यूनियन ने घोषणा की है कि ठेकेदार और लेबर सप्लाई मेट्स आगामी टेंडरों का बहिष्कार करेंगे। गौरतलब है कि भुंतर (कुल्लू) निवासी अनिल सूद हाल ही में संघ के अध्यक्ष बने हैं। वे सहकार संघ के अध्यक्ष और नगर पंचायत भुंतर के पूर्व पार्षद भी रहे हैं तथा कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कला अध्यापक के पद के लिए 28 को काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्कूल शिक्षा प्रारंभिक उपनिदेशक सिरमौर राजीव ठाकुर ने बताया कि जिला सिरमौर में पूर्व सैनिक आश्रित वर्ग में आरक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कला अध्यापक के एक पद की भर्ती के लिए काउंसिलिंग 28 नवंबर को उपनिदेशक स्कूल शिक्षा प्रारंभिक सिरमौर के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से आरंभ होगी। सभी पात्र अभ्यर्थियों के नाम संबंधित रोजगार कार्यालय से प्राप्त किए जा चुके है, यदि ऐसे पात्र अभ्यर्थी जिन्हें सूचना प्राप्त न हुई हो वह भी उपरोक्त तिथि को काउंसलिंग में भाग ले सकते है।

### मशीनें और शटरिंग न लौटाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निर्माण सामग्री, मशीनें व शटरिंग न लौटाने के आरोप में स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, चंद्रेश्वर सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी सिंह विला शिल्ली रोड (नजदीक डीसी रेजिडेंस), तहसील व जिला सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि वर्ष 2019 में समीर गर्ग ने गुरुकुल स्कूल, कुनिहार के निर्माण कार्य के लिए उसे ठेकेदार के रूप में नियुक्त किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद समीर गर्ग ने उसके साथ विवाद करना शुरू कर दिया। आरोप है कि समीर गर्ग ने अपने स्टाफ की सहायता से जबरन उसके निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामान, मशीनें व शटरिंग आदि विद्यालय परिसर से बाहर ले जाने से रोक दिया। कुछ दिन पूर्व जब चंद्रेश्वर सिंह समीर गर्ग के घर अपने सामान व मशीनें मांगने गया, तो वहां झगड़ा हुआ और समीर गर्ग ने सामान लौटाने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, उक्त सामान की कीमत लगभग 45 लाख रुपए है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कुनिहार में भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक न्यासभंग) के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### राजगढ़ में आज गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** श्री गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा साहिब राजगढ़ में बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। कलगीधर ट्रस्ट, गुरुद्वारा बड़ू साहिब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार, 14 नवंबर को प्रातः 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के आरंभ के साथ होगा। इसके उपरांत रविवार, 16 नवंबर को प्रातः 10 से 10:30 बजे तक श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा। इसी दिन 10:30 से 12 बजे तक गुरुद्वारा बड़ू साहिब के बच्चों द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कीर्तन उपरांत अरदास होगी और गुरु का लंगर अटूट चलेगा। सभी गुरु साध संगत से विनम्र निवेदन किया गया है कि सपरिवार गुरुद्वारा साहिब राजगढ़ में पहुंचकर हरिजस कीर्तन व श्री अखंड पाठ साहिब का श्रवण कर श्री गुरु नानक देव जी महाराज की कृपा और आनंद प्राप्त करें।

### डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए नियुक्त होंगे निजी सर्वेक्षक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एग्रीस्टेक के अंतर्गत सोलन जिले में डिजिटल फसल सर्वेक्षण करने के लिए निजी सर्वेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। यह जानकारी कृषि उपनिदेशक डॉ. देव राज कश्यप ने दी। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि यह डिजिटल फसल सर्वेक्षण विभिन्न राजस्व ग्रामों में विभिन्न स्तरों पर बोई गई फसलों के लिए खसरा एवं भू-अभिलेख के अनुसार डिजिटल रूप में किया जाएगा। उपनिदेशक कृषि ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निजी सर्वेक्षक की नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार के पास वैध आधार कार्ड, बैंक विवरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एटीएम, बेरोजगार बीएससी के अतिरिक्त कृषि स्नातक, वानिकी स्नातक, स्वयं सहायता समूह, पैक्स के सचिव, पटवारी और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भी आवेदन कर सकते हैं।

### जनेड़घाट स्कूल में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जनेड़घाट में 'शान ए चायल स्वयं सहायता समूह ने ' हमारा संकल्प नशा मुक्त हिमाचल ' हिमाचल कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और अध्यापकों ने अनुभव साझा किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सोहन लाल रांटा ने आयोजक और अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूली बच्चों और युवाओं से आह्वान किया वह नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें। उन्होंने कहा युवा वर्ग एक अच्छे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम की मुख्यातिथि आईटीसी की आयुषी ने अपने संदेश में कहा कि नशे को आज के समाज की सबसे बड़ी समस्या बताया और समाज में नशा मुक्ति के लिए पूरे समाज से एक होकर काम करने की अपील की। उन्होंने हिमाचल की कला व संस्कृति की सराहना की।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 17 से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन में 17 नवंबर से जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ऐतिहासिक चौगान मैदान में होने वाले इस आयोजन में पुरुष और महिला दोनों वर्गों की टीमें भाग लेंगी। सिरमौर जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राकेश चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के लिए रहने खाने व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमें 14 नवंबर तक कंवर अमय सिंह या कोच सचिन से संपर्क कर सकती हैं।

### मांगों को लेकर उपनिदेशक से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन का प्रतिनिधिमंडल प्रधान जय लाल जलपाड़क की अध्यक्षता में उपनिदेशक उच्च शिक्षा गोपाल सिंह चौहान से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा कर 9वीं व 10वीं में पढ़ाते समय फोटो भेजना, क्लस्टर में कांप्लेक्स स्कूलों बारे स्थिति स्पष्ट करना, विद्यालय में एक ही माध्यम द्वारा हाजिरी लगाना, विंटर वेकेशन में ऑनलाइन कक्षा को जरूरी न करना, प्रधानाचार्य के पदों को शीघ्र से शीघ्र भरने, वार्षिक समारोह में अधीनस्थ पाठशालाओं की भागीदारी को जरूरी न करना और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। संघ के महासचिव हेमन्त शर्मा ने बताया कि उपनिदेशक ने बच्चों को पूरे सत्र में एक ही माध्यम द्वारा हाजिरी लगाने को कहा और उपनिदेशक ने दोनों पक्षों को सुना और विश्वास जताया कि वे ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाएंगे जिससे प्रवक्ताओं के हित प्रभावित होते हों। उन्होंने 9वीं व 10वीं पढ़ाते समय फोटो वाले अपने फैसले पर पीछे हटने की बात कही। साथ ही इसे अव्यावहारिक तुल न देने की बात कही।

### शिमला जिले ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नेहरू ग्राउंड राजगढ़ में चल रहे पीच वैली क्लब द्वारा लीग आधार पर आयोजित स्व. ठाकुर सूरत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता के फाइनल में शिमला जिला की टीम ने हमीरपुर को एक के मुकाबले तीन सेटों में 25-22, 25-20, 21-25 और 25-9 से पराजित किया। हालांकि, सिरमौर जिला की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की , जबकि डीएसपी सोलन अशोक चौहान ने तीसरे दिन की प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। वीरेंद्र कंवर ने टूर्नामेंट के आयोजकों एवं खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वॉलीबाल हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय खेल है, जो कि राज्य के गांव में खेला जाता है।

### 370 से अधिक रोगियों की जांच की

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** मानव कल्याण समिति अर्की ने प्रधान राजेंद्र गौतम की अगुवाई में बथालग में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें हृदय, शिशु, स्त्री, नाक-कान-गला, शल्य, अस्थि और नेत्र विशेषज्ञों ने 370 से अधिक रोगियों की जांच की, जिसमें 91 वर्षीय वृद्धा अमरावती भी शामिल रही। सभी रोगियों को मुफ्त दवाइयाँ उपलब्ध करवाई गई और 70 से अधिक को चश्मे वितरित किए गए। 40 रोगियों की ईसीजी, 165 की बोन मिनरल डैंसिटी, 79 की कोलेस्ट्रॉल और 93 की रक्त जांच हुई। स्थानीय पंचायत, समाजसेवी और जनता ने समिति का आभार जताया। यह समिति का 19वां कैंप था।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय पत्रिका संपादक एस विश्वनाथ को मातृ शोक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय पत्रिका संपादक एस विश्वनाथ की माता के निधन पर भाजपा और एबीवीपी के कई नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, जयराम, अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य नेताओं ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्वस्तिक गौतम, गौरव अत्री और अन्य प्रांत स्तर नेताओं ने भी संवेदना जताई और परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति की कामना की।

### नशे के दुष्प्रभावों पर नर्सिंग छात्रों ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़ोग में एक व्यापक समूह परियोजना का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता के बीच, लोगों में मादक द्रव्यों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और समाज में एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना। कार्यक्रम के दौरान, नर्सिंग छात्रों ने समुदाय को मादक द्रव्यों के सेवन के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों से अवगत कराया।

# कूड़े से भरा बैग ट्रांसफार्मर पर फेंका, बिजली गुल

## डंपिंग साइट बने ट्रांसफार्मर की मरम्मत करना बना मुसीबत, कर्मियों की सांसें अटकी

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के तहत एक कूड़े के लिफाफे ने बिजली बोर्ड की नाक में दम कर दिया। पहले तो कूड़े से भरा लिफाफा ट्रांसफार्मर पर फेंकने के चलते ट्रांसफार्मर उड़ गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शिकायत के बाद ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने पहुंचे बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को सांसें रोककर मरम्मत कार्य पूरा करना पड़ा। बिजली बोर्ड के ट्रांसफार्मर के नीचे लगे कूड़े के ढेर ओर फैली दुर्गंध के बीच मरम्मत कार्य पूरा करने में काफी समय लगा। मामला नगर निगम बद्दी के वार्ड नंबर 13 का है, जहां जेबीआर टेक्नोलॉजी की लचर कार्यप्रणाली के चलते बिजली बोर्ड के ट्रांसफार्मर के नीचे ओर आसपास खाली जगह कूड़े की डंपिंग साइट बनी हुई है। लोगों का कहना है के हर महीने स्वच्छता सेस लेने के बाद भी बीबीएनडीए के तहत सफाई व्यवस्था का जिम्मा उठाने वाली जेबीआर टेक्नोलॉजी ने नगर निगम को नरक निगम बना दिया है। बीबीएन की 43 पंचायतों, नगर परिषद नालागढ़ और नगर निगम बद्दी के लगभग सभी वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं।


बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगा कूड़े का ढेर।

अनंत ज्ञान मुद्दा

झाड़माजरी के एक फार्मा उद्योग के समीप सड़क किनारे स्थापित इस जगह से कई दिनों से कूड़ा न उठाए जाने के चलते कूड़ा सड़ रहा है ओर बुरी तरह से दुर्गंध फैली है। वहीं ट्रांसफार्मर के नीचे सड़क किनारे बनी इस कूड़े की डंपिंग साइट पर दोपहिया वाहन चालक चलते चलते कूड़े के लिफाफे फेंक देते हैं। नगर निगम बद्दी के वार्ड नंबर-13 के तहत वार्ड पंच देवी राम ने बताया कि आज सुबह किसी ने कूड़े से भरा लिफाफा ट्रांसफार्मर की और फेंका जिससे लिफाफा तारों से टकराया और बिजली गुल हो गई। जिस की बिजली बोर्ड को शिकायत के बाद जब बिजली बोर्ड के कर्मी बिजली ठीक करने आये तो ट्रांसफार्मर के नीचे लगे कूड़े के ढेरो ने मरम्मत कार्य करना मुश्किल कर दिया। बुरी तरह से फैली दुर्गंध के बीच रिपेयर वर्क को पूरा करने में कर्मचारियों की सांसें अटक गई हैं और काफी देर बाद बिजली सुचारू हुई। देवी राम ने बताया कि यहां पर बिजली बिल के साथ हर माह स्वच्छता के नाम पर पचास रुपए लिए जाते है लेकिन घर घर से कूड़ा आज तक नही उठा। परिणामस्वरूप जगह जगह कूड़े के ढेर देखने को मिलते है। देवी राम ने कहा कि क्षेत्र की सबसे बड़ी विकास एजेंसी बीबीएनडीए को जाने वाले मार्ग का यह हाल है तो अन्य क्षेत्रों का हाल क्या होगा इसकी कोई कल्पना नही कर सकता। देवी राम वर्मा ने सरकार और विधुत विभाग से मांग की है कि जब तक घर-घर से कूड़ा नहीं एकत्रित किया जाता तब तक बिजली बिल के साथ पचास रुपये शुल्क किया जाना बंद किया जाए। इस निजी कंपनी की कार्यशैली से लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। देवी राम वर्मा ने इस कंपनी के प्रति सख्त करवाई अमल में लाने की मांग की। इस बारे में जब बीबीएनडीए के एक्सइएन सुमित आजाद से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि इस कूड़े के बारे कंपनी को अवगत करवा दिया गया है जल्द इसे हटा दिया जाएगा।

# युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस ने थाना कुनिहार के तहत युवक की मारपीट के दौरान हुई मौत के मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि गांव जाडली के पास एक व्यक्ति नशे में है और बातचीत करने में असमर्थ है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पाया और उपचार के लिए कुनिहार अस्पताल भेजा। जांच में घायल का नाम दीनानाथ उर्फ बंटी (31) पुत्र शंकर लाल, निवासी छटियुद्ध तहसील कसौली, जिला सोलन पाया गया। उपचार के लिए उसे आईजीएमसी शिमला रैफर किया गया, जहां 12 नवंबर को उसकी मृत्यु हो गई। जांच में सामने आया कि 3 नवंबर 2025 को दीनानाथ अपने दोस्त कर्ण सिंह के साथ गांव गमझून में शादी समारोह में शामिल हुआ था। वहां कुछ स्थानीय युवकों के साथ विवाद और हाथापाई हुई। इस दौरान शुभम का भाई अंकित वहां आया और दीनानाथ बीच-बचाव के लिए उठते हुए हाथापाई के दौरान धक्का लगने से गिर गया, जिससे सिर पर गंभीर चोट लगी। मृतक के पिता शंकर लाल ने 5 नवंबर को थाना कुनिहार में शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी शुभम भट्टी (31) पुत्र सुखराम, गंबरपुल, अंकित कुमार (36) पुत्र स्व. मनी राम, गंबरपुल, अर्जुन सिंह (31) पुत्र बाजूलाल, अलोबरा कर्ण सिंह (26) पुत्र सुरेंद्र सिंह, बाहवां सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सलोगड़ा में क्षतिग्रस्त स्कूल भवन के पुनर्निर्माण में देरी पर जताई गंभीर चिंता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल किसान सभा सलोगड़ा इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और प्राथमिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक से मिला और सलोगड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन के पुनर्निर्माण कार्य में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्कूल में लगभग 145 छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन वर्ष 2017 में फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हो गया था, तब से अब तक बच्चों को स्थानीय मंदिर परिसर में कक्षाएं लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जहां मात्र दो कमरे, न शौचालय, न खेल मैदान, और न ही अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। किसान सभा ने बताया कि विद्यालय के नए भवन के लिए प्रशासन द्वारा लगभग 1,35,00,000 की राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब तक केवल कुछ पिलरों का ही निर्माण कार्य हुआ है। किसान सभा ने कहा कि यह मामला पहले भी उपायुक्त के समक्ष उठाया गया था, और अब इसे फिर से स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के सामने उठाया गया है जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया है कि नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक विद्यालय भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

किसान सभा अध्यक्ष रीतू चौहान ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो हिमाचल किसान सभा सलोगड़ा इकाई, स्थानीय जनता और अभिभावकों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। सभा ने कहा कि यह सिर्फ एक भवन का सवाल नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य और ग्रामीण शिक्षा के अधिकार का प्रश्न है। किसान सभा इस मुद्दे पर अंत तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर हिमाचल किसान सभा के जिला नेतृत्व सहित लगभग 50 लोग मौजूद रहे।

# विस उपाध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सिरमौर जिले के प्रवास के दौरान रेणुका विधानसभा क्षेत्र के गताधार में लोगों से मिले। इस दौरान ग्राम पंचायत सांगना, सताहन व भलाड़ भलोना क्षेत्र के लोगों ने उपाध्यक्ष के समक्ष सड़क व बिजली से संबंधित समस्याओं व मांगों को रखा। विधानसभा उपाध्यक्ष ने संबंधित विभागों को समस्याओं का जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। विस उपाध्यक्ष ने कहा कि इन क्षेत्रों में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। प्रदेश सरकार बिजली अवसंरचना को मजबूत कर दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को सुचारु रूप से बिजली की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश को 2026 तक हरित उर्जा राज्य बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है।

# एसटी/एससी विकास निगम ने वितरित किए 7 करोड़ रुपए के ऋण

## समाज के कमजोर वर्गों के लिए सरकार प्रयासरत : शांडिल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। डॉ. शांडिल हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों एवं निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि इन वर्गों के वंचित लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह निगम लक्षित वर्गों के कल्याण की दृष्टि से कार्य कर रहा है और ऋण प्रदान कर अनेक लक्षित व्यक्तियों के जीवन में आशातीत सुधार लाने में सहायक बना है। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम की 76वीं निदेशक मण्डल बैठक की अध्यक्षता भी की तथा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम की स्थापना 14 नवम्बर, 1979 को 'हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति विकास निगम' अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके जीवन में और सुधार लाना है। डॉ. शांडिल ने कहा कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के निर्धन परिवारों के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना, स्वरोजगार योजना, अवधि ऋण योजना, शिक्षा ऋण योजना, अंबेदकर लघु ऋण योजनाएं आदि शामिल हैं।


शिक्षा ऋण योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित करते मंत्री शांडिल।

# कसौली विधानसभा क्षेत्र में 'आप' की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## संगठनात्मक मजबूती व आगामी रणनीति पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, कसौली**

आम आदमी पार्टी की कसौली विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक पर्यवेक्षक उदय डोगरा की अध्यक्षता में धर्मपुर में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, आगामी रणनीति तथा विधानसभा कमेटी के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस विभाग अधिकारी नरेंद्र कुमार, सेवानिवृत्त सेंट्रल रेलवे अधिकारी हरमेश चंद ठाकुर, गगन पंवार, खुश ठाकुर और विक्की कुमार ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, को-ऑर्डिनेटर रणवीर मंधोत्रा, रीता ठाकुर, जिला अध्यक्ष जतिन मुसाफिर, संगठन मंत्री भारत सिंह ठाकुर, बीएल गाजटा, प्रदीप इंग्रोवर, लीला दत्त शर्मा, चेतन कुमार, संदीप रघुवंशी, हरमेश चंद ठाकुर, गगन पंवार, खुश ठाकुर, विक्की कुमार, सुनीता, अनुराधा, सीताराम, रोशन लाल, मोहन लाल, सुरेश पाल, नरेंद्र कुमार, लक्ष्मी चंद तथा आशीष सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में कसौली विधानसभा कमेटी के गठन के लिए विभिन्न नामों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से कमेटी के लिए नाम प्रस्तावित किए गए, जिन्हें जल्द ही पार्टी के उच्चाधिकारियों के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। पर्यवेक्षक उदय डोगरा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं तथा हिमाचल में आम आदमी पार्टी को एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करें। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा के सिद्धांतों पर दृढ़ता से कार्य करने का संकल्प लिया।


आम आदमी पार्टी की कसौली विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल हुए सदस्य।

# भाजपा की बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण और जल समस्या समाधान पर मंथन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर ने किया।

इस दौरान संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर 10 युवाओं, 10 महिलाओं, 5 अनुसूचित जाति वर्ग के भाई-बहनों और 5 किसान वर्ग के साथियों को 30 नवंबर तक पार्टी से जोड़ा जाएगा। बैठक में आगामी पार्टी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान को आगामी महीनों में और व्यापक रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि बैठक में सोलन शहर में लगातार बढ़ रही पानी की समस्या को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जल शक्ति विभाग, नगर निगम तथा प्रशासन को आगामी गर्मियों में संभावित जल संकट से बचाव के लिए अभी से ठोस कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए, ताकि शहरवासियों को पिछली गर्मियों जैसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। बैठक में मंडल महामंत्री संजय मलिक, जगदीश गर्ग, रेनू कलसी, राजू कुंद्रा, सुषमा कंसल, कृष्णा ठाकुर, लाविका, बादल नाहर, गौरव, राहुल शर्मा, प्रिया कंबोज, विपिन कपूर, अमरदीप पंजा, रिपु सिंह दमन, राजतिलक नेगी,अभिषेक गुप्ता, राघव ठाकुर सहित संगठन के पदाधिकारी, मोर्चा प्रमुख एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** यातायात को सुचारू रूप से चलाने के मकसद से पुलिस विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में 6 आईटीएमएस कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। यह कैमरे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखने के साथ-साथ कई मायनों में पुलिस के लिए फायदेमंद साबित होंगे। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि यातायात नियमों को सुचारु रूप से चलाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में जिले में अलग-अलग स्थानों पर 6 आईटीएमएस कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। 2 कैमरे पहले लगाए गए थे और 4 अभी नए कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। इन कैमरों की सहायता से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखी जा रही है और चालान भी काटे जा रहे हैं। इन कैमरों की मदद से विशेषकर ओवर स्पीड व सीट बेल्ट आदि का इस्तेमाल न करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं। इन कैमरों की मदद से पुलिस को क्राइम कंट्रोल करने में भी मदद मिल रही है। इसके अलावा नाहन शहर के लिए पुलिस ने एक ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इसके माध्यम से शहर में जो कैमरे लगे हैं, उनकी मॉनिटरिंग जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से की जाएगी, जिसकी कनेक्टिविटी जल्द ही की जा रही है।

**स्वागत** विनोद सुल्तानपुरी ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# कोट बेजा में आईटीआई खोलने का होगा प्रयास

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** कसौली विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कोट बेजा में ग्रामीण युवक मंडल कोट बेजा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन 50 किलोग्राम वेट की 32 टीमें भाग ले रही हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक का खेल प्रांगण में पहुंचने पर ग्रामीण युवक मंडल के पदाधिकारियों, पंचायत सदस्यों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीण युवक मंडल की ओर से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए ग्रामीण युवक मंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि खेलकूद से जहां स्वस्थ जीवन का निर्माण होता है। वहीं, हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से हमेशा दूरी बनाकर रखें। स्थानीय जनता ने विधायक के सामने मांग रखी कि कोट बेजा स्कूल के पुराने भवन में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोला जाए, ताकि खाली पड़ा सरकारी भवन का उचित उपयोग हो सके, साथ ही यहां के छात्र छात्राओं को प्लस टू के बाद प्रशिक्षण लेने बाहर न जाना पड़े। जनता की इस मांग को विधायक ने उचित करार देते हुए कहा कि वे कोट बेजा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में किसानों के लिए जायका परियोजना के तहत लाखों रुपए की लागत से कूहलों का निर्माण किया जा रहा है ताकि किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंच सके । जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने जनता से भी आग्रह किया कि वे अपने अपने गांव में सरकार की ओर से चलाए जा रहे विकास कार्यों की देखरेख करे साथ ही विकास कार्यों में अपना सहयोग करे। उन्होंने युवक मंडल के लिए ग्यारह हजार रुपए देने की घोषणा की।कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना व इसके हल के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीण युवक मंडल के प्रधान हीरालाल, उपप्रधान तेजपाल, पूर्व प्रधान नरोत्तम वर्मा, सचिव अरविंद कुमार, नीरज ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य अजय सिंह कंवर, हेमंत शर्मा, पुष्पेंद्र कंवर, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।


कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहुंचे विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

# समलोह-क्वारला सड़क की खस्ताहालत से ग्रामीण परेशान


**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत सन्याड़ी मोड़ के तहत आने वाली समलोह-क्वारला सड़क की हालत लंबे समय से दयनीय बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़ने से वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। बरसात में सड़क पर पानी भर जाने से स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। यह सड़क ग्राम पंचायत नवगांव और सन्याड़ी मोड़ के हजारों ग्रामीणों के लिए स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। सड़क की जर्जर स्थिति से विद्यार्थियों, मरीजों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवा क्लब समलोह के प्रधान सौरभ गौतम ने बताया कि पिछले दो वर्षों से यह समस्या लोक निर्माण विभाग के समक्ष उठाई जा रही है। क्लब ने कई बार शिकायतें और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर मामला दर्ज करवाया, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे विरोध-प्रदर्शन और धरना देने को विवश होंगे।

# मां भगायणी मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने बताया कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा 15 नवंबर को मां भंगायणी मंदिर हरिपुरधार के प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मना रहा है।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर] 1875 को झारखंड के उलिहातू में हुआ था। वह एक आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी धार्मिक नेता श्व समाज सुधारक थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान 19वीं सदी के अंत में उलगुलान नामक आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया। बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के सामाजिक व आर्थिक शोषण का विरोध किया। इतना ही नहीं उन्होंने आदिवासियों के लिए जल जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। इसके साथ ही उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का भी नेतृत्व किया और उन्हें आत्मनिर्भर च आत्म सामान के साथ रहना भी सिखाया। इसी को ध्यान में रखते हुए आदिवासी उनको आज भी अपना भगवान मानते हैं।



भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सिरमौर मां भगायणी मंदिर प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी मुख्य वक्ता रहेंगे तथा इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी पच्छाद की विधायक रीना कश्यप, शिलाई के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बलदेव सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोर ध्वज चौहान, रेणुका के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य नारायण सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बलबीर सिंह ठाकुर, प्रताप सिंह तोमर, भाजपा जिला महामंत्री रणवीर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सरदार भगवंत सिंह मेमोरियल बास्केटबॉल ट्रॉफी संपन्न



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर 42 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित सरदार भगवंत सिंह मेमोरियल बास्केटबॉल ट्रॉफी का समापन भव्य समारोह के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विवेक हाई स्कूल के प्रशासक विक्रमजीत सिंह मामिक ने विजेताओं को सम्मानित किया। अंडर-17 लड़कों के फाइनल में विवेक हाई स्कूल, मोहाली ने विवेक हाई स्कूल, चंडीगढ़ को 53-43 से हराया, जबकि अंडर-17 लड़कियों में जीएनपीएस, चंडीगढ़ ने केवी हाई ग्राउंड स्कूल को 51-43 से मात दी। अंडर-14 वर्ग में सेंट कबीर स्कूल (लड़के) और सेक्रेड हार्ट स्कूल (लड़कियां) ने खिताब जीते। अंडर-12 वर्ग में वाईपीएस, मोहाली (लड़के) और लर्निंग पाथ्स स्कूल, मोहाली (लड़कियां) विजेता बने। अंडर-10 श्रेणी में सैपिन्स स्कूल (लड़के) और एलपीएस, मोहाली (लड़कियां) ने जीत दर्ज की। कुल 2.70 लाख रुपए के नकद पुरस्कार, ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। टूर्नामेंट में 73 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से सम्मानित किया गया।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार में जिंदा जला चालक

**अनंत ज्ञान, नूंह।** दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार अनियंत्रित होकर मरोड़ा गांव के पास डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के तुरंत बाद कार में भीषण आग लग गई, जिसमें चालक कार के अंदर ही फंसकर जिंदा जल गया। घटना के बाद पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल विभाग कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने कार की जांच की तो अंदर सिर्फ हड्डियां और राख मिली। शव इस कदर जल चुका था कि उसकी पहचान करना संभव नहीं हो पा रहा है। डीएसपी अजायब सिंह के अनुसार कार पूरी तरह जल चुकी थी। कार में सिर्फ हड्डियां बरामद हुई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कार के नंबर से मृतक के परिजनों की पहचान करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि कार का रजिस्ट्रेशन नंबर राजस्थान का है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में बुजुर्ग पंखे से लटका, मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत की देश राज कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे एक बुजुर्ग ने पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह घटना का पता तब चला जब मकान में किराये पर रह रहे अन्य लोगों ने बुजुर्ग को कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मकान मालिक और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान 63 वर्षीय रामपाल के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला था है। वह कुछ समय से पानीपत में रहकर नौकरी कर रहा था। रामपाल किराये के मकान में अकेला रह रहा था। सुबह जब आसपास के लोगों ने कमरे का दरवाजा काफी देर तक बंद देखा तो उन्हें संदेह हुआ। खिड़की से देखा तो रामपाल का शव पंखे से लटका हुआ था।

### धान घोटाले पर भड़के किसानों का करनाल में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** धान खरीद में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में हजारों किसान गुरुवार को करनाल में काले कपड़े पहनकर सड़कों पर उतरे और जिला सचिवालय तक मार्च किया। किसानों ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एसीएस आईएएस डी सुरेश पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप जड़ा। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों ने चेतावनी दी कि यदि पारदर्शी जांच नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। रतनमान ने कहा कि यह संघर्ष किसानों की मेहनत, इज्जत और अधिकारों की लड़ाई है, जिसे अब कोई रोक नहीं सकता।

# मुख्यमंत्री सैनी के सख्त निर्देश, 19 कार्यकारी अभियंताओं पर होगी कारवाई

## बोले-शिकायतों का निपटारा किए बगैर बंद की फाइल



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'म्हारी सड़क एप' की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के संबंधित 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, एचएसएएमबी के 6, एचएसआईआईडीसी के 2, जिला परिषद का एक, यूएलबी के 5 और एचएसवीपी के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार तय समय सीमा में शिकायतोंका निवारण नहीं कर रहे हैं, संबंधित विभाग उनके खिलाफ भी कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को चंडीगढ़ में 'म्हारी सड़क ऐप' पर आई शिकायतों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो भी कार्य दिया जाता है या लोगों की कोई शिकायत आती है तो उसका समाधान धरातल पर शत-प्रतिशत दिखना चाहिए।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी आम जनता द्वारा ऐप पर भेजी गई सड़कों की शिकायतों के पूर्ण समाधान के बाद ही शिकायत को बंद करे, यदि किसी शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगवाने भी सुनिश्चित किए जाए।

नायब सिंह ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि म्हारी सड़क एप पर शिकायत आते ही उसको तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़ें। यदि कोई संबंधित अधिकारी शिकायत का समय पर समाधान नहीं करता या गलत जानकारी देता है तो उसके खिलाफ संबंधित विभाग सख्त कार्रवाई करें। उन्होंनें ऐप के संबंध में फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को प्रशिक्षण भी देने के निर्देश दिए है ताकि उन्हें ऐप के संचालन की सही जानकारी मिल सके।

# सुषमा बिल्डटेक पर रियल एस्टेट निवेश घोटाले के लगे आरोप

## 1500 निवेशकों ने लगाई न्याय की गुहार




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तर भारत के लगभग 1500 निवेशकों ने प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी सुषमा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कंपनी के निदेशकों बिंदर पाल मित्तल, भरत मित्तल और प्रतीक मित्तल के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित निवेशकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्य सरकार, रेरा और ईओडब्ल्यू को शिकायत दी है और आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी करने की भी मांग की है।

निवेशकों ने बताया कि सुषमा बिल्डटेक ने जीरकपुर, मोहाली और आसपास कई बड़े प्रोजेक्ट जैसे सुषमा प्रिस्टीन, एम्पीरिया, एयरोसिटी, हबटाउन और जॉयनेस्ट लॉन्च किए थे। कंपनी ने 12 प्रतिशत मासिक रिटर्न और समय पर कब्जे का वादा कर निवेश आकर्षित किया। शुरुआती भुगतान के बाद रिटर्न बंद हो गए और निर्माण कार्य ठप पड़ गया। कई चेक बाउंस हो गए और प्रोजेक्ट साइटों पर कोई प्रगति नहीं मिली।

निवेशकों का आरोप है कि कंपनी के प्रबंधन ने धोखाधड़ी से एकत्र धन को विदेश भेजने और संपत्ति स्थानांतरित करने की कोशिश की। प्रभावित निवेशकों में सेना के पूर्व कर्मी, पेंशनभोगी, सरकारी कर्मचारी, एनआरआई और छोटे उद्यमी शामिल हैं। निवेशकों ने पंजाब सरकार, रेरा, ईडी, सीबीडीटी और आरबीआई से फोरेंसिक ऑडिट, संपत्तियों और पासपोर्ट को फ्रीज करने तथा सार्वजनिक धन की सुरक्षा के लिए तुरंत कार्रवाई की अपील की है।

# रूट्स टू रूट्स और मैक्स इंडिया फाउंडेशन ने लगाया कला शिविर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रूट्स टू रूट्स और मैक्स इंडिया फाउंडेशन (एमआईएफ) के संयुक्त प्रयास से चंडीगढ़ में तीन दिवसीय आवासीय कला शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए किया।

13 से 15 नवंबर तक सेक्टर-7ए स्थित मैक्स गेस्ट हाउस ग्राउंड में आयोजित शिविर में चंडीगढ़, एसएएस नगर, मोहाली और रोपड़ के 17 स्कूलों के 100 स्टूडेंट्स और 17 शिक्षक शामिल हुए। छह प्रसिद्ध कलाकार भास्कर सिंहा, गौतम पार्थो रॉय, अनूप कुमार श्रीवास्तव, संजीव शाश्वती, गंगा महाराणा और मनोज शॉ ने विद्यार्थियों को स्केचिंग, वाटरकलर और ऑइल पेंटिंग की बारीकियां सिखाईं। शिविर का उद्देश्य कला के माध्यम से रचनात्मक और समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। बाल दिवस पर सुखना झील के किनारे आयोजित इस आयोजन ने छात्रों को कला और संस्कृति से जुड़ने का अनूठा अवसर दिया। अंतिम दिन छात्रों की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई और भाग लेने वाले स्कूलों को ये कलाकृतियां स्मृति के रूप में भेंट की गईं। रूट्स टू रूट्स की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# मैकमा एक्सपो-2025 के 12वें संस्करण की तैयारी पूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत की सबसे उत्कृष्ट मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी मैकमा एक्सपो 2025 मशीन टूल्स प्रदर्शनी का 12वां संस्करण 14 नवंबर से परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में शुरू हो रही है, जो 17 नवंबर तक चलेगी और इसका समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा। मैकमा एक्सपो के बारे में करमजीत सिंह ने बताया कि कल होने वाले संस्करण की तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने उद्योगपतियों को इसमें शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो उत्पाद प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा। एक्सपो में मुख्यातिथि हरियाणा में गवर्नर प्रोफेसर असीम घोष होंगे। पिछले कई वर्षों से मैकमा एक्सपो मशीन टूल्स उद्योग और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के विकास में शीर्ष योगदानकर्ताओं का लक्ष्य रखता रहा है, जो अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मैकमा एक्सपो का आयोजन फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है और प्रदर्शनी के इस संस्करण में मशीन टूल्स, प्लास्टिक मशीनरी, ऑटोमेशन और इंजीनियर प्रौद्योगिकी को कवर किया जाएगा। प्रदर्शनी उद्योगपतियों को बेहतरीन अवसर देगी, जो उन्हें अपने क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने में मदद करेगी।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में थियेटर फेस्टिवल 'दस्तक' का धमाकेदार समापन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित पांच दिवसीय थियेटर फेस्टिवल 'दस्तक-भावनाओं की चौखट पर एक दस्तक' का समापन प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और निर्देशक मकरंद देशपांडे द्वारा प्रस्तुत सोलो नाटक 'गांधी' के साथ हुआ। देशपांडे ने महात्मा गांधी के जीवन और अहिंसा के संदेश को आधुनिक समाज की चुनौतियों के संदर्भ में प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समापन समारोह में एनएसडी के रजिस्ट्रार प्रदीप कुमार मोहंती, अभिनेता जगबीर राठी, लेखक-कुशल निर्देशक कुलदीप कुणाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नाटक 'काल रूपम' प्रस्तुत किया, जो मातृत्व और महिलाओं की शक्ति पर आधारित है। फेस्टिवल में हिमानी शिवपुरी, राजिंदर गुप्ता, विनय पाठक, रजत कपूर, दुर्गेश कुमार, कुमुद मिश्रा और अन्य कलाकारों ने छह और नाटकों का प्रदर्शन किया। प्रत्येक नाटक ने दर्शकों को भावनात्मक और सामाजिक दृष्टि से प्रभावित किया।

'दस्तक' ने छात्रों और जनता दोनों को थिएटर के माध्यम से संवेदनाओं और सामाजिक चेतना का अनुभव देने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

## देश-विदेश

# अमेरिका में सबसे लंबा शटडाउन 43 दिन बाद खत्म

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सरकारी फंडिंग बिल पर साइन किए, जिससे 43 दिन से जारी शटडाउन खत्म हुआ। इस बिल को हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचले सदन) ने 222-209 के अंतर से पास किया था। हालांकि, इसमें हेल्थ केयर प्रोग्राम एसीए सब्सिडी के प्रीमियम टैक्स क्रेडिट्स को बढ़ाने का कोई वादा नहीं किया गया, जो 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। यह विधेयक सीनेट (उपरी सदन) में पहले ही पास हो चुका है। ट्रंप ने बिल पर साइन करने से ठीक पहले कहा, 'देश इससे बेहतर स्थिति में कभी नहीं रहा। यह एक महान दिन है।' यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा। विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा। वहीं, डेमोक्रेटिक के कुछ लीडर्स ने एसीए सब्सिडी के टैक्स क्रेडिट्स को बढ़ाने की लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, हम लड़ते रहेंगे।

**रिपब्लिकन सांसद बोले- शटडाउन टीवी शो जैसा:** यह वोटिंग डेमोक्रेट्स के न्यू जर्सी और एरीजोना में हुए हाई-प्रोफाइल चुनावों में जीत हासिल करने के आठ दिन बाद हुआ है। पार्टी के कई लोगों का मानना था कि इससे स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी के विस्तार की संभावनाएं मजबूत होंगी। (अनंत ज्ञान)

# सोना 2,211 बढ़कर 1.26 लाख के पार पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,63,808 रुपए प्रति किलो हो गई है। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 13 नवंबर को बड़ी बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम सोना आज 2,211 रुपए बढ़कर 1,26,124 रुपए पर पहुंच गया है। बुधवार को इसका भाव 1,23,913 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी 7,103 रुपए बढ़कर 1,63,808 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। बुधवार को यह 1,56,705 रुपए प्रति किलो थी। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगानिस्तान: बरादर

**एजेंसी, ढाका**

**पाकिस्तान** के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योगपतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है। अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 1,700 करोड़ रुपए) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं, व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि 'पाकिस्तान ने अकसर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं।' दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रॉसिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अकसर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज गौड़ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। यह मामला कथित रूप से घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि रियल एस्टेट कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ को घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कारोबारी मनोज गौड़ के खिलाफ जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। (अनंत ज्ञान)

### रिश्वतकांड में मुंबई के जज और क्लर्क पर केस

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के मझगांव सिविल सेशंस कोर्ट से जुड़ा एक रिश्वतकांड का मामला सामने आया है। ये पूरा वाक्या मंगलवार का है, जब कोर्ट के क्लर्क और टाइपिस्ट चंद्रकांत वासुदेव (40) को 15 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के अनुसार शिकायतकर्ता ने 10 नवंबर को फैसला पक्ष में सुनाने के लिए 25 लाख की रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। पीटीआइ न्यूज एजेंसी ने बताया कि एसीबी ने सिविल सेशंस कोर्ट के जज को भी आरोपी बनाया है। शिकायतकर्ता की पत्नी ने 2015 में कंपनी की जमीन पर कब्जे को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अप्रैल 2016 में हाईकोर्ट ने विवादित जमीन पर किसी तीसरे पक्ष को अधिकार देने पर रोक लगा दी थी। क्योंकि जमीन की कीमत 10 करोड़ रुपये से कम थी, इसलिए 2024 में मामला माजगांव सिविल सेशंस कोर्ट में भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल पार्क और वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी के एक किलोमीटर दायरे में माइनिंग पर बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को नेशनल पार्क और वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी के एक किलोमीटर के दायरे में माइनिंग पर बैन लगा दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी गतिविधियां वन्यजीवों के लिए खतरनाक होंगी। भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने झारखंड में सारंडा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और सासंगदाबुरु कंजर्वेशन रिजर्व के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को कंजर्वेशन रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने से जुड़ी याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। (अनंत ज्ञान)

### अहमदाबाद विमान क्रैश केस: प्राथमिक जांच में पायलट पर नहीं डाली हादसे की जिम्मेदारी, केंद्र ने रखा पक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतरराष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

# विमान हादसे के लिए 2.8 करोड़ डालर से अधिक का भुगतान करेगी बोइंग कंपनी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** में शिकागो की संघीय अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए बोइंग कंपनी को 2019 में इथियोपिया में 737 'मैक्स जेट' हादसे में मारे गए संयुक्त राष्ट्र की एक भारतीय मूल की पर्यावरण कार्यकर्ता के परिजनों को 2.8 करोड़ डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया है। यह फैसला उन दर्जनों मुकदमों में दिया जाने वाला पहला न्यायिक निर्णय है, जो कुल 346 लोगों की जान लेने वाली 737 मैक्स विमानों की दो भीषण दुर्घटनाओं से जुड़े हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इथियोपियाई एयरलाइंस की फ्लाइट 302 की 32 वर्षीय यात्री शिखा गर्ग के परिजनों को बुधवार को सभी पक्षकारों के बीच हुए समझौते के तहत पूर्ण फैसले की राशि के साथ 26 प्रतिशत ब्याज सहित कुल 3.585 करोड़ डॉलर प्राप्त होंगे। शिखा के परिजनों के वकीलों, शैनिन स्पेक्टर और एलिजाबेथ क्रॉफर्ड ने बताया कि समझौते के अनुसार, बोइंग ने फैसले के खिलाफ अपील न करने का वादा किया है। यह मामला उस समय का है जब शिखा गर्ग इथियोपिया की राजधानी आदिस अबाबा से केन्या के नैरोबी जा रही थीं उसी समय विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। (अनंत ज्ञान)

# शेख हसीना के पार्टी दफ्तर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग

**एजेंसी, ढाका**

**पूर्व पीएम की सजा पर फैसला 17 नवंबर को**



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में वीरवार दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी।

अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। दूसरी तरफ शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल 17 नवंबर को अपना फैसला सुनाएगी। आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लॉकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता वीरवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले।

**हसीना को फांसी की सजा की मांग:** सरकारी वकील ने हसीना के खिलाफ पांच गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें हत्या, अपराध रोकने में नाकामी और मानवता के खिलाफ अपराध सबसे अहम हैं।

सरकारी वकील ने उनके लिए फांसी की सजा की मांग की है। मामले में बढ़ते तनाव को देखते हुए बांग्लादेश हाई अलर्ट पर है। देशभर के एयरपोर्ट्स और अहम इमारतों पर पुलिस और सेना की तैनाती बढ़ा दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# भारत-बोत्सवाना कर सकते हैं टिकाऊ वैश्विक व्यवस्था का निर्माण: मुर्मू

**एजेंसी, गाबोरोन (बोत्सवाना)**



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने वीरवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस अवसर पर उनका स्वागत स्पीकर दिथापेलो एल केओरापेत्से, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता ने किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है। पिछले एक दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण तथा खनन क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के व्यावसायिक समुदायों से आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने की अपील की। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने बोत्सवाना की डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा भी किया। (अनंत ज्ञान)

# मूडीज ने जताया 2026 में भारत की जीडीपी 6 .5 फीसदी रहने का अनुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने वीरवार को भारत की आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) 2025 में सात फीसदी और अगले वर्ष 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। भारत के लिए वास्तविक जीडीपी आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। रेटिंग एजेसी मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक अनुमान जताए हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश की विकास दर 2025 में 7 फीसदी और 2026 में 6.5 फीसदी रहने की संभावना है।

मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च एवं ठोस उपभोग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि, निजी क्षेत्र व्यवसायिक पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने उम्मीद जताई है कि 2026 और 2027 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी के आसपास बढ़ती रहेगी, जिसे कम मुद्रास्फीति के बीच तटस्थ-से-उदार मौद्रिक नीति रुख का समर्थन प्राप्त होगा। एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत जी-20 देशों के सदस्यों में से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह वर्ष 2027 तक 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगा जिसे घरेलू एवं निर्यात विविधीकरण का समर्थन प्राप्त मिलेगा। कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 के 6.7 फीसदी से अधिक है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने ईरान की मिसाइलों, ड्रोनों के उत्पादन में मददगार 'लोगों' और 'संस्थाओं' पर लगाए प्रतिबंध

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन उत्पादन को समर्थन देने वाले भारत सहित कई देशों के 'लोगों' और 'संस्थाओं' पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के यहां जारी बयान में इस आशय की जानकारी दी गई। ऐसा ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ दबाव बनाने के लिए किया गया है। बयान के मुताबिक प्रतिबंधों में ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में स्थित कुल 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को निशाना बनाया गया है, जो कई तरह के 'बिक्री और खरीद नेटवर्क' संचालित करते हैं। मंत्रालय ने कहा, 'ये नेटवर्क पश्चिम एशिया में अमेरिकी और उसके सहयोगी देशों के साथ ही लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन के लिए खतरा पैदा करते हैं।' (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोट के बाद वापसी करना आसान नहीं होता, लेकिन सफल रहा: पंत

**एजेंसी, कोलकाता।** ऋषभ पंत चार महीने के अंतराल के बाद शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से भारतीय टीम में वापसी करेंगे और यह विकेटकीपर बल्लेबाज चोट से उबरने के बाद फिर से क्रिकेट खेलने पर काफी खुश है। जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। उन्होंने बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ भारत-ए के दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। पंत ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ''चोट लगने के बाद वापसी करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मुझ पर हमेशा भगवान की कृपा रही है। उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है और इस बार भी उनकी कृपा से ही मैं वापसी करने में सफल रहा। मैं वापसी करके बहुत खुश हूं।'' (अनंत ज्ञान)

### आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का मुख्य प्रायोजक होगा बिरला एस्टेट्स


**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने इंडियर प्रीमियर लीग के 2026 सत्र के लिए आदित्य बिरला रीयल एस्टेट लिमिटेड (एबीआरईएल) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बिरला एस्टेट्स को वीरवार को मुख्य प्रायोजक बनाया। बिरला एस्टेट्स फेंटेसी गेमिंग मंच ड्रीम 11 की जगह लेगा जिसे इस साल अगस्त में वास्तविक धनराशि वाली गेमिंग में प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के अधिनियम के बाद अपने काम को बहुत सीमित करना पड़ा। बिरला एस्टेट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ केटी जितेंद्रन ने कहा, ''यह सहयोग हमें भारत और उसके बाहर लाखों प्रशंसकों से जुड़ने और जुनून, दृढ़ता और प्रगति के साझा मूल्यों का जश्न मनाने का अवसर देता है। साथ मिलकर हम कुछ ऐसा खास बनाने के लिए तत्पर हैं जो मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह गूंजेगा।'' दोनों पक्षों ने हालांकि, करार के वित्तीय पहलुओं की जानकारी नहीं दी है। भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 में अपने पहले सत्र में ही खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। (अनंत ज्ञान)

### केकेआर के सहायक कोच बने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉटसन

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गुरुवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपना सहायक कोच नियुक्त किया। वॉटसन ने 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें उन्होंने 10,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और सभी प्रारूपों में 280 से अधिक विकेट लिए। वॉटसन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''मैं कोलकाता को एक और खिताब दिलाने के लिए कोचिंग समूह और खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'' वॉटसन ऑस्ट्रेलिया की 2007 और 2015 में विश्व कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे। वह एक खिलाड़ी के रूप में 2008 से 2020 तक आईपीएल से भी जुड़े रहे। उन्होंने आईपीएल में 145 मैच खेले। वह राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की चैंपियन टीमों का हिस्सा भी रहे। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, ''शेन वॉटसन का केकेआर परिवार में स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। एक खिलाड़ी और कोच के रूप में उनका अनुभव हमारी टीम की संस्कृति और तैयारी में बहुत योगदान देगा।'' (अनंत ज्ञान)

### एना इवानोविच का खूबसूरत अंदाज

**सर्बिया।** सर्बिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं।



## पहले टेस्ट में महाराज-हार्मर की फिरकी के सामने गिल ब्रिगेड की होगी परीक्षा

# ईडन गार्डंस में भारत-द. अफ्रीका की जंग आज





**एजेंसी, कोलकाता**

दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में शुक्रवार से यहां आमने-सामने होंगी। भारत को पिछले साल न्यूजीलैंड ने भारत में ही 3-0 से हराया था और कीवी स्पिनरों ऐजाज पटेल, मिचेल सेंटनेर और ग्लेन फिलिप्स ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए थे।

दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है, लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में उसने सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली। इसमें केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरान मुथुस्वामी ने 39 में से 35 विकेट लिए।

भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी आक्रमण को 'उपमहाद्वीप की शैली' वाला बताया। उन्होंने कहा,''उनके पास चार स्पिनर हैं जिनमें से वे तीन को उतार सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि हम उपमहाद्वीप की किसी टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने इस पर बात की है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से सबक लिया है।'' हार्मर 1000 प्रथम श्रेणी विकेट ले चुके हैं और भारत के हालात से अनभिज्ञ नहीं हैं। दस साल पहले हाशिम अमला की कप्तानी में उन्होंने मोहाली और नागपुर में दो टेस्ट खेलकर चेतेश्वर पुजारा, रोहित शर्मा और रिधिमान साहा के विकेट लिए थे।

वहीं, महाराज आधुनिक क्रिकेट के सबसे सटीक और आक्रामक स्पिनरों में से एक हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों के बीच मुकाबला रोचक रहने वाला है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक और कप्तान शुभमन गिल कई बार पिच का मुआयना कर चुके हैं। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने आश्वासन दिया है कि यह टर्निंग पिच नहीं होगी।

इससे जसप्रीत बुमराह जरूर आहलादित होंगे, जो आमतौर पर शुरुआत में मूवमेंट और बाद में रिवर्स स्विंग देने वाली पिच पर भारत के ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। भारत दो तेज गेंदबाजों को उतार सकता है और घरेलू हालात की जानकारी होने से आकाश दीप को तरजीह मिल सकती है। पिछले 15 साल में तेज गेंदबाजों ने यहां टेस्ट में 61 प्रतिशत विकेट लिये हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इस साल इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेली, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार उसे अभी भी कचोट रही होगी। वेस्टइंडीज की कमजोर टीम को 2-0 से हराने पर उसे डब्ल्यूटीसी चक्र में ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऋषभ पंत की वापसी और ध्रुव जुरेल के बतौर बल्लेबाज खेलने से भारत का मध्यक्रम संतुलित लग रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 16 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर भी उपयोगी साबित होंगे। दूसरा और आखिरी टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 9.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, देवदत्त पडिक्कल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान ), एडेन माक्ररम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डि जोर्जी, कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी, कैगिसो रबाडा, साइमन हार्मर।

## स्पिनरों या तेज गेंदबाजों में चयन की दुविधा, लेकिन स्पिन होंगे निर्णायक : गिल

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डंस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले टीम प्रबंधन के सामने स्पिनर और अतिरिक्त तेज गेंदबाज के बीच चयन को लेकर दुविधा बनी हुई है। गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमेशा यह टकराव रहता है कि एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज लें या स्पिनर। हम कल परिस्थितियों का आकलन कर अंतिम फैसला करेंगे, लेकिन यह तय है कि मैच के नतीजे में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी।'

**भारतीय कप्तान बोले- पिच की स्थिति देखकर अंतिम एकादश करेंगे तय**

भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की जगह पक्की मानी जा रही है, जबकि आकाश दीप तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में दावेदार हैं। वहीं रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव के रूप में टीम के पास चार स्पिन विकल्प मौजूद हैं।

गिल ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जडेजा, अक्षर और वाशिंगटन जैसे बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं। भारत में इनका रिकॉर्ड शानदार है और यह टीम को संतुलन देते हैं।' कप्तान ने माना कि अगर पिच सूखी रही तो तेज गेंदबाजों की रिवर्स स्विंग भी अहम हो सकती है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ 2024 की सीरीज में तेज गेंदबाजों ने ऐसी ही पिचों पर महत्वपूर्ण विकेट लिए थे।'

मोहम्मद शमी को टीम में जगह न मिलने पर गिल ने कहा, 'शमी भाई जैसे गेंदबाज को बाहर रखना मुश्किल होता है, लेकिन जो खिलाड़ी चुने गए हैं, उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।' गिल ने आगे कहा कि वह तीनों प्रारूपों में खेलने के कारण अपने कार्यभार प्रबंधन को लेकर संतुलन साधने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह चुनौती शारीरिक से ज्यादा मानसिक है।'

कप्तान ने अंत में कहा कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह सीरीज आसान नहीं होगी और भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में यह दोनों टेस्ट मैच बेहद महत्वपूर्ण हैं। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, कुमामोतो ( जापान )**

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा।

लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली।

दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एचएस प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला टेनिस टीम की निगाह बिली जीन किंग कप क्वालीफायर्स में जगह बनाने पर

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारतीय महिला टेनिस टीम बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) क्वालीफायर्स में जगह बनाने के लिए शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को घरेलू मैदान पर हराने की उम्मीद के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

पूरा देश अभी भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हाल ही में पहली बार विश्व कप जीतने की खुशी में डूबा हुआ है और यदि टेनिस स्टार खिलाड़ी क्वालीफायर्स में जगह बनाने में सफल रहते तो यह भारत में महिला खेलों के लिए एक और अच्छी खबर होगी। भारत नीदरलैंड और स्लोवेनिया के साथ ग्रुप-जी में है। भारतीय अभियान का नेतृत्व सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे करेंगे। शुक्रवार को नीदरलैंड और स्लोवेनिया के बीच मुकाबला होगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा और उसके बाद रविवार को वह सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड से भिड़ेगा।

यह पहला अवसर है, जबकि भारत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में एक-दूसरे का सामना करेंगी। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम 2026 में होने वाले क्वालीफायर में जगह बनाएंगी, जबकि बाकी दो टीम क्षेत्रीय ग्रुप एक में लौट जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

## पीसीबी ने त्रिकोणीय सीरीज के कार्यक्रम में किया बदलाव

**एजेंसी, रावलपिंडी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस्लामाबाद में आत्मघाती हमले के मद्देनजर सुरक्षा चिंताओं के कारण श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज के कार्यक्रम में बदलाव किया है।

नए कार्यक्रम के अनुसार अब यह सीरीज 17 नवंबर से बजाय 18 नवंबर से शुरू होगी। इसका दूसरा मैच भी एक दिन बाद 20 नवंबर को खेला जाएगा। इसके अलावा टूर्नामेंट के सभी मैच रावलपिंडी में आयोजित करने का फैसला भी किया गया है। इससे पहले लाहौर को इस प्रतियोगिता के पांच मैचों की मेजबानी करनी थी। इसमें 29 नवंबर को होने वाला फाइनल भी शामिल था, लेकिन तीनों बोर्ड अब केवल रावलपिंडी में ही मैच आयोजित करने पर सहमत हो गए हैं।

पीसीबी ने बयान में कहा, ''कार्यक्रम में बदलाव करने का फैसला क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) के साथ चर्चा के बाद लिया गया है।'' श्रीलंका की टीम मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में खेलती रहे यह सुनिश्चित करने के लिए रात भर चर्चा हुई, जिसके बाद पीसीबी ने यह बयान जारी किया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम गुरुवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद पहुंची। श्रीलंका के टीम मैनेजर महिंदा हालंगोडा ने कहा कि श्रीलंकाई क्रिकेट टीम भी पाकिस्तान का द्विपक्षीय दौरा जारी रखेगी तथा कोई भी खिलाड़ी या अधिकारी स्वदेश लौटने की योजना नहीं बना रहा है। इस्लामाबाद में हुए आतंकवादी हमले के बाद श्रीलंका के आठ खिलाड़ियों ने दौरा जारी रखने को लेकर चिंता व्यक्त की थी। लेकिन एसएलसी द्वारा उनसे बात करने और आश्वासन दिए जाने के बाद उन्होंने दौरा जारी रखने का फैसला किया है। हालंगोडा ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी श्रीलंका नहीं लौटेगा।

उन्होंने कहा, ''मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं।'' घटनाक्रम से अवगत एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि खिलाड़ियों को यह समझाने के लिए काफी प्रयास किए गए कि वे पाकिस्तान में सुरक्षित रहेंगे और उन्हें सीरीज में खेलना जारी रखना चाहिए। पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि वह पाकिस्तान दौरा जारी रखने के लिए श्रीलंकाई टीम के आभारी हैं। पीसीबी ने बाद में बाकी बचे दो एकदिवसीय मैचों के कार्यक्रम में भी बदलाव की घोषणा की। पीसीबी ने बताया कि ये दोनों मैच अब रावलपिंडी में शुक्रवार और रविवार को खेले जाएंगे, जबकि पहले ये मैच 13 और 15 नवंबर को खेले जाने थे। (अनंत ज्ञान)

## सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह पक्की की

**एजेंसी, तूरिन ( इटली )**



गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है। सिनर दो जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक-एक जीत हासिल की है। बेन शेल्टन अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाए हैं। एक अन्य मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने शेल्टन को 4-6, 7-6 (7), 7-5 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## डोपिंग के कारण भारतीय एथलीट कार्तिक कुमार पर 3 साल का प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट कार्तिक कुमार को डोपिंग उल्लंघन के चलते तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी (यूएसएडीए) के अनुसार, अमेरिका में प्रशिक्षण के दौरान लिए गए उनके यूरिन सैंपल में मेटेंडाइनोन और स्टैनोजोलोल जैसे प्रतिबंधित एनाबॉलिक एजेंट्स के मेटाबोलाइट्स पाए गए। 27 फरवरी और 19 मार्च को लिए गए दोनों नमूने पॉजिटिव पाए गए, हालांकि इन्हें एक ही उल्लंघन माना गया। सामान्यत: चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन कार्तिक ने आरोप स्वीकार कर सजा एक साल कम कराई। उनकी अयोग्यता 10 अप्रैल से प्रभावी है और 27 फरवरी के बाद के सभी नतीजे, पदक और पुरस्कार रद्द कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई तीरंदाजी: भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण, पुरुषों को रजत

**एजेंसी, ढाका**

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप ने महिला टीम वर्ग में कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया । तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी। कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान ने 230 . 229 से मात दी। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामेतोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## गिल के सामने सबसे बड़ी चुनौती अलग अलग प्रारूपों में ढलने की होगी : पुजारा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि तीनों प्रारूपों के खिलाड़ी के तौर पर अपने कैरियर के शुरुआती सफर में शुभमन गिल के सामने सबसे बड़ी चुनौती खुद को ढालने की होगी लेकिन उन्होंने यकीन जताया कि गिल इतने परिपक्व हैं कि ऐसा कर सकेंगे।

गिल हाल ही में आस्ट्रेलिया में वनडे टीम की कप्तानी कर रहे थे जिसके बाद टी20 सीरीज में उपकप्तान थे और अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज में कप्तानी करेंगे।

जियो स्टार विशेषज्ञ पुजारा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व मीडिया डे में कहा,''शुभमन अभी युवा है और भारी शारीरिक कार्यभार भी नहीं है लेकिन मानसिक तौर पर यह चुनौतीपूर्ण होगा।''

उन्होंने कहा ,'' उसने हाल ही में आस्ट्रेलिया में भारतीय वनडे टीम की कप्तानी की , जिसके बाद टी20 खेला और अब लाल गेंद का क्रिकेट भारत में खेलना है जहां हालात आस्ट्रेलिया से एकदम अलग हैं ।'' पुजारा ने कहा,''उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती अलग अलग प्रारूप में तेजी से ढलने की है। टेस्ट क्रिकेट में आपको संयम की जरूरत होती है और प्रारूप के अनुसार रणनीति भी तेजी से बदलनी पड़ती है जो किसी भी शीर्ष स्तर के खिलाड़ी के लिये चुनौतीपूर्ण है।''

उन्होंने हालांकि कहा,''वह अभी युवा है लेकिन तेजी से परिपक्व हो रहा है । वह अच्छी कप्तानी कर रहा है और भारतीय टेस्ट टीम के हालिया फॉर्म से उसे मदद मिलेगी। उन्होंने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है । बतौर कप्तान इससे शुभमन का मनोबल बढ़ेगा।'' उन्होंने ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किये जाने का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा,''वह शानदार फॉर्म में हैं और अंतिम एकादश में चयन का हकदार भी है। मुझे लगता है कि वह छठे नंबर पर उतरेगा। पिच को देखते हुए तीन स्पिनर और दो तेज गेंदबाज उतारे जा सकते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** | वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-1 से जीती सीरीज, डफी बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

## न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से जीता पांचवां टी-20

**एजेंसी, हैदराबाद**

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां टी20 मैच 8 विकेट से जीतकर टी20 सीरीज को 3-1 से अपने नाम कर लिया है। न्यूजीलैंड दौरे पर आई वेस्टइंडीज टीम ने सीरीज का पहला मैच जीता था। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरा और तीसरा मैच जीता, लेकिन चौथा टी20 मैच बारिश के कारण बीच में ही रद्द कर दिया गया। अब पांचवां मैच जीतकर टीम ने सीरीज भी जीत ली।




यह मैच डुनेडिन में खेला गया। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज टीम को कप्तान शाई होप और एलिक अथानास ने शानदार शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे. अथानास 1 रन पर और शाई होप 11 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए अकीम ऑगस्टे 8 रन और शेरफेन रदरफोर्ड 0 और रोवमैन पॉवेल ने 11 रन पर विकेट गंवा बैठे।

इसके बाद टीम के लिए रोस्टन चेज और जेसन होल्डर ने स्कोर को आगे बढ़ाया। चेज 38 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि जेसन होल्डर ने भी 20 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड, जिन्होंने 3 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 36 रन जोड़े। वह टीम के टॉप स्कोरर रहे। इसके चलते वेस्टइंडीज की टीम 18.4 ओवर में केवल 140 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए जैकब डफी ने 4 विकेट चटकाए।

इसके बाद 141 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा कर रही न्यूजीलैंड को टिम रॉबिन्सन और डेवोन कॉनवे ने शानदार शुरुआत दिलाई और टीम के लिए अच्छी नींव रखी। उन्होंने पहले विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की लेकिन रॉबिन्सन 45 रन पर अपना विकेट गंवाकर अर्द्धशतक से चूक गए। उनके बाद आए रचिन रवींद्र भी सिर्फ 21 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, अंत तक मैदान पर टिके रहे एक और सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 4 चौकों और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए और मार्क चैपमैन ने 2 छक्कों की मदद से 21 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। वेस्टइंडीज के लिए शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 विकेट चटकाया। (अनंत ज्ञान)